# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• 24 मई 2025 शनिवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 09 • अंक : 7 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1653 :** जर्मन संसद ने फर्डिनेंड द्वितीय को ऑस्ट्रिया का राजा घोषित किया।

**1689 :** ब्रिटिश संसद ने प्रोटेस्टेंट इसाइयों को धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी दी।

**1954 :** माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली प्रथम भारतीय महिला बछेंद्री पाल का जन्म।

**1985 :** बांग्लादेश में आये चक्रवाती तूफान से दस हजार लोग मरे।

**2000 :** हिन्दी फिल्मों के प्रसिद्ध गीतकार और शायर मजरूह सुल्तानपुरी का निधन।

# देवघर श्रावणी मेला को दिया जाएगा और भव्य रूप : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 11 जुलाई से शुरू होने वाले विश्व प्रसिद्ध राजकीय श्रावणी मेला-2025 की तैयारियों को लेकर बाबा बैद्यनाथ धाम-बासुकीनाथ तीर्थ क्षेत्र विकास प्राधिकार एवं वरीय पदाधिकारियों के साथ शुक्रवार को उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। श्री लोक कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री ने राजकीय श्रावणी मेले से जुड़ी सारी तैयारियां ससमय पूरी करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि श्रावणी मेले में देश-विदेश से श्रद्धालु आते हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा और सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए। बैठक में अधिकारियों ने श्रावणी मेले की चल रही तैयारियों की अद्यतन स्थिति से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रावणी मेला हमारी आस्था का एक बड़ा केंद्र है। श्रावणी मेले से झारखंड को देश-दुनिया में विशिष्ट पहचान मिली है। हर वर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालु बाबा नगरी आते हैं। हर वर्ष इस विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले को काफी बेहतर तरीके से आयोजित करते आ रहे हैं। इस वर्ष भी लगभग 50 लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। ऐसे में वे यहां से बेहतर अनुभव लेकर जाएं, इसके लिए श्रावणी मेले में नई कड़ियों को जोड़ने के साथ इसे और भी भव्य स्वरूप देने की दिशा में आगे बढ़ें। इसके लिए जो भी जरूरतें होंगी, उसे उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रावणी मेले में सुरक्षा, स्वच्छता, विश्राम, पेयजल, बिजली ,पानी, शौचालय, स्नानागार, यातायात और स्वास्थ्य से संबंधित सारी व्यवस्थाएं पुख्ता होनी चाहिए। इसके लिए सभी विभाग आपस में समन्वय बनाकर तैयारियों को अंतिम रूप दें। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव से कहा कि वे श्रावणी मेले की तैयारियों को लेकर विभागों द्वारा की जा रही व्यवस्था की मॉनिटरिंग करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वे श्रावणी मेला के समापन तक के लिए मेला रूट में खाली पड़ी जमीन को लेने के लिए रैयतों से बात करें। अगर वे इसके लिए तैयार हो जाते हैं तो उस जमीन पर विश्राम गृह, शौचालय और स्नानागार की व्यवस्था करें ताकि श्रद्धालुओं को अच्छी व्यवस्था मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि मेले के समापन के बाद उस जमीन की पूरी साफ-सफाई कर उसके रैयत को वापस कर दें। मुख्यमंत्री ने महिलाओं और बच्चों के लिए अलग से रहने और भोजन की व्यवस्था करने का भी निर्देश अधिकारियों को दिया।



# मतदान केन्द्रों के ठीक बाहर मतदाताओं को मिलेगी मोबाइल जमा करने की सुविधा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची/ नई दिल्ली।** भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में बीते दिनों संपन्न हुए झारखंड सहित अन्य राज्यों के चुनावों से जुड़े विभिन्न स्टेक होल्डर्स के साथ भारत निर्वाचन आयोग का लगातार अनुभव शेयर हेतु कार्यक्रम किए जा रहे है। इसी के क्रम में अन्य राज्यों के पदाधिकारियों के साथ झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार एवं संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार भी नई दिल्ली में आयोजित चुनाव आयोग की बैठक में भाग लिया। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा बढ़ाने और मतदान दिवस की व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से विभिन्न पहलों के अनुरूप, चुनाव आयोग ने मतदान केन्द्रों के ठीक बाहर मतदाताओं के लिए मोबाइल डिपॉजिट सुविधा प्रदान करने और प्रचार के मानदंडों को युक्तिसंगत बनाने के लिए दो और व्यापक निर्देश जारी किए हैं। ये निर्देश लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 और निर्वाचन संचालन नियम, 1961 के प्रासंगिक प्रावधानों के अनुरूप हैं। शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में मोबाइल फोन के बढ़ते कवरेज और उपयोग तथा मतदान के दिन न केवल आम मतदाताओं, बल्कि वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और दिव्यांग मतदाताओं द्वारा मोबाइल फोन के प्रबंधन में आने वाली चुनौतियों को देखते हुए आयोग ने मतदान केंद्रों के ठीक बाहर मोबाइल जमा करने की सुविधा देने का निर्णय लिया है। भारत निर्वाचन आयोग के इस नए निर्णय के अनुसार मतदान केन्द्र के 100 मीटर के अन्दर केवल मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति होगी, वह भी बंद अवस्था में। मतदान केन्द्र के प्रवेश द्वार के पास बहुत ही साधारण पिजनहोल बॉक्स या जूट के बैग उपलब्ध कराए जाएंगे, जहां मतदाताओं को अपने मोबाइल फोन जमा कराने होंगे। मतदाता को मतदान केन्द्र के अन्दर मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। हालांकि, रिटर्निंग अधिकारी द्वारा प्रतिकूल स्थानीय परिस्थितियों के आधार पर कुछ मतदान केंद्रों को इस प्रावधान से छूट दी जा सकती है। निर्वाचन संचालन नियम, 1961 के नियम 49एम, जो मतदान केन्द्र के भीतर मतदान की गोपनीयता सुनिश्चित करता है, का सख्ती से पालन किया जाएगा। इसके अलावा चुनाव के दिन सुविधा में सुधार लाने के उद्देश्य से आयोग ने चुनावी कानूनों के अनुरूप मतदान केन्द्र के प्रवेश द्वार से 100 मीटर की दूरी तक प्रचार के लिए अनुमेय मानदंडों को युक्तिसंगत बनाया है। हालांकि मतदान के दिन मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में चुनाव प्रचार की अनुमति नहीं होगी।



# 350 करोड़ से होगा जमालपुर कारखाना का कायाकल्प : अश्विनी वैष्णव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुंगेर।** भारत सरकार के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव शुक्रवार को एक दिवसीय दौरे पर मुंगेर पहुंचे। इस दौरान एशिया के प्रसिद्ध रेल इंजन कारखाना के ईरमी सभागार में उन्होंने घोषणा की कि 350 करोड़ रुपये की लागत से जमालपुर कारखाना का कायाकल्प किया जाएगा। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, बिहार सरकार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा भी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि यह कारखाना भारत का सबसे पुराना कारखाना रहा है। इसके विकास को लेकर जो भी कार्य हैं, उन्हें जल्दी धरातल पर उतारा जाएगा। उन्होंने बताया कि जमालपुर रेल कारखाना के विकास के लिए रूपरेखा तैयार कर ली गई है। 350 करोड़ रुपये की लागत से जमालपुर कारखाना का विकास होगा। श्री वैष्णव ने बिहार के जमालपुर में रेलवे की आत्मनिर्भरता पर जोर दिया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि उन्नत प्रौद्योगिकी के विकास के साथ रेलवे वंदे भारत और नमो भारत जैसी नई ट्रेनों के निर्माण में आत्मनिर्भर बन रहा है। मुंगेर के जमालपुर में एक समारोह को संबोधित करते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में देश ने 50 हजार किलोमीटर रेलवे नेटवर्क का विद्युतीकरण किया है।



# बालिका सशक्तिकरण अभियान 2025 का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रामगढ़।** पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड द्वारा शनिवार को 'बालिका सशक्तिकरण अभियान 2025' का शुभारंभ किया गया। इस अभियान में परियोजना प्रभावित ग्रामों के सरकारी विद्यालयों की कक्षा पाँचवीं उत्तीर्ण बालिकाओं को शामिल किया गया है। इस पहल का उद्देश्य बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाना एवं उनके सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर सीईओ आर. के. सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। उनके साथ महाप्रबंधक मनीष खेतरपाल, जीएम प्रोजेक्ट्स अनुपम मुखर्जी, स्वर्णरेखा महिला मंडल की अध्यक्षा रीता सिंह, अन्य वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी एवं भाग लेने वाली बालिकाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत भाषण से हुई, जिसके उपरांत जेम पर आधारित एक प्रेरणादायक लघु फिल्म दिखाई गई, साथ ही सृजन के नन्हें कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। अभियान के तहत प्रतिभागी बालिकाओं को संवाद कौशल, कंप्यूटर साक्षरता, योग, आत्मरक्षा, संगीत, नृत्य, कला, विज्ञान और नेतृत्व जैसे विषयों पर विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह प्रयास उनके शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं नैतिक विकास को सशक्त रूप से सहयोग करेगा। 'जेम 2025' यह सिद्ध करता है कि एक सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई सामाजिक उत्तरदायित्व निभाते हुए किस प्रकार भविष्य की पीढ़ी को सशक्त बनाने में योगदान दे सकती है। यह पहल शिक्षा, समानता और सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणास्पद कदम है।



# गंगा में डूबे चार युवक, दो लापता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** नयागांव थाना क्षेत्र के नयागांव गंगा घाट पर आज गंगा स्नान करने के दौरान चार युवक डूब गए। इसमें दो युवकों को बचा लिया गया। जबकि दो गंगा में लापता हो गए हैं। उसकी खोजबीन की जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार रील बनाने के दौरान हादसा हुआ है। डूबे युवकों की पहचान नयागांव थाना क्षेत्र के महमदपुर गौतम निवासी निवासी अवधेश पासवान के बेटे कुंदन कुमार (21) और रामनरेश पासवान के बेटे सन्नी कुमार (22) के रूप में की गई है। एसडीआरएफ की टीम और स्थानीय गोताखोर शव की खोजबीन कर रहे है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कुंदन कुमार, सन्नी कुमार, रूपेश कुमार व दिलखुश कुमार मजदूरी करके जीवन यापन करते थे। चारों युवक मध्य विद्यालय बलहपुर के प्रांगण में बन रहे खेल के मैदान के ढ़लाई करने के लिए घर से निकले थे। बारिश के कारण वहां काम स्थगित हो गया। इसके बाद चारों युवक गंगा स्नान करने के लिए नयागांव गंगा घाट स्नान करने चले गए। कुंदन और सन्नी गंगा नदी में स्नान करने लगा जबकि रूपेश कुमार घाट किनारे बैठकर उसका वीडियो शूट करने लगा। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना नयागांव थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार और मटिहानी सीओ पृथा अखौरी को दी। सीओ पृथा अखौरी ने बताया कि सूचना मिलते ही स्थानीय गोताखोर और एसडीआरएफ की टीम को खोजबीन के लिए लगाया गया है।



# रांची का ट्रैवल एजेंट निकला आईएसआई का जासूस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** रांची के डोरंडा इलाके के एक युवक को आईएसआई का एजेंट होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी 'आईएसआई' के स्लीपर नेटवर्क से जुड़े दो एजेंटों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक आरोपित नेपाल का रहनेवाला अंसारुल मियां अंसारी है। जबकि दूसरा झारखंड की राजधानी रांची का रहनेवाला अखलाक आजम है। बताया जा रहा है कि अखलाक डोरंडा की रहमत कॉलोनी में रहता है और ट्रैवल एजेंट का काम करता था। फिलहाल, दोनों एजेंटों को गिरफ्तार कर तिहाड़ जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने पूरे मामले की जांच के बाद दोनों आरोपितों के खिलाफ चार्जशीट तैयार कर न्यायालय में दे दिया है।

**आईएसआई के नेटवर्क का खुलासा**

बता दें कि दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने सेंट्रल एजेंसियों के साथ मिलकर साल 2025 जनवरी से लेकर मार्च तक एक अभियान चलाया था। इसी दौरान सेल के सामने 'आईएसआई' के नेटवर्क का खुलासा हुआ था। स्पेशल सेल की टीम ने पाकिस्तान जाने की तैयारी में जुटे अंसारुल मियां अंसारी को दिल्ली से गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के दौरान उसके पास से सेना से जुड़े कई दस्तावेज बरामद किये थे। अंसारुल ने पूछताछ में अखालक का जिक्र किया था। इसी के आधार पर अखलाक आजम की गिरफ्तारी हुई।

**कतर में हुई थी आईएसआई हैंडलर से मुलाकात**

वहीं आईएसआई एजेंट अंसारुल ने पूछताछ में सुरक्षा एजेंसियों को बताया कि वह पहले कतर में कैब ड्राइवर का काम करता था। वहीं उसकी मुलाकात 'आईएसआई ' के एक हैंडलर से हुई थी। जिसके बाद उसे पाकिस्तान ले जाकर 'आईएसआई' के सीनियर अधिकारियों ने प्रशिक्षण दिया। उसके बाद उसे पाकिस्तान से उसे नेपाल के रास्ते दिल्ली भेजा गया था, ताकि वह दिल्ली समेत देश के किसी भी इलाके में आईएसआई की साजिश को अंजाम दे सके। साथ ही आईएसआई ने अंसारुल को भारतीय सेना से जुड़े महत्वपूर्ण और गोपनीय दस्तावेज तैयार कर एक सीडी में डाल कर पाकिस्तान भेजने की जिम्मेदारी दी थी। दूसरी ओर गिरफ्तार अखलाक आजम, आईएसआई एजेंट अंसारुल की भारतीय सेना से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज को पाकिस्तान पहुंचाने में मदद कर रहा था।

- **स्पेशल सेल की टीम ने किया गिरफ्तार**
- **पहला आरोपित नेपाल का रहनेवाला, जबकि दूसरा राजधानी रांची का**

# कल झारखंड आ रहे लोकसभा स्पीकर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला 25 मई को झारखंड आ रहे हैं। बतौर लोकसभा स्पीकर पहली बार उनका झारखंड आगमन हो रहा है। वह रांची और जमशेदपुर के कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। जमशेदपुर में जहां वे सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्लेटिनम जुबली समारोह में शामिल होंगे, वहीं रांची में विभिन्न समूहों द्वारा नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उसमें वह शिरकत करेंगे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का 25 मई यानी रविवार की सुबह 9:10 बजे रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर आगमन होगा। इसके बाद सुबह 9:20 बजे वे बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। दोपहर 12:15 बजे से दोपहर 2 बजे तक जमशेदपुर के लोयोला स्कूल के फैसी सभागार में सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्लेटिनम जुबली समारोह में शामिल होंगे। जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट से दोपहर 3:15 बजे वे रांची के लिए लौटेंगे। रांची में शाम 5:45 बजे से 7:40 बजे तक डंगराटोली के स्वर्णभूमि सभागार में विभिन्न समूहों द्वारा आयोजित नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।



# सरकारी स्कूलों के लाखों बच्चे 11 जून को रचेंगे इतिहास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के बच्चों को योग के प्रति जागरूक करने के लिए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग अंतर्गत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा योगमय झारखंड 2025-26 कार्यक्रम शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम के तहत 11 जून को राज्य के सभी सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में सामूहिक सूर्य नमस्कार होगा। इस दौरान लाखों विद्यार्थी अपने-अपने स्कूलों में एक साथ सूर्य नमस्कार कर इतिहास रचेंगे। यह सूर्य नमस्कार प्रातः 7:15 से 8 बजे तक होगा। सूर्य नमस्कार के दौरान छात्र योग प्रोटोकॉल अभ्यास भी करेंगे, जिसमें कुल 32 योगाभ्यास शामिल है। योग के प्रति स्कूली बच्चों को जागरूक करने और योग के माध्यम से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 12 जून को सभी सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में 'योग क्लब' का गठन किया जायेगा। इस क्लब में 7 सदस्य होंगे। प्रधानाध्यापक इसके अध्यक्ष, शारीरिक शिक्षा के शिक्षक सचिव, बाल संसद के प्रधानमंत्री, खेल मंत्री और स्वास्थ्य मंत्री सदस्य के अलावा योग के प्रति रूचि रखने वाले दो अन्य छात्र इसके सदस्य होंगे। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में 19 और 20 जून को योग आधारित प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी। इनमें विद्यालय स्तर पर पेंटिंग, निबंध और क्विज प्रतियोगिताएं होंगी। इन प्रतोयोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जायेगा।



# बिहार में 1.30 लाख शिक्षकों का स्थानांतरण 15 जून तक होगा स्कूलों का आवंटन

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के सरकारी स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों के लिए शिक्षा विभाग ने बड़ा कदम उठाया है। विभाग ने एक साथ 1.30 लाख शिक्षकों का ट्रांसफर कर उन्हें उनके नए जिला आवंटित कर दिया है। अब जिला शिक्षा पदाधिकारी स्तर पर इन शिक्षकों को स्कूल आवंटित किए जाएंगे। गर्मी की छुट्टियों के बाद शिक्षक अपने नए विद्यालयों में योगदान देंगे। शिक्षा विभाग ने शुक्रवार को स्थानांतरण संबंधी पत्र जारी करते हुए कहा कि 15 जून तक सभी स्थानांतरित शिक्षकों को स्कूल आवंटित कर दिया जाएगा। डीइओ, शिक्षकों द्वारा ट्रांसफर आवेदन में दिए गए विकल्पों और जिले में उपलब्ध रिक्तियों के आधार पर स्कूल का निर्धारण करेंगे। स्थानांतरित शिक्षक 23 से 30 जून के बीच अपने नए विद्यालय में योगदान देंगे। शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि योगदान की तिथि से ही शिक्षक स्वतः अपने पुराने विद्यालय से रिलीव माने जाएंगे। शिक्षकों का ट्रांसफर पूरी तरह ई-शिक्षा कोष पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है।


**सीएसआईआर-पारंपरिक ज्ञान अंकीय पुस्तकालय इकाई**

(डी.एस.आई.आर, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय का स्वायत्त निकाय)

14, सत्संग विहार मार्ग, नई दिल्ली-110067

दूरभाष: 011-47011293; ई-मेल: tkdlsupport@csir.res.in

विज्ञापन संख्या-TKDL/01/2025

योग्य उम्मीदवारों से "Digitization of Traditional Agricultural Practices of India" (HCP522401) and "Digitization of Traditional Agricultural Practices of India" (HCP522401) and "Digitization of Indian Traditional Practices on Minerals, Metals, Materials and Allied Areas" (HCP522403) परियोजनाओं में पूरी तरह से अस्थायी स्टाफ हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पद, डोमेन क्षेत्र और पदों की संख्या का विवरण नीचे दिया गया है।

| Sl. No. | Project Code | Position(s) | Domain area | No. of position(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | HCP522401/522403 | Project Associate I | Patents | 2 |
| 2. | HCP522401/522403 | Senior Project Associate | Sanskrit | 2 |

विस्तृत विज्ञापन सीएसआईआर की website www.csir.res.in पर उपलब्ध है।

**आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि: 6th June 2025**

उप-सचिव

सीएसआईआर-टीकेडीएल इकाई

CBC-36202/11/0006/2526

# गंगा की जगह भूमिगत पानी ले रहा पेप्सी प्लांट: 12 फीट गिरा जलस्तर

**रोज लाखों लीटर पानी निकालती कंपनी**

## गिरिराज बोले- बंद हो प्लांट

**बेगूसराय, एजेंसी।** बेगूसराय के बरौनी में बियाडा (बिहार इंडस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी) की जमीन के 10-20 किमी के दायरे में 3 साल में 20 फीट तक जलस्तर गिर गया है। भूगर्भ शास्त्री और ग्रामीणों का कहना है ऐसा पेप्सी कंपनी के बॉटलिंग प्लांट के कारण हो रहा है। प्लांट में मोटे-मोटे 8 बोरिंग प्लांट में हुए, जिसमें 2 बोरिंग पिछले साल फेल हो गए, 6 बोरिंग से लगातार हर दिन करीब 12 लाख लीटर पानी निकाला जा रहा है। जिसके कारण इलाके का जलस्तर लगातार गिर रहा है। ढाई साल पहले जहां पर 15 से 20 फीट के लेवल पर पानी आता था, वहां 40 फीट पर पानी पहुंच गया है। चापाकल से पानी कम आ रहा, कई बोरिंग फेल हो रहे हैं। इसके कारण आसपास के करीब 7 गांव की 30 हजार से अधिक की आबादी ने विरोध शुरू कर दिया है।

लोग चाहते हैं कि प्लांट बंद हो जाए या प्लांट अपने लिए दूसरी व्यवस्था करे। लोगों का कहना है कि पानी से बदबू भी आने लगा है। वहीं, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने भी पेप्सी के प्लांट का विरोध जताया है, उनका कहना है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उद्घाटन करने आए थे तो उन्होंने कहा था कि पेप्सी गंगा से जल लेकर अपना उत्पादन करेगा और पानी हार्वेस्ट किया जाएगा, लेकिन न तो गंगा से जल ले रहे हैं और न ही हार्वेस्ट कर रहे हैं। प्लांट बंद करना होगा।

**समस्या किसी ने नहीं सुनी तो लोगों ने चलाया हस्ताक्षर अभियान :** सीएम नीतीश कुमार ने 15 अप्रैल 2022 को प्लांट का उद्घाटन किया था। लोगों को लगा था कि बेगूसराय का विकास होगा, लेकिन उद्घाटन के 3 साल बाद ही लोग चाह रहे कि प्लांट बंद हो जाए। जल स्तर में यह कमी सिर्फ पेप्सी के बॉटलिंग प्लांट वरुण बेवरेज प्राइवेट लिमिटेड के आसपास ही नहीं, बल्कि असुरारी, बथौली, मालती, पपरौर, हवासपुर, बीहट से लेकर पकठौल तक के गांव में हो गई है। लोग परेशान हैं, लेकिन इनकी कोई सुन नहीं रहा है। पिछले 1 साल से आंदोलन के बाद भी जब स्थानीय लोगों की बात किसी ने नहीं सुनी तो व्यापक पैमाने पर हस्ताक्षर अभियान शुरू किया गया है। जिसके प्रथम चरण में 10,000 हस्ताक्षर करके आवेदन डीएम को सौंपने का लक्ष्य है। इसके लिए बड़ी तेजी से हस्ताक्षर कराए जा रहे हैं।

**प्लांट को हमारे माथे पर थोप दिया गया :** आंदोलन का नेतृत्व कर रहे प्रियम रंजन ने बताया कि 2022 में यहां पेप्सी प्लांट लगा। जब से प्लांट लगा है, जल संकट शुरू हो गया है। सिंचाई तक आफत हो गई है। जिस प्लांट को दक्षिण भारत, यूपी के हरदोई, बिहार के हाजीपुर से भगाया गया,




हाजीपुर में अभी भी पानी की समस्या बरकरार है, उस प्लांट को हमारे माथे पर थोप दिया गया। हम लोग ऐसे ही पानी से जूझ रहे हैं। हम बेगूसराय वाले पहले ही दुनिया के सबसे प्रदूषित शहर थे। एक पानी बचा था, उसकी भी स्थिति गड़बड़ा रही। पानी में आयरन सहित ऐसे केमिकल मिल रहे हैं जो शरीर, त्वचा और जीवन के लिए हानिकारक हैं। इसी के लिए हमने हस्ताक्षर अभियान शुरू किया है। पेप्सी से फायदा- रोजगार तो मिला नहीं, ऊपर से हम लोग जल संकट झेल रहे हैं। तालाब सूखा है, हमारा पानी ही निकाल कर पूरी दुनिया को पहुंचाया जा रहा है। यह उत्तर भारत का सबसे अधिक कैपेसिटी का बॉटलिंग प्लांट है। हम लोग पेप्सी प्लांट से लेकर बेगूसराय के डीएम कार्यालय तक पदयात्रा करेंगे। मांग करेंगे की इस पर कार्रवाई हो, कार्रवाई नहीं हुई तो बड़े स्तर पर आंदोलन होगा।

**भूगर्भीय जल हम गरीब लोगों के लिए है :** बीहट निवासी राजेश ने कहा कि पहले जलस्तर अच्छा था। हम लोग पानी से धनी थे, लेकिन जब से पेप्सी प्लांट लगा है, तब से पानी का दोहन हो रहा है। 10 फीट तक अगल-अलग इलाके में लेवल डाउन हो रहा है। हमारी आने वाली पीढ़ी को काफी परेशानी होगी। ये समस्या बहुत आगे तक जाएगी। पेप्सी तो प्लांट बंदकर चला जाएगा, लेकिन हमारा परिवार-समाज पानी की समस्या से जूझता रहेगा। पेप्सी को भूगर्भीय जल नहीं निकालना चाहिए। बगल में गंगा जी हैं, वहां से पानी ले ले या फिर कोई व्यवस्था करे। भूगर्भीय जल हम गरीब लोगों के लिए है।

**100 फीट तक बोरिंग करवाना पड़ रहा है :** असुरारी निवासी खिरण सिंह बताते हैं कि अब 100 फीट पाइप डलवाने पर पानी निकलता है। जब से पेप्सी आया है, तब से यही हाल है। इसका तो सिर्फ पानी का ही कारोबार है। 100 गाड़ी पानी रोज बाहर भेजा जाता है। पानी कहां से मिलेगा। पहले 40 फीट पर बोरिंग में काम चल जाता था, अब 100 फीट करवाना पड़ता है, तब पानी मिलता है।

**पानी में बदबू भी है :** पपरौर निवासी रेखा देवी ने बताया कि पानी की बहुत समस्या है। पहले वैशाख में भी पानी की समस्या नहीं होती थी। अब चापाकल पानी ही नहीं देता है, जब से पेप्सी प्लांट खुला, यह हाल हो गया है। 10-20 हैंडल में थोड़ा सा पानी निकलता है, पानी बहुत बदबू देता है।

**30 बार चापाकल का हैंडल चलाने पर भरती बाल्टी :** उषा देवी ने बताया कि जब से पेप्सी प्लांट खुला है, काफी परेशानी है। पहले 10 बार चापाकल का हैंडल चलाने पर बाल्टी भर जाती थी, अब 25-30 हैंडल में भी बाल्टी नहीं भरती है। शुगर पेशेंट हैं, चापाकल चलाने में बड़ी परेशानी होती है, स्नान करना मुश्किल हो जाता है। हम गरीब लोग किसको क्या कहें।

**आने वाले दिनों में पानी खरीदना पड़ेगा :** मनोज कुमार पाठक का कहना है कि चापाकल का स्तर दिनों-दिन नीचे गिरता जा रहा है। पेप्सी खुलने के कुछ दिन बाद ही परेशानी शुरू हो गई। दिनों दिन जलस्तर नीचे ही जा रहा है, आने वाले समय में हम लोगों पर बहुत प्रभाव पड़ने वाला है। पानी खरीदना पड़ेगा।

**नेता-मंत्री आते हैं, फोटो खिंचवाकर चले जाते :** राजकुमार राय ने बताया कि पेप्सी का प्लांट लगने से पानी का लेयर काफी नीचे चला गया है। कभी-कभी स्नान करने के लिए सोचना पड़ता है। कई बार बगैर स्नान किए ही ऑफिस जाना पड़ता है। पानी की बहुत गंभीर समस्या है, समस्या को लेकर लगातार पेप्सी और अधिकारियों को आवेदन दे रहे हैं, लेकिन इस पर किसी प्रकार का कोई संज्ञान लिया जाता है। नेता-मंत्री आते हैं, अपना काम करके निकल जाते हैं, उन लोगों को आवेदन देने से कोई फायदा नहीं है। हम लोग ऐसे जनप्रतिनिधि को चुन कर लाए हैं जो सिर्फ फोटो खिंचवाने के लिए आते हैं। काम की बात करें तो वह कुछ करते ही नहीं। पानी की स्थिति यही रही तो मरना पड़ेगा और कोई विकल्प नहीं है। वातावरण दूषित हो गया है, जलस्तर नीचे जा रहा है, लोग करें भी तो क्या करें, मरने के सिवा कोई विकल्प नहीं है। हवासपुर, पपरौर, असुरारी, बीहट, बथौली सहित पूरे क्षेत्र में पानी की जटिल समस्या है।

**गर्मी में समस्या ज्यादा गंभीर हो रही :** चापाकल बोरिंग मिस्त्री सुधीर पासवान का कहना है कि पहले 15 से 20 फीट पर पानी मिल जाता था। अभी 35 से 40 फीट पर पानी मिलता है, गर्मी के समय में तो अब काफी तेजी से जलस्तर भाग रहा है। पूरे इलाके में यह समस्या हो रही है। पेप्सी प्लांट खुलने के बाद से और जलस्तर लगातार नीचे जा रहा है।

**इंडस्ट्री जो बल्क में पानी निकाल रही, पॉलिसी बनानी होगी :** भूगर्भ शास्त्री और जीडी कॉलेज में भूगोल के एचओडी डॉ. रविकांत आनंद कहते हैं कि बिहार मैदानी क्षेत्र में आता है। नदियों के मामले में हमारा बिहार बहुत रिच है। भारत की सबसे बड़ी नदी गंगा बिहार के बीचो-बीच से गुजरती है और गंगा के बगल में हमारा बेगूसराय है। यहां बहुत सारे इंडस्ट्री लग रहे हैं और उसके लिए पानी की आवश्यकता होती है। हमारा बिहार मानसून पर निर्भर करता है। 3-4 महीना मानसून होता है, उसी में हमारा अंडरग्राउंड वाटर रिचार्ज होता है, लेकिन 3-4 महीने में जितना अंडरग्राउंड वाटर रिच नहीं होता है। उससे अधिक अंडरग्राउंड वाटर निकाला जा रहा है। इसके कारण वाटर लेवल धीरे-धीरे नीचे की ओर जा रहा है। यदि ऐसा चलता रहा तो आगे भविष्य में सरकार, हमें और सब को यह सोचना होगा कि अंडरग्राउंड वाटर को कैसे बचाया जा सके। इसका एक ही उपाय है कि रेन वाटर हार्वेस्टिंग करें, लेकिन सिर्फ रेनवाटर हार्वेस्टिंग से नहीं होगा। इंडस्ट्री जो बल्क में पानी निकाल रही है, उसको पॉलिसी बनानी होगी। जिससे कि वहां के आसपास के लोगों को दिक्कत नहीं हो, खेती करने में दिक्कत नहीं हो और उनका भी काम हो। हम लोग चाहते हैं कि अंडरग्राउंड वाटर को लेकर जल्द से जल्द ऐसा प्लान बने की अंडरग्राउंड वाटर कैसे बचे। प्लांट के एक अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि लोगों को भ्रम है कि पेप्सी कंपनी लगी है, तो ज्यादा पानी खींच रही है। हम जितना पानी खींचते हैं, उससे ज्यादा सोसाइटी को देते हैं। गवर्नमेंट ने जो एनओसी दी है, उसमें कंडीशन है कि 50 प्रतिशत पानी रिचार्ज करना है। हम उससे ज्यादा पानी रिचार्ज करते हैं। लोगों को भ्रम है कि लेवल डाउन हो रहा है। हमने पानी की गहराई मापने के लिए मीटर लगा रखे हैं, उसका डाटा ऑनलाइन जाता है। हम पानी को चार्ज करते हैं वाटर हार्वेस्टिंग से वाटर लेवल बढ़ रहा है, घट नहीं रहा है। हम जमीन के अंदर पानी फिल्टर करके भेजते हैं। साल में करीब ढाई लाख हजार लीटर हम लोग यूज करते हैं।

### गिरिराज सिंह बोले, किसानों को पटवन में भी परेशानी

स्थानीय सांसद और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह कहते हैं कि पेप्सी का प्लांट जब से खुला है लोग परेशान हैं। यहां के लोग हस्ताक्षर अभियान चला रहे हैं। पेप्सी के कारण भूगर्भीय जलस्तर काफी नीचे गिर रहा है। पानी पीने में कठिनाई हो रही है, किसानों को पटवन में परेशानी हो रही है। 10 से 20 किलोमीटर तक जलस्तर काफी नीचे जा रहा है। जलस्तर पहले भी गिर रहा था, लेकिन जब से पेप्सी का प्लांट खुला है, तब से और ज्यादा जलस्तर गिर रहा है।

### उद्घाटन के वक्त एचआर ने क्या कहा था ?

पेप्सिको की फ्रेंचाइजी कम्पनी वरुण बेवरेजेज लिमिटेड के एचआर हिमांशु ठाकुर ने कहा था कि बॉटलिंग प्लांट विश्व स्तरीय उन्नत तकनीक से युक्त पूर्वोत्तर भारत का सबसे बड़ा पेप्सी बॉटलिंग प्लांट का शुभारंभ किया जा रहा है। जिसकी उत्पादन क्षमता शीतल पर 16.22 मिलियन केस और पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर 8.34 मिलियन केस, पैक्ड जूस 7.02 मिलियन केस है। उत्पादन के रूप में यहां पेप्सी से संबंधित मिरांडा, मोटेण्ड्यू, सेवनअप सहित अन्य पेय पदार्थ तैयार किये जायेंगे। कहा कि मार्च 2021 से कार्य शुरू किया गया था।

### कंपनी 13 लीटर हर दिन पानी निकाल रही

बीहट निवासी और पर्यावरण के क्षेत्र में काम करने वाले डॉ. कुंदन कुमार ने बताया कि वाटर लेवल कम होने का कारण पानी का गलत इस्तेमाल है। यह गंगा का मैदानी भाग है। यहां वरुण बेवरेज के नाम से पेप्सी का उत्पाद बनाने वाली कंपनी खुली। कंपनी 12-13 लाख लीटर हर दिन भूगर्भ से जल निकाल रही है। जिससे क्षेत्र में जल स्तर लगातार नीचे गिर रहा है। लोगों ने जब आवाज उठाई तो पेप्सी ने कहा कि हमने वाटर रिसाइक्लिंग के लिए 2 तालाब बनाकर रखे हैं, 27000 पौधे लगाएं हैं। सवाल उठता है कि बियाडा ने केवल 55 एकड़ जमीन दी है, जिसमें प्लांट है, तालाब है। 27000 पेड़ लगाने के लिए कम से कम 263 एकड़ भूमि चाहिए। पेप्सी वाले कहते हैं कि हम वाटर रिसाइक्लिंग करते हैं तो जलस्तर ऊपर आ रहा है। पेप्सी झूठा आंकड़ा पेश कर रहा है। पेप्सी वाले बताएं कि हरदोई, हाजीपुर और दक्षिण के राज्यों से करोड़ों पूंजी निवेश के बाद 5 साल में ही क्यों भाग गए। इसका सीधा कारण है कि जहां वह प्लांट लगाते हैं, वहां जलस्तर घटता है। पानी निकालने के बाद कंपनी भाग जाती है। 2 साल पहले सबमर्सिबल लगाए थे, अब मिस्त्री कहता है कि 10 फीट लेयर नीचे चला गया है और पाइप लगाना होगा।

---

## प्रजापति समाज की हुंकार रैली होगी एतिहासिक

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** अगामी 25 मई को मिलर हाईस्कूल पटना में होने वाले प्रजापति हुंकार रैली की तैयारी को लेकर बिहार कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष शिव शंकर पंडित के नेतृत्व में बुधवार को कई जगह बैठक हुई। साहु रोड मूर्ति गली गणेश पंडित के आवास, हरिसभा चौक, अघोरिया बाजार, कच्ची पक्की, रतवारा में जनसंपर्क कर समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में रैली में भागीदारी की अपील की गई। उन्होंने कहा कि यह रैली एतिहासिक होने वाली है। समाज के सभी लोग उत्साहित हैं। उस दौरान प्रदेश संगठन सचिव शंकर पंडित, जिला अध्यक्ष डॉ. रामनरेश पंडित, जिला सचिव दीनेश्वर पंडित, पूर्वी अनुमंडल अध्यक्ष यदुनंदन पंडित ने संयुक्त रूप से कहा कि कुम्हार समाज की राजनैतिक, आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़ेपन की बात सभी राजनैतिक दल करते हैं। मगर सत्ता, पद और सरकार में भागीदारी की बात वे नहीं करते हैं। अब कुम्हार समाज अनदेखी स्वीकार नहीं करेगा।

## शहीद संतोष यादव के परिजनों से मिले तेजस्वी हर संभव मदद का दिलाया भरोसा



**भागलपुर, एजेंसी।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव गुरुवार देर शाम भागलपुर पहुंचे। इस्माइलपुर के भिट्ठा गांव में शहीद संतोष यादव परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। शहीद की तस्वीर पर माल्यार्पण कर

### सरकार से शहीद की पत्नी को सरकारी नौकरी देने की मांग

श्रद्धांजलि दी और संवेदना जताई। परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार की घोषणा के अनुसार 50 लाख रुपए दिलवाने के लिए प्रयास करेंगे। शहीद की पत्नी को राज्य सरकार सरकारी नौकरी दे। संतोष यादवने देश की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। उनकी वीरता, निष्ठा और देशभक्ति हर भारतीय के लिए प्रेरणा स्रोत बनी रहेगी। शौर्य, पराक्रम और बलिदान देश के लिए गर्व की बातहै। गांव में उनके नाम से रोड बनाया जाए और अस्पताल का नामाकरण भी होना चाहिए। तत्काल आर्थिक मदद की भी घोषणा की।

### सत्ता सिर्फ कुर्सी का नाम नहीं है

वहीं, बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. चक्रपाणि हिमांशु ने कहा कि आरजेडी शहीद संतोष यादव के परिवार के साथ है। तेजस्वी यादव मानवीय संवेदना, करुणा और नैतिक सामाजिक जिम्मेदारी के प्रतीक हैं। सत्ता सिर्फ कुर्सी का नाम नहीं है, बल्कि यह जमीन से जुड़े रहने और लोगों के दुख दर्द को समझने का नाम है। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद संजय यादव, झारखंड सरकार में मंत्री संजय यादव, पूर्व विधायक रामविलास पासवान, पूर्व विधायक अमित राणा, आरजेडी नेता अवनीश कुमार, अलख निरंजन पासवान, गौतम बनर्जी, शैलेश यादव, संजय मंडल, मो. कलीम खान, सुभाष यादव समेत कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।




## अररिया कोर्ट ने दो तस्करों को सुनाई 6 साल की सजा: शराब तस्करी मामले में सुनाया फैसला

**अररिया, एजेंसी।** अररिया व्यवहार न्यायालय के एक्सक्लूसिव एक्ससाइज कोर्ट-02 ने शराब तस्करी के दो आरोपियों को 6 साल की सजा सुनाई है। न्यायाधीश संतोष कुमार गुप्ता की अदालत ने मुजफ्फरपुर निवासी चालक बलेन्द्र कुमार और वैशाली निवासी खलासी विकास कुमार को दोषी करार दिया। दोनों को 2-2 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। साथ ही जुर्माना नहीं भरने की स्थिति में दोनों को 6-6 माह की अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतनी होगी।

**तेल टैंकर में छिपाकर कर रहे थे तस्करी :** यह मामला 28 जनवरी 2025 का है। उत्पाद विभाग की टीम ने दोपहर 12 बजे अररिया जीरो माइल पर एक तेल टैंकर की तलाशी ली थी। तलाशी के दौरान टैंकर के चेंबर से 1800 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई थी। आरोपियों ने शराब को बड़ी चालाकी से छिपा रखा था, लेकिन उत्पाद विभाग की सक्रियता से मामला उजागर हो गया।

**सरकारी वकील की पैरवी से हुआ फैसला :** सरकार की ओर से इस मामले की पैरवी स्पेशल पब्लिक प्रॉसिक्यूटर रामा नंद मंडल ने की। कोर्ट ने उनके द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर दोनों आरोपियों को दोषी करार दिया। वहीं, बचाव पक्ष की ओर से सजा में नरमी बरतने की अपील की, जिसे अदालत ने खारिज कर दिया।

**कड़ा संदेश, शराब माफिया पर लगेगी लगाम :** यह फैसला उत्पाद स्पेशल 714/2025, कांड संख्या 37/25 के तहत सुनाया गया है। स्थानीय प्रशासन और उत्पाद विभाग इसे शराब तस्करी के खिलाफ एक मजबूत और संदेशात्मक कार्रवाई मान रहे हैं। इस फैसले से शराब माफियाओं के हौसले पस्त होंगे और कानून-व्यवस्था को मजबूती मिलेगी।



## बिहार में एक और रूट पर नमो भारत ट्रेन चलाने की तैयारी, 2 शहरों में विकल्प देख रहा रेलवे

**पटना, एजेंसी।** बिहार में एक और रूट पर नमो भारत (वंदे मेट्रो) ट्रेन चलेगी। पटना से गयाजी या बक्सर के लिए नमो भारत ट्रेन चलाने की तैयारी की जा रही है। रेलवे द्वारा दोनों रूट पर पर इस ट्रेन के परिचालन की फिजिबिलिटी देखी जा रही है। हाल ही में पटना से मधुबनी जिले के जयनगर तक बिहार की पहली नमो भारत ट्रेन चलाई गई थी। अब पटना से एक और शहर के लिए यह ट्रेन चलाने की तैयारी है। दरअसल, जयनगर वाली नमो भारत ट्रेन का रैक 8 घंटे तक पटना जंक्शन रेलवे स्टेशन पर खड़ा रहता है। यह ट्रेन सुबह 10 बजे पटना पहुंच जाती है और शाम 6 बजे के आसपास जयनगर के लिए रवाना होती है।

इस बीच की अवधि का इस्तेमाल अन्य मार्गों पर करने को लेकर लगातार मांग की जा रही है। ऐसे में रेलवे यह विचार कर रहा है कि इस अवधि में इसका परिचालन पटना से बक्सर या गयाजी के लिए किया जाए। अभी तक रेलवे ने आधिकारिक तौर पर कोई भी फैसला नहीं लिया है। पटना से बक्सर और गयाजी, इन दोनों मार्गों पर नमो भारत ट्रेन के परिचालन की अवधि देखी जाएगी। इसके बाद ही रेलवे निर्णय लेगा। दानापुर रेल मंडल के एडीआरएम आधार राज ने कहा कि दोनों मार्गों में से जिस मार्ग पर चलाना सुगम और अनुकूल होगा, वहां नमो भारत ट्रेन चलाई जाएगी। पटना-जयनगर नमो भारत ट्रेन की शुरुआत पिछले महीने ही हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 24 अप्रैल को वर्चुअल तरीके से हरी झंडी दिखाकर इसे रवाना किया था। पटना से जयनगर के बीच सप्ताह में 6 दिन यह ट्रेन चल रही है। पहले इसका नाम वंदे मेट्रो था। इसका किराया 85 रुपये से शुरू होकर अधिकतम 340 रुपये है। नमो भारत ट्रेन को कम दूरी वाले शहरों के बीच चलाने के लिए डिजाइन किया गया है। यह पूरी तरह वातानुकूलित ट्रेन है।

## राहुल गांधी की सभा के लिए राजगीर में हॉल खाली नहीं, अब जून में होगा बिहार दौरा

**पटना, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी का बिहार दौरा मई के बजाय अब जून में होगा। पहले 27 मई को नालंदा में पिछड़ा वर्ग के छात्रों के साथ संवाद कार्यक्रम में उनके आने का कार्यक्रम था। संविधान सुरक्षा सम्मेलन आयोजन समिति के सदस्य मंजीत आनंद साहू ने बताया कि इस महीने राजगीर में कार्यक्रम के लिए कन्वेंशन हॉल खाली नहीं है। इस वजह से अब राहुल गांधी का जून के दूसरे सप्ताह में बिहार दौरा होने की संभावना है। राहुल गांधी अब अगले महीने नालंदा जिले के राजगीर में संविधान सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित करने के साथ ही पिछड़े वर्ग के छात्रों के साथ संवाद करेंगे। हालांकि अभी तारीख तय नहीं हुई है। बता दें कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का इस साल यह पांचवां बिहार दौरा होगा। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव से पहले वे 2025 में 4 बार राज्य के दौरे पर आ चुके हैं। राहुल गांधी ने इस साल की शुरुआत में 18 जनवरी को पटना के बापू सभागार में संविधान सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित किया था। इसके बाद 5 फरवरी और 7 अप्रैल को पटना के एसके मेमोरियल हॉल में उन्होंने विभिन्न कार्यक्रम में शिरकत की। इसके बाद इस माह 15 मई को भी बिहार आए थे और दरभंगा में छात्र संवाद के बाद पटना के सिनेमा हॉल में ज्योतिबा फुले के जीवन पर आधारित फिल्म फुले देखी थी।



## हिन्दू मंदिर में करिए शिवलिंग की पूजा महाबोधि मंदिर बौद्ध को सौंप दीजिए: आठवले



**पटना, एजेंसी।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने सलाह दी है कि बोधगया का महाबोधि महाविहार मंदिर बौद्ध लोगों के हवाले कर देना चाहिए। आठवले ने महाबोधि मंदिर के गर्भगृह में भगवान बुद्ध के ठीक सामने स्थापित शिवलिंग की पूजा परिसर में ही बने हिन्दू मंदिर में करने की भी सलाह दी और कहा कि बुद्ध मंदिर में शिवलिंग की पूजा ठीक नहीं है। बौद्ध धर्म को मानने वाले आठवले ने गुरुवार को पटना में एक पत्रकार सम्मेलन के दौरान बोधगया मंदिर प्रबंध समिति से हिन्दुओं को हटाकर सिर्फ बौद्धों को रखने की मांग को लेकर गया में चल रहे आंदोलन पर भी अपनी बात रखी।

बता दें कि बिहार सरकार द्वारा बनाए गए बोधगया मंदिर कानून 1949 के तहत बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति (बीटीएमसी) ही महाबोधि मंदिर परिसर की व्यवस्था देखती है। 1953 में लागू इस कानून के मुताबिक समिति में अध्यक्ष समेत 9 सदस्य हो सकते हैं। 4 बौद्ध और 4 हिन्दू सदस्यों के अलावा गया के पदेन डीएम समिति के अध्यक्ष होते हैं। पहले डीएम भी तभी अध्यक्ष हो सकते थे जब वो हिन्दू हों और ऐसा ना होने पर राज्य सरकार किसी हिन्दू को अध्यक्ष मनोनीत करती थी। 2013 में नीतीश कुमार की सरकार ने इसमें संशोधन करके डीएम के लिए हिन्दू धर्म का होने की शर्त हटा दी जिससे कोई भी डीएम हो, वो समिति का चेयरमैन बनाया जा सके। आठवले ने पटना में मंदिर प्रबंध समिति को लेकर कहा- पूरे देश के बौद्ध लोगों की ये मांग है कि 1949 में जो बिहार विधानसभा ने कानून बनाया, उसमें इस ट्रस्ट में चार लोग बौद्ध, चार लोग हिन्दू और कलेक्टर हिन्दू होगा तो वो होगा। मेरा कहना है कि अगर हिन्दू मंदिर में कोई बौद्ध ट्रस्टी नहीं होता है तो हमारे ट्रस्ट मेंज कानून होगा लेकिन वो संविधान लागू होने के पहले का है।

उस कानून को बदलना चाहिए और उसमें 8 ट्रस्टी जो हैं, 8 ट्रस्टी बुद्धिस्ट होने चाहिए। हमारी एक ही मांग है। हिन्दू विरोधी मांग नहीं है। बौद्धों का मंदिर बौद्धों के हवाले कर दो। महाबोधि मंदिर के गर्भगृह में स्थापित शिवलिंग और उसकी पूजा को लेकर आठवले ने पत्रकारों से कहा- शिवलिंग की पूजा हिन्दू धर्म के लोगों को करनी है, उनका तो धर्म है, लेकिन वो बुद्ध मंदिर, बुद्ध विहार में नहीं होना चाहिए। शिवलिंग पूजा जरूर होनी चाहिए लेकिन वो पूजा बुद्ध मंदिर के परिसर में होना ठीक नहीं है। हिन्दू मंदिर भी बगल में है, वहां वो पूजा होती तो अच्छी बात है। वो भी पूजा करें।

### कुशवाहा ने कांग्रेस से पूछा था कि

अगले दिन 4 अप्रैल को राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने भी राज्यसभा में इस मसले को उठाया था। वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिमों को रखने का विपक्षी दलों के विरोध के जवाब में उपेंद्र कुशवाहा ने कांग्रेस को याद दिलाया कि उसकी सरकार ने बिहार में बोधगया मंदिर कानून बनाया था, जिसमें हिन्दुओं को रखा गया। कुशवाहा ने कांग्रेस से पूछा था कि तब आपको नहीं लगा था कि बौद्ध मंदिर है तो सिर्फ बुद्धिस्टों को ही होना चाहिए। उन्होंने किरेन रिजिजू को उनके भी बौद्ध धर्म से होने की याद दिलाते हुए कहा था कि दुनिया भर में संदेश गया है कि बोधगया में आंदोलन चल रहा है। कुशवाहा ने कहा था कि एक ही मंदिर की बात है, सरकार बौद्धों को सौंप दे और उसके प्रबंधन का काम बुद्धिस्टों को अपने हिसाब से करने दे।

## संक्षिप्त समाचार

### चिड़िया में आंधी और पानी ने मचायी तबाही, घर के ऊपर गिरा पेड़, कई घायल

**पश्चिमी सिंहभूम, एजेंसी।** जिले के मनोहरपुर प्रखंड में बुधवार की शाम तेज आंधी–तूफान ने चिड़िया और आसपास के क्षेत्र में खूब तबाही मचायी। देर शाम करीब 8 बजे तेज आंधी और पानी के बीच चिड़िया के बाजार हाता में एक बड़ा पेड़ दो घरों के ऊपर गिर गया। इस हादसे में बाजार हाता निवासी 71 वर्षीय लक्ष्मी खंडाईत, 60 वर्षीय सुलेखा हरिजन, 37 वर्षीय अमर हंस घायल हो गये। तीनों का सिर फट गया। इधर सीमान निवासी 50 वर्षीय राम संडील के घर का टीना उड़ गया, जिसे बचाने के दौरान राम संडील का बायां हाथ बुरी तरह जख्मी हो गया। सभी घायलों को इलाज के लिए चिड़िया के सेल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दूसरी ओर जोरदार हवा से चिड़िया माइंस रोड में दर्जनों की संख्या में पेड़ गिर गये, जिससे माइंस से लौट रहे दर्जनों मजदूर सेल कर्मी व सेल अधिकारी रास्ते में फंस गये। देर रात सभी को वहां से बाहर निकाला गया और सुरक्षित चिड़िया लाया गया।

### गुमला में होटल संचालक का शव मिला: बंद घर से सड़ी हुई लाश बरामद, एक सप्ताह से बंद था दरवाजा

**गुमला, एजेंसी।** गुमला के भरनो क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह एक होटल संचालक का शव उसके बंद घर से बरामद किया गया है। मृतक की पहचान गढ़ाटोली गांव के 50 वर्षीय गंदूर उरांव के रूप में हुई है। मिशन चौक स्थित दामाद के घर में अकेले रहने वाले गंदूर एक छोटा होटल चलाते थे। पिछले एक सप्ताह से उनका घर बाहर से बंद था। शुक्रवार को घर के आसपास दुर्गंध आने पर उनके दामाद ने दरवाजा तोड़कर देखा तो गंदूर का शव बेड के नीचे पड़ा मिला। परिजनों के अनुसार, गंदूर शराब का अधिक सेवन करता था। वह पीछे के दरवाजे से घर में प्रवेश करता था और अंदर से दरवाजा बंद कर लेता था। उसकी बेटी और दामाद बगल के घर में रहते हैं। सूचना मिलते ही सब इंस्पेक्टर मंटू चौधरी दल–बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को प्लास्टिक में लपेटकर बाहर निकाला गया। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया है। शव की स्थिति से अनुमान लगाया जा रहा है कि मौत करीब 5 दिन पहले हुई होगी। भरनो पुलिस मौत के कारणों की जांच कर रही है।

### जामताड़ा पुलिस ने साइबर अपराधी मुख्तार अंसारी को किया गिरफ्तार

**जामताड़ा, एजेंसी।** जामताड़ा साइबर पुलिस ने कर्माटांड़ थाना क्षेत्र के मोहालीडीह गांव से साइबर अपराधी मुख्तार अंसारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को गुप्त सूचना के आधार पर यह सफलता मिली। एसपी डॉ.एहतेशाम बकारीब के अनुसार, मुख्तार अंसारी एक हिस्ट्रीशीटर है। वह पहले भी साइबर अपराध के मामलों में जेल जा चुका है। उसके पास से 16 लाख 58 हजार रुपए नकद, 6 मोबाइल फोन और 5 सिम कार्ड मिले हैं। मुख्तार अंसारी ने पश्चिम बंगाल, बिहार, असम और महाराष्ट्र के लोगों को अपना शिकार बनाया। वह ई–कॉमर्स कंपनियों का कस्टमर केयर एजेंट बनकर लोगों को फोन करता था। फिर उनके मोबाइल फोन को हैक कर बैंक खातों से पैसे निकाल लेता था। पुलिस को उम्मीद है कि मुख्तार की गिरफ्तारी से साइबर अपराध के कई अन्य मामलों का खुलासा होगा। जांच टीम उसके नेटवर्क और पीड़ितों की संख्या का पता लगा रही है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे अनजान कॉल्स पर विश्वास न करें। साथ ही अपनी निजी जानकारी किसी से साझा न करें। साइबर ठगी का शिकार होने पर तुरंत पुलिस से संपर्क करें। पुलिस इस मामले में अन्य संदिग्धों की तलाश कर रही है।

### बिरसा हरित ग्राम योजना में आएगी तेजी

**धनबाद, एजेंसी।** बिरसा हरित ग्राम योजना में और तेजी आएगी। इसके लिए जिला प्रशासन ने व्यवस्था कायम की है। अब इमारती पौधे के साथ फलदार पौधे भी लगाए जाएंगे। इसके लिए अच्छी नस्ल के फलदार पौधे की खरीदारी की जाएगी। नर्सरी से पौधे की खरीदारी होगी। ग्रामीणों के बीच पौधे का वितरण किया जाएगा। आम, अमरूद, कटहल, नींबू व सहजन के पौधे की होगी खरीद- आम, अमरूद, कटहल और सहजन (ड्रम स्टीक) के पौधे की खरीद होगी। नर्सरी से पौधे खरीदे जाएगा। इसके लिए विभाग ने मानक भी तय कर दिया है।

# हजारीबाग में अवैध कोयला खदान में घुसा पानी तीन मजदूरों की मौत, तलाशी अभियान जारी





**हजारीबाग, एजेंसी।** हजारीबाग के केरेडारी थाना क्षेत्र के कंडाबेर एवं बरियातू सीमावर्ती क्षेत्र स्थित खावा नदी के किनारे अवैध कोयले की खदान में नदी का पानी घुस गया। इसमें फंसे तीन मजदूरों की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार, प्रशासन ने मजदूरों को निकालने के लिये एनटीपीसी से मदद की गुहार लगायी है। इस पर एनटीपीसी ने अवैध कोयला खदान में तीन बड़े-बड़े मोटर पंप उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है।

केरेडारी कंडावेर के खावा नदी के किनारे कोयला का अवैध उत्खनन कई माह से बड़े पैमाने पर किया जा रह था। 21 मई की दोपहर तीन बजे अचानक तेज बारिश शुरू हो गयी। बारिश को देखते हुए कोयले का अवैध उत्खनन करनेवाले तीन लोग खदान के अंदर रखे गये पानी मशीन को निकालने पहुंचे थे। इसी बीच तेज बारिश होने के कारण नदी पानी को रोकने के लिए बनाये गये मेढ़ को तोड़ते खदान में घुस गयी। इस हादसे में तीनों मजदूर खदान में ही फंस गये और उनकी मौत हो गयी।

खदान में फंसने वाले मजदूरों में कंडाबेर गांव निवासी रीतलाल साव के 45 वर्षीय पुत्र प्रमोद साव, शंभू साव के 25 वर्षीय पुत्र उमेश कुमार और बदरुद्दीन मियां के 25 वर्षीय पुत्र नौशाद आलम शामिल हैं। इनमें से प्रमोद साव और उमेश साव खदान संचालक है। तीनों की मौत की खबर से इलाके में मातम फैल गया है।

खदान में फंसकर जान गंवाने वाले कंडाबेर गांव निवासी नौशाद की पत्नी अजमेरी खातून और प्रमोद साव की पत्नी मंजू देवी ने बताया कि बुधवार एक बजे दिन को खराब मौसम देखते हुए घर में खदान जाने की बात कर रहे थे। बारिश शुरू होने से पहले पानी मशीन को खदान से बाहर करने वाले थे। तीनों ने मोबाइल पर बात की, फिर बाजार टांड़ कंडाबेर पहुंचे। वहां से तीनों खदान चल गये। परिजनों ने बताया कि चार बजे ग्रामीणो से सूचना मिली कि तीनों खदान में डूब गए है। डूबने की जानकारी मिलते ही परिजन खोजबीन के लिए खदान पहुंचे।

अंचलाधिकारी रामरतन वर्णवाल ने बताया कि घटना की सूचना सुबह मिली। घटनास्थल पर पहुंच कर निरीक्षण किया। इसके बाद एनटीपीसी के अधिकारियों को फोन कर कंपनी से तीन पानी पंप मशीन मंगाया गया है। तीनों मशीन से खदान का पानी सुखाने का प्रयास किया जा रहा है।

वहीं, केरेडारी थाना प्रभारी विवेक कुमार ने कहा कि उन्हें अवैध कोयला उत्खनन की जानकारी नहीं थी। जंगल में कोयले का अवैध खदान चलता है,इसकी जानकारी पहली बार हुई। मामले की जांच की जा रही है। अवैध कार्य में संलिप्त लोगों पर उचित कार्रवाई की जायेगी।

## महेशपुर में शिव-पार्वती मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा: वाराणसी से आए पंडितों ने किया पूजन



**पाकुड़, एजेंसी।** पाकुड़ जिले के महेशपुर ब्लॉक परिसर में नवनिर्मित शिव-पार्वती मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को मंदिर से एक शोभायात्रा निकाली गई। इस यात्रा में शिवलिंग और विभिन्न देवी-देवताओं की प्रतिमाओं का नगर भ्रमण कराया गया। शोभायात्रा ब्लॉक सभागार से शुरू होकर डाकबंगला मोड, ग्वालपाड़ा, हाटपाड़ा और शिवमंदिर होते हुए वापस ब्लॉक स्थित मंदिर पर समाप्त हुई। काशी से आए पंडितों ने पूजन किया। शुक्रवार को शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी।

मंदिर निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले रंजीत मंडल ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 23 मई तक चलेगा। वाराणसी से आए पंडित आचार्य दुलाल पांडे ने मंत्रोच्चारण के साथ अनुष्ठान प्रारंभ किया। कलश यात्रा में गोपाल प्रसाद भगत, मनोज पाल, नितन दास समेत कई भक्त शामिल हुए। कार्यक्रम में महेशपुर के सीओ, बीडीओ, कनीय अभियंता और विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्य उपस्थित रहे। प्रखंड मुख्यालय और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं।

## प्रदेश में झमाझम बरसेंगे बादल, मानसून को लेकर भी आया अपडेट



**जमशेदपुर, एजेंसी।** शहर में तेज हवा और गर्जन के साथ बुधवार शाम जोरदार वर्षा हुई। इस दौरान जुगसलाई ओवर ब्रिज और आदित्यपुर रेलवे ब्रिज के समीप पानी का जमाव हो गया। इससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बुधवार को दिन में तेज धूप देखने को मिली थी, पर शाम होते-होते पूरा मौसम ही बदल गया। हालांकि, मौसम विभाग ने इसका अलर्ट पूर्व में ही जारी किया था, ताकि लोगों को वज्रपात से बचाया जा सके।

मौसम विभाग के अनुसार 27 मई तक इसी तरह का मौसम देखने को मिलेगा। इस दौरान तापमान में भी दो से तीन डिग्री की गिरावट आएगी। ऐसे में आने वाले समय में गर्मी से राहत मिलेगी। बुधवार को शहर का अधिकतम तापमान 37.7 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तेज हवा की वजह से बिजली भी गुल रहा। मानगो सहित कई गैर कंपनी इलाकों में अंधेरा छाया रहा। इससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

दूसरी ओर शहरवासियों के लिए एक अच्छी खबर है। अगर, इसी तरह मौसम बरकरार रहा तो इस बार झारखंड में मानसून समय से पूर्व प्रवेश कर जाएगा। इसकी भविष्यवाणी बुधवार को मौसम विभाग ने की।

मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने कहा कि अभी इसी तरह मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। दोपहर तक धूप और उसके बाद बादल, तेज हवा, हल्की वर्षा और वज्रपात होने की संभावना बनी रहेगी।

इसे लेकर मौसम विभाग ने यलो अलर्ट भी जारी किया है। ताकि लोगों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो। अभिषेक आनंद ने कहा कि मानसून को लेकर अभी तक पाजिटिव रिपोर्ट है। उम्मीद है कि केरल में मानसून 25 मई तक प्रवेश करेगा। वहीं, झारखंड में 5 से 7 जून तक पहुंचेगा। इसके बाद अगले एक सप्ताह के अंदर सभी जिलों तक पहुंचेगा।

## पहली बार मॉल में खुलेंगी कंपोजिट शराब की दुकानें




**रांची, एजेंसी।** उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग ने नई उत्पाद नीति की अधिसूचना जारी कर दी।इसके अनुसार राज्य में पहली बार मॉल में कंपोजिट शराब की दुकान खुलेगी। इसके माध्यम से देशी और मसालेदार देशी शराब भी मॉल में उपलब्ध हो सकेगी। इसके पहले मॉल में सिर्फ विदेशी शराब की दुकान का ही लाइसेंस दिया गया था। कंपोजिट शराब की दुकानों का मतलब है कि वैसी दुकान जहां एक ही लाइसेंस पर देसी शराब, देसी मसालेदार शराब, विदेशी शराब, बियर, वाइन या अन्य किसी भी प्रकार की शराब, जिसे राज्य सरकार द्वारा मानव उपयोग के लिए अनुमति दी गई हो, बिक सकेगी।

मॉल में शराब की कंपोजिट दुकान केवल वैसे मॉल में खोली जा सकेंगी, जिसके कारपेट एरिया का क्षेत्रफल कम से कम 50,000 वर्गफीट (पार्किंग एरिया को छोड़कर) हो। एक मॉल में अधिकतम दो दुकानें खोली जा सकेंगी। इस दुकान का न्यूनतम क्षेत्रफल कम से कम 200 वर्गफीट होनी चाहिए। इसके लिए लाइसेंस समान्यतः एक वित्तीय वर्ष के लिए ही मिलेगा। प्रत्येक आगामी वित्तीय वर्ष में इनका नवीकरण शर्तों के अनुरूप होगा।

इन दुकानों का न्यूनतम प्रत्याभूत राजस्व निर्धारित नहीं किया जाएगा। लाइसेंस स्वीकृति की पात्रता खुदरा उत्पाद दुकानों को लाइसेंस प्राप्त करने के लिए निर्धारित पात्रता के अनुसार होगी। इनके द्वारा सभी पैक साइज एवं आयातित विदेशी शराब (मूल में बोतलबंद), लागर बीयर, वाइन एवं ब्रीजर की बिक्री हो पाएगी।

शराब की खुदरा दुकानें सुबह 10 बजे से रात 11 बजे तक खोली जा सकेंगी। अपरिहार्य कारणों से एक सप्ताह से अधिक के लिए खुदरा शराब की दुकानें बंद कराए जाने की स्थिति में डीसी को प्रशासी विभाग से अनुमति प्राप्त करनी होगी। इसी तरह से अपरिहार्य कारणों से शराब की आपूर्ति में विलंब होने, किसी अन्य विधि व्यवस्था अथवा दैविक विपत्ती या प्राकृतिक प्रकोप , सामाजिक आंदोलनों आदि से संबंधित समस्याओं के फलस्वरूप यदि किसी प्रकार की कोई क्षति होती है तो लाइसेंसधारी को किसी प्रकार की क्षतिपूर्ति सरकार द्वारा देय नहीं होगी। 21 साल से कम उम्र के किसी भी व्यक्ति को शराब की बिक्री नहीं की जाएगी। इसकेअलावा जिसने पूर्व से ही अत्यधिक शराब पी रखी हो, तो उसे भी शराब नहीं बेची जाएगी। ड्यूटी में पदस्थापित वर्दीधारी कर्मी को भी शराब की बिक्री नहीं होगी। किसी लाइसेंसधारी के निधन पर उसके वैध वारिस को लाइसेंस का स्थानांतरण हो सकेगा।

मॉडल शॉप के लिए भी लाइसेंस दिए जाएंगे। इसमें केवल नगर निगम एवं नगर परिषद क्षेत्र में वातानुकूलित एवं कम सेकम 600 वर्गफीट क्षेत्रफल वाली कंपोजिट ऑन बिक्री दुकान, जिसके लाइसेंसधारी के पास शराब पीने वाले व्यक्तियों को अल्पाहार प्रस्तुत करने के लिए किचन एवं प्रसाधन की व्यवस्था हो। यह मॉडल शॉप कंपोजिट मदिरा की ऑफ बिक्री की दुकान के ही धारक को दी जा सकेगी। इच्छुक लाइसेंसधारी का वार्षिक एमजीआर 5प्रतिशत बढ़ाकर निर्धारित किया जाएगा।

## झारखंड को पीएम मोदी की सौगात, अमृत भारत योजना के तहत तीन आधुनिक रेलवे स्टेशनों का वर्चुअल उद्घाटन



**रांची, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को झारखंड के तीन रेलवे स्टेशनों का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। ये स्टेशन अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत नए रूप में विकसित किए गए हैं। गोंविदपुर रोड (खूंटी), राजमहल (साहेबगंज) और शंकरपुर (देवघर) स्टेशन अब आधुनिक सुविधाओं से युक्त और यात्रियों के लिए अधिक अनुकूल हो गए हैं।

जानकारी के मुताबिक, खूंटी जिले के गोंविदपुर रोड रेलवे स्टेशन को हटिया-राउरकेला रेलखंड के अंतर्गत दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची मंडल में विकसित किया गया है। करीब 6.65 करोड़ रुपये की लागत से इस स्टेशन का कायाकल्प किया गया। पुनर्विकास का शिलान्यास इसी साल 26 फरवरी को किया गया था।

पहले जहां स्टेशन पर केवल बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध थीं, अब यहां एक नया स्टेशन भवन, विस्तृत प्रतीक्षालय, कम्प्यूटरीकृत टिकट काउंटर, उच्च स्तरीय प्लेटफॉर्म, विस्तारित प्लेटफॉर्म शेड, आधुनिक फुटओवर ब्रिज, लिफ्ट, रैंप, एलईडी लाइटें, दिव्यांग यात्रियों के लिए स्पेशल रैंप और टैक्टाइल पाथ, शुद्ध पेयजल सुविधा, सुव्यवस्थित पार्किंग क्षेत्र और चौड़ी पहुंच सड़कें मौजूद हैं। इसके साथ ही स्टेशन परिसर को स्थानीय कला और सांस्कृतिक झलकियों से सजाया गया है, जो क्षेत्रीय पहचान को भी उभारता है। इस मौके पर राज्य के भूमि एवं राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और टोरपा विधायक सुदिव्या गुड़िया भी गोंविदपुर रोड स्टेशन परिसर में आयोजित समारोह में मौजूद रहे।

साहेबगंज जिले का राजमहल स्टेशन और देवघर का शंकरपुर स्टेशन पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत आते हैं। इन दोनों स्टेशनों का पुनर्विकास लगभग 15 करोड़ रुपये की संयुक्त लागत से किया गया है। यहां पर यात्रियों की सुविधा के लिए प्लेटफॉर्म का विस्तार, आधुनिक टॉयलेट, सर्कुलेटिंग एरिया, हरियाली और सौंदर्यीकरण के साथ-साथ दिव्यांग अनुकूल सुविधाएं जैसे रैंप, गाइडिंग टैक्टाइल पाथ और सुलभ शौचालयों का निर्माण किया गया है। रेलवे ने यह भी बताया कि इस विकास कार्य का उद्देश्य यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित और सांस्कृतिक दृष्टि से समृद्ध यात्रा अनुभव प्रदान करना है।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार, अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत झारखंड के कुल 57 रेलवे स्टेशनों को आधुनिक रूप दिया जा रहा है। यह योजना यात्रियों की सुविधा के साथ-साथ स्थानीय कला, संस्कृति और विरासत को भी रेलवे के माध्यम से प्रदर्शित करने का एक सशक्त माध्यम बन रही है।

## झारखंड में लगातार 28 मई तक बारिश का अलर्ट : आकाशीय बिजली गिरने की भी चेतावनी



**रांची, एजेंसी।** झारखंड में गरज के साथ बारिश और आंधी का चलना फिलहाल जारी रह सकता है। मौसम विभाग ने लगातार 28 मई तक राज्य के कई हिस्सों में बारिश और तेज हवा के साथ वज्रपात का भी अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार को देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज जिले में कहीं-कहीं पर गर्जन और तेज हवा के साथ वज्रपात की संभावना है। हवा की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रह सकती है।वहीं, पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार और लोहरदगा जिले समेत उत्तरी मध्य हिस्सों में कहीं-कहीं पर भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में अगले 5 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है।

**24 मई:** देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज में कहीं-कहीं पर गर्जन और तेज हवा चल सकती है। साथ ही आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। 25 और 26 मई: देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज के कहीं-कहीं पर गर्जन और तेज हवा का झोंका चल सकता है। वज्रपात की भी संभावना बनी हुई है।

**27 और 28 मई:** राज्य में कहीं-कहीं पर गर्जन और तेज हवा चलने के असार है। वज्रपात भी हो सकती है।पिछले 24 घंटे में राज्य में लगभग सभी जगहों पर आंधी और गर्जन/वज्रपात के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई। जबकि कहीं-कहीं पर भारी बारिश भी हुई। सबसे अधिक बारिश 102.6 एमएम सदर चाईबासा में दर्ज की गई। सबसे अधिक अधिकतम तापमान 40.3 डिग्री सेल्सियस डाल्टेनगंज में जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 18.5 डिग्री सेल्सियस लातेहार में दर्ज की गई।

## बदमाशों ने दो को मारी गोली, एक की मौत साहिबगंज के दो थाना क्षेत्र में हुई घटना



**साहिबगंज, एजेंसी।** साहिबगंज में गुरुवार की रात दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में फायरिंग की घटना हुई। इसमें एक युवक की मौके पर मौत हो गई। जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी है। घटना तालझारी थाना क्षेत्र और राधानगर थाना क्षेत्र की है। वहीं, घटना के बाद लोगों ने सड़क पर आगजनी कर रोड जाम कर दिया। पहली घटना तालझारी थाना क्षेत्र के महाराजपुर स्थित डाक बंगला खंता इलाके में हुई। यहां पांचू मंडल (30) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। जुआ खेलने के दौरान पैसे की लेनदेन पर विवाद हुआ था। इसके बाद आरोपी ने इस घटना को अंजाम दिया।

गोली लगने के बाद पांचू मंडल को गंभीर हालत में सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉ. मुकेश कुमार ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर ने बताया कि गोली सीने के बीचों-बीच लगी थी, जो आर-पार हो गई। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट होगा कि कितनी गोलियां लगी थीं।

घटना स्थल पर पहुंचने पर मृतक के बड़े भाई फेकन मंडल ने बताया कि घायल पांचू ने अंतिम सांस लेने से पहले खुद बताया कि गदाई दियारा का जॉनी टाइगर नामक युवक ने उसे गोली मारी है। पांचू मंडल और आरोपी के बीच जुआ खेलने को लेकर पैसे की लेनदेन पर कुछ विवाद भी हुआ था। पुलिस इस हत्याकांड को आपसी रंजिश या व्यक्तिगत दुश्मनी से भी जोड़कर देख रही है। वहीं, दूसरी घटना राधानगर थाना क्षेत्र में हुई। राधानगर पंचायत भवन के पास अज्ञात हमलावरों ने कृष्ण घोष (60) को गोली मार दी। परिजन उन्हें गंभीर हालत में पश्चिम बंगाल के फरक्का स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। कृष्णा घोष बाजार से घर लौट रहे थे। राधानगर थाना घाट के निकट एक पुलिया के नीचे से अचानक गांव के ही तीन लोग निकले और किसी ने गोली चलाई तो किसी ने धारदार हथियार से उनके सिर पर वार कर दिया।

उसी अवस्था में कृष्ण घोष वहां से भागे और कुछ दूर जाकर जमीन पर गिर गए। घटना को अंजाम देकर तीनों आरोपी घटनास्थल से फरार हो गए। सूचना मिलते ही राधानगर, बरहरवा और राजमहल थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया। घायल कृष्णा घोष ने गांव के ही वासुदेव घोष, संतोष घोष तथा जोष्टी मंडल के बेटे पर हमला करने का आरोप लगाया है। लोगों ने बताया कि आरोपियों का कृष्ण घोष के साथ जमीन विवाद चल रहा है।

## झारखंड में कभी भी बंद हो सकता है आयुष्मान योजना के तहत इलाज



**रांची, एजेंसी।** झारखंड के मरीजों के लिए सबसे भरोसेमंद योजना का लाभ मरीजों को मिलना कभी भी बंद हो सकता है। झारखंड के करीब 750 अस्पतालों को पिछले साढ़े तीन महीने से आयुष्मान योजना के तहत हुए इलाज के पैसे का भुगतान नहीं किया गया है। एसोसिएशन ऑफ हेल्थ केयर प्रोवाइडर्स ऑफ इंडिया झारखंड चैप्टर और आईएमए ने संयुक्त तौर पर प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि पिछले साढ़े तीन महीने से अस्पतालों के करीब 450 करोड़ रुपये बकाया है, जिसका भुगतान नहीं किया जा रहा है। भुगतान नहीं होने से अब अस्पतालों के पास संसाधनों के लिए खर्च करने के पैसे खत्म हो रहे हैं।

इसके अलावा वहां कार्यरत कर्मियों को भी वेतन का भुगतान नहीं कर पा रहे हैं। अधिकतर अस्पतालों में सत्तर फीसदी से अधिक मरीज आयुष्मान योजना के ही होते हैं, ऐसे में भुगतान रुक जाने से अस्पतालों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि वे इलाज करने में सक्षम नहीं हो पा रहे हैं। साथ ही अस्पतालों के बंद होने तक की स्थिति आ गई है।

अस्पतालों के प्रबंधकों और एएचपीआई के अनुसार वे आयुष्मान योजना के तहत आने वाले मरीजों का इलाज करने में सक्षम नहीं हैं। भुगतान नहीं होने की स्थिति में धीरे-धीरे एक सप्ताह से दस दिनों के अंदर रांची सहित राज्य के सभी अस्पताल आयुष्मान योजना से इलाज बंद कर देंगे। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान पदाधिकारियों ने बताया कि पहले हॉस्पिटल इंपैनल्ड मॉड्यूल (एचईएम) से वेतन का भुगतान किया जाता था। जिससे बिलिंग के दो सप्ताह के अंदर भुगतान कर दिया जा रहा था।

अब एचईएम को एचईएम 2.0 पोर्टल में अपडेट किया गया है, जिसमें तकनीकी खामियों को बताकर भुगतान नहीं किया जा रहा है। आईएमए, एएचपीआई और एचबीआई के पदाधिकारियों ने बताया कि सरकार अगर चाहे तो तुरंत इस समस्या का समाधान हो सकता है, पर लापरवाही के कारण भुगतान लंबित है।

# गायक बलमा बिहारी पॉक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार

## गिरिडीह साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तिसरी।** तिसरी पुलिस ने गिरिडीह साइबर थाना के प्राथमिक अभियुक्त बलमा बिहारी को किशोरी के साथ दुष्कर्म और आईडी हैक कर गंदी तस्वीर वायरल करने के आरोप में गुरुवार को गिरफ्तार किया। बलमा बिहारी तिसरी थाना क्षेत्र के भुराई गांव का रहने वाला है। देहाती गायकी और नृत्य का काम करता है।

तिसरी प्रखंड के लोकाय थाना क्षेत्र के एक किशोरी के साथ कई गाना और कार्यक्रम पूर्व में बलमा बिहारी कर चुका है। कुछ माह से दोनों के बीच मन मुटाव होने के कारण बलमा बिहारी के साथ में वह काम नहीं कर रही थी।

इस बीच पीड़ित की तस्वीर आईडी हैक कर वायरल होने के बाद किशोरी की मां ने बलमा बिहारी पर दुष्कर्म और आईडी हैक कर गंदी तस्वीर वायरल करने के आरोप में गिरिडीह साइबर थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

इस पर तिसरी इंस्पेक्टर पास्कल टोप्पो ने गुरुवार को आरोपित बलमा बिहारी को घर भूराई से गिरफ्तार कर गिरिडीह न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

इधर आरोपित बलमा बिहारी ने भी फेसबुक आईडी में किशोरी के द्वारा फंसाने और धमकी देने का आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर पास्कल टोप्पो ने कहा कि गिरिडीह साइबर थाना में पीड़ित की मां के आवेदन पर पॉक्सो एक्ट और ऑपत्तिजनक फोटो वायरल का मामला दर्ज किया गया है।

## मंदिर परिसर में भी बनाया था वीडियो

**बासुकीनाथ (दुमका)।** पिछले दिनों आईएसआई के लिए काम करने के आरोप में हरियाणा निवासी यू-ट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की गिरफ्तारी के बाद बासुकीनाथ धाम मंदिर एवं बैद्यनाथ धाम मंदिर सुर्खियों में आ गया है।

ज्योति मल्होत्रा ने वर्ष 2023 में बासुकीनाथ आई थी और मंदिर परिसर में वीडियो भी बनाई थी। जरमुंडी थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक श्यामानंद मंडल की मानें तो बासुकीनाथ मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस पदाधिकारी, पुलिस जवान की टीम के साथ रात्रि प्रहरी की भी व्यवस्था की गई है।

इसके साथ ही बासुकीनाथ मंदिर सहित मेला क्षेत्र के महत्वपूर्ण स्थलों में दर्जनों सीसीटीवी कैमरे कार्यरत हैं। ज्योति मल्होत्रा की गिरफ्तारी के बाद से ही देवघर और बासुकीनाथ यात्रा को लेकर बनाई गई वीडियो ट्रैवल विद जो कि इस क्षेत्र में काफी चर्चा हो रही है। बता दें की ज्योति मल्होत्रा से जुड़े मामलों को लेकर खुफिया एजेंसी भी काफी सतर्कता के साथ विभिन्न मामलों की गहनतापूर्वक छानबीन कर रही है।

# उद्यमिता पंजीकरण सह जागरूकता शिविर का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** झारखंड सरकार के उद्योग विभाग एवं झारखंड औद्योगिक अवसंरचना विकास निगम (जिडको) द्वारा टरटए क्षेत्र के प्रदर्शन एवं प्रतिस्पर्धात्मकता को सशक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे विश्व बैंक समर्थित कार्यक्रम के अंतर्गत आज खूंटी में उद्यमिता पंजीकरण सह जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया।

इस शिविर का प्रमुख उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को औपचारिक स्वरूप देना, पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाना तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी से उन्हें लाभान्वित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान कई उद्यमियों ने मौके पर ही पंजीकरण कराया, जिससे जिले में औपचारिक इकाइयों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

कार्यक्रम में महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र राजीव रंजन, निदेशक निदेशक तथा मैनेजर अभिनव राज की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन जिला उद्यमी समन्वयक अतिन विश्वासी टोपनो द्वारा किया गया।

गौरतलब है कि मंत्रालय द्वारा राज्य को कार्यक्रम के अंतर्गत दो परियोजनाओं औपचारिककरण तथा सुविधा केंद्रों की स्थापना को राज्य रैंप समिति द्वारा 7 मार्च 2025 को स्वीकृति दी गई थी। इन परियोजनाओं के जिला स्तर पर क्रियान्वयन की जिम्मेदारी मैनेजरों को सौंपी गई है।

महाप्रबंधक राजीव रंजन ने बताया कि उद्यमी बनने की दिशा में पहला और सबसे अहम कदम है उद्यम का पंजीकरण। उन्होंने उपस्थित उद्यमियों को उद्योग विभाग की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान दो उद्यमियों को ऑन द स्पॉट उद्यम रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। यह शिविर न केवल के लिए जानकारी का माध्यम बना, बल्कि उन्हें औपचारिक क्षेत्र में लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी सिद्ध हुआ।

# डॉ कौशल ने पूर्व मुख्यमंत्री मरांडी को पौधा भेंट कर किया सम्मानित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी के रांची आवास पर पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने मुलाकात किया। डॉ कौशल ने बाबूलाल मरांडी को पलामू आने का आमंत्रण दिया।

डॉ कौशल ने इस मुलाकात में पलामू के वर्तमान राजनीतिक, सामाजिक व पर्यावरण के हालात पर चर्चा की। मुलाकात को यादगार बनाने के लिए पर्यावरण धर्म के प्रावधानों के तहत पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को डॉ कौशल ने दालचीनी का पौधा भेंट कर सम्मानित किया।

# एक जून को प्रस्तावित संविधान बचाओ रैली की सफलता को लेकर बैठक

## प्रखंड अध्यक्षों के बीच दायित्वों का बंटवारा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)** । पलामू जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में जिले के सभी प्रखंड अध्यक्षों के साथ जिला कार्यालय में बैठक हुई। इसका संचालन कार्यालय प्रभारी जितेंद्र कमलापुरी ने किया। बैठक में आगामी एक जून को प्रस्तावित संविधान बचाओ रैली की सफलता पर विचार विमर्श किया गया। जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि आगामी एक जून को 11 बजे टाउन हॉल से रैली प्रारंभ होगी। रैली की सफलता के लिए जिला के पदाधिकारियों व सभी प्रखंड अध्यक्षों को दायित्व का बंटवारा किया गया। अधिक से अधिक संख्या में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित कराने को कहा गया। कहा कि संविधान बचाओ रैली के माध्यम से केन्द्र सरकार को यह बता दिया जाएगा कि संविधान से छेड़छाड़ कांग्रेस कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। जाति जनगणना केंद्र सरकार जल्द से जल्द कराए। मौके पर नवल किशोर पाठक, गिरजा राम, अवध बिहारी सिंह, मिट्टू खान, अजय साहू, नगर अध्यक्ष हैदर खान, सतबरवा प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद यादव, सदर प्रखंड अध्यक्ष ललित सिंह, चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष अखिलेश चौधरी, रामगढ़ प्रखंड अध्यक्ष पंकज सिंह, पांकी प्रखंड अध्यक्ष आमिताभ शर्मा, लस्लीगंज प्रखंड अध्यक्ष सुधीर सिंह, मनातू प्रखंड अध्यक्ष विष्णुदेव यादव, तरहसी प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र पासवान, हुसैनाबाद ग्रामीण प्रखंड अध्यक्ष शैलेश सिंह, विश्रामपुर प्रखंड अध्यक्ष गुड्डू शुक्ला, उतरी प्रखंड अध्यक्ष रिंकू सिंह, पांडू प्रखंड अध्यक्ष सच्चिदानंद शुक्ला, नावा प्रखंड अध्यक्ष मीर खुर्शीद आलम, छतरपुर प्रखंड अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सिंह, मोहम्मद अलाम, नौडीहा बाजार प्रखंड अध्यक्ष परवाज आलम, पंड़वा प्रखंड अध्यक्ष सुनील पासवान, पाटन प्रखंड अध्यक्ष रामानंद पांडेय, हैदरनगर प्रखंड अध्यक्ष गुप्तेश्वर पांडेय, तुलसी पासवान अशोक पासवान, गोपाल पासवान, अनिल सिंह, हरिहरगंज प्रखंड अध्यक्ष सुजीत सिंह शामिल थे।




## तेज हवा के साथ हुई बारिश

**पाकुड़।** जिला मुख्यालय सहित जिलेभर में शुक्रवार को तेज हवा के साथ जमकर बारिश हुई। इससे मौसम सुहाना हो गया। तेज बारिश के कारण लोग अपने-अपने घरों में दुबके रहे।

बारिश थमने के बाद ही लोग घर से निकले। तापमान में गिरावट आई। गर्मी से लोगों को राहत मिली।

# पोषण भी पढ़ाई भी को लेकर दिया गया प्रशिक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कॉलेज कक्ष में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश के आलोक में पोषण भी पढ़ाई भी को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। जिसकी अध्यक्षता बाल विकास परियोजना पदाधिकारी प्रियंका ने किया।प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा के परिपेक्ष्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं निपुण भारत दिशा निर्देश पर प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण को प्रभावशाली तरीके से देने के लिए विभिन्न टूल्स का उपयोग किया गया। महिला पर्यवेक्षिका के द्वारा बाल विकास, पोषण, स्कूल पूर्व शिक्षा, समुदायिक सहभागिता, वृद्धि निगरानी, कुपोषित, अत्यंत कुपोषित बच्चों की पहचान देखभाल एवं परामर्श, अनीमिया नियंत्रण, पोषण वाटिका का संवर्धन एवं अर्ली चाइल्डहुड केयर और एजुकेशन के एकीकृत दृष्टिकोण पर गहन चर्चा की गई।मौके पर प्रखंड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी प्रियंका, पीरामल फाउंडेशन अंजय कुमार, गांधी फैलो तपस्विनी,महिला पर्यवेक्षिका बबिता कुमारी, प्रति कुमारी झा , रेणु सिन्हा, रंजना कुमारी, अनंत कुमार सभी आंगनबाड़ी सेविका आदि मौजूद थी।

# राज्य की जनता समस्याओं से ग्रस्त व पदाधिकारी लूटने में मस्त : अविनाश वर्मा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य अविनाश कुमार वर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार के प्रमुख पद पर आसीन आईएएस अधिकारी विनय चौबे समेत कई प्रमुख अधिकारियों को राज्य सरकार की ही जांच एजेंसी एंटी करप्शन ब्यूरो ने गिरफ्तार किया है। कहा कि निश्चित तौर पर एसीबी की यह बड़ी कार्रवाई है। इसके लिए एजेंसी बधाई का पात्र है। कहा कि आने वाले दिनों में अगर यह जांच ईमानदारी से आगे बढ़ी तो इसमें कई बड़े नामों के साथ कई राजनेता भी बंगले झांकते नजर आएंगे। ऐसे में राज्य सरकार की इस एजेंसी के कार्यों को प्रभावित करने की पुरजोर कोशिश सत्ता में बैठ राज्य के बड़े-बड़े मठाधीशों के द्वारा की जाएगी। इसलिए उनके जैसे इस राज्य के लाखों नागरिकों की इच्छा व

## सीबीआई करे शराब घोटाले की जांच

मनसा सीबीआई के माध्यम से पुरी की जाए। इससे वगैर किसी हस्तक्षेप के पूरे निष्पक्षता के साथ दूध का दूध और पानी का पानी हो सकेगा।

अविनाश वर्मा ने कहा कि एक तरफ राज्य की भोली- भाली गरीब जनता बुनियादी चीजों के लिए संघर्ष कर रही है। लोगों को पीने का पानी उपलब्ध नहीं है। बालू के निर्णय पर असमंजस की स्थिति से गरीब मजदूर तो परेशान हैं ही। विकास के कई कार्य प्रभावित हैं। बिजली की स्थिति अंतिम सांस से ले रही हैं।

अपराध व अपराधी चरम सीमा पर हैं। राज्य की गरीब महिलाओं का समय पर मईंया सम्मान योजना राशि नहीं मिल रही है।यहां के वृद्धजन निराश हैं। युवा वर्ग



बेरोजगारी की मार से हताश हैं। ऐसे में आखिर किस भले सोच के तहत अपने राज्य में शराब बेंचने के लिए दूसरे राज्य के निवासियों से कार्य कराने के लिए अनुबंध किया गया।

शायद इन्हीं कमियों की ओर ध्यान आकृष्ट कराने के उद्देश्य से राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने 19 अप्रैल 2022 को राजकीय उत्पादन नीति पर विरोध दर्ज किया था। मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप कर अविलंब पुनर्विचार का सुझाव दिया था। मगर उस वक्त उनके पत्र व उनकी बातों को अनसुना कर ऐसे अफसर के मनोबल को बढ़ाया गया। इसका परिणाम यह हुआ कि राज्य का हजारों करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। साथ ही पूरे देश में झारखंड की चर्चा फिर से भ्रष्टाचार व नकारात्मक पदाधिकारियों को ले कर हो रही है। यह झारखंडियों के लिए अपमान का विषय है। कहा कि किसी भी राज्य में सरकारी फैसले को अमली जामा देने के लिए एक व्यक्ति या एक पद काफी नहीं है। उसके लिए कई प्रक्रियाओं से दस्तावेजों को गुजरना पड़ता है। ऐसे में सिर्फ एक या दो व्यक्ति हजारों करोड़ के घोटाले का जिम्मेदार हों, यह समझ से परे है। इसलिए अभी इस घेरे में दर्जनों लोग आएंगे। ऐसे में यह जांच केंद्र सरकार के निगरानी में हो तभी मुख्य अपराधी पकड़े जाएंगे।

## प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में 22 एवं 23 मई को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी निदेशक राजश्री बनर्जी तथा पूर्व निदेशक (कार्मिक), सेल बीबी सिंह उपस्थित थे।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य महाप्रबंधक नीता बा ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्हें प्रशिक्षण से अधिकतम लाभ उठाने और स्वयं को तैयार रहने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का सञ्चालन अमित आनंद, सहायक महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) के द्वारा किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल आयोजन में ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के ऋषिकेश रंजन, पर्यवेक्षक एवं सिधो चरण मुर्मू, प्रशिक्षक का सराहनीय योगदान था।

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत कार्यशाला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** कर्रा प्रखंड में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में प्रखंड प्रमुख, प्रखंड विकास पदाधिकारी कर्रा एवं अंचलाधिकारी कर्रा की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि यह अभियान वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक (5 वर्षों) की अवधि के लिए क्रियान्वित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत देशभर के लगभग 63,843 गाँवों को शामिल किया गया है। इस योजना से 5 करोड़ से अधिक अनुसूचित जनजातीय जनसंख्या को लाभान्वित करने का लक्ष्य है।

जनसंख्या मानदंड के आधार पर चयनित ग्रामों की विशेषताएँ इस प्रकार हैं: ऐसे जनजातीय गाँव जिनकी कुल जनसंख्या 500 या अधिक हो तथा कम से कम 50% जनसंख्या अनुसूचित जनजातियों से संबंधित हो। वे गाँव जो आकांक्षी ब्लॉकों में स्थित हों और जिनकी कुल जनसंख्या 50 या उससे अधिक हो।



कार्यशाला के दौरान अभियान के उद्देश्यों, क्रियान्वयन की रूपरेखा तथा लाभार्थियों तक योजनाओं की पहुँच सुनिश्चित करने पर विस्तृत चर्चा की गई। अंत में अभियान की सफलता सुनिश्चित करने हेतु एक प्रखंड स्तरीय समिति का गठन किया गया, जिसमें संबंधित विभागों के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक संगठनों को सम्मिलित किया गया। यह अभियान जनजातीय समुदायों के सामाजिक, आर्थिक एवं बुनियादी ढाँचे के विकास को सशक्त गति प्रदान करेगा।

# भगवान को गर्मी से बचाने को भक्त लगा रहे कूलर-पंखे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** शहर में तेजी से बढ़ती गर्मी को लेकर एक तरफ आम लोग अपने घरों में पंखे व कूलर लगवा रहे है तो वहीं, दूसरी ओर भगवान के प्रति भक्तों की भक्ति और सेवा स्नेह का नया का एक नया रूप भी देखने को मिल रहा है। जहां लोग अपने घरों के साथ-साथ पूजा स्थल पर विराजमान भगवान को गर्मी से राहत तथा शीतलता प्रदान करने के लिए छोटे बैटरी या इलेक्ट्रिक पंखे तथा कूलर की खरीद रहे हैं। ताकि खुद के साथ-साथ भगवान को भी इस गर्मी से बचाया जा सके और भगवान की सेवा में कोई कमी न रह जाए।

भगवान की मूर्तियों के पास वातावरण को ठंडा बनाए रखने के लिए शहर के बाजारों में विशेष रूप से डिजाइन किए गए छोटे छोटे पंखे तथा कूलर की बिक्री में तेजी आई है। ये पंखे व कूलर बड़े कूलर की भांति पानी भरने के बाद ठंडी हवा प्रदान करते हैं।

भक्तों में हीरापुर की ममता सिंह एवं बरमसिया की सुमित्रा देवी ने बताया कि भगवान के प्रतिमा में प्राण प्रतिष्ठा के बाद ही पूजा की जाती है और प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रतिमा का भाव ही अलग हो जाता है।

इस लिए सच्चे भक्त होने के नाते हम नही चाहते कि हमारे प्रभु को किसी भी तरह की कोई तकलीफ हो। हम लड्डू गोपाल को बच्चे के रूप में सेवा करते है। उन्हें समय से भोग लगाने के बाद रात्रि में छोटे छोटे बिस्तर पर कंबल और तकिया के साथ सुलाते है।

वहीं, सुबह को जगाने के साथ भगवान को नहलाना, भोग लगाना व झूला झुलाना भी नित्य क्रिया में शामिल है। मौसम के हिसाब से भगवान को शर्दी में मौसम में स्वेटर तो गर्मी के मौसम में छोटे छोटे पंखे व कूलर लगाते हैं ताकि भगवान को शीतलता मिल सके।

पंडित अमित मिश्रा बताते है कि किसी भी प्रतिमा में प्राण प्रतिष्ठा के बाद पूर्ण रूप से भगवान का वास हो जाता है। इस दौरान उसमें अटूट शक्तियां होती है, जिसका भक्तों को एहसास भी होता है। वे भगवान को जीवंत रूप में देखते है। जिस कारण भक्त किसी भी हाल पर भगवान की सेवा भाव में कमी नहीं करना चाहते है।

बैंकमोड़ स्थित गिफ्ट कार्नर संचालक शोभित कुमार बताते है। हाल कुछ वर्षों में गिफ्ट की सामग्रियों के साथ-साथ भगवान के पोशाक से लेकर छोटे छोटे बेड, तकिया, भोजन के लिए छोटे बर्तन, झूले के साथ बैटरी एवं इलेक्ट्रिक से चलने वाले पंखे तथा कूलर की बिक्री काफी तेजी से बड़ी है।

भक्त अपने जरूरत और साइज के अनुसार खरीदारी करते हैं। उन्होंने बताया कि इस समय गर्मी का मौसम चल रहा है तो भक्त पंखे तथा कूलर की खरीदारी अधिक कर रहे है।

## धनबाद शहर की बदलेगी सूरत

**धनबाद।** शहर के चौक-चौराहों की तस्वीर बदलने वाली है। नगर निगम ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। चौक पर लगने वाले जाम और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए महानगरों की तर्ज पर सौंदर्यीकरण की योजना तैयार की जा रही है। चौक का सौंदर्यीकरण का डिजाइन तकनीकी दृष्टिकोण से डीपीआर भी तैयार किया जाएगा।

डीपीआर की स्वीकृति के साथ ही निगम जल्द ही टेंडर की प्रक्रिया शुरू करेगा। निगम के अफसरों की माने तो जल्द ही टेंडर प्रकाशित किया जाएगा।

इसके लिए इसके लिए शहर के 13 चौक के सौंदर्यीकरण की योजना है। इसमें रणधीर वर्मा चौक और श्रमिक चौक को छोड़ कर अन्य प्रमुख चौक के गोलंबर की चौड़ाई को कम करने की योजना है। सौंदर्यीकरण में 10.5 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। गांधी चौक मिश्रित भवन, स्टील गेट चौक, सरायढेला, अंबेडकर चौक, डीआरएम आफिस, आजाद चौक, बेकारबांध, सुभाष चौक नया बाजार, राजू यादव चौक पूजा टाकिज, धनसार चौक धनसार आदि शामिल किया गया है।

रणधीर वर्मा चौक : रणधीर वर्मा चौक के तीनों ओर डिवाइडर का निर्माण किया जाएगा। डिवाइडर के बीचो-बीच ग्रीन पैच लगाया जाएगा। गोलंबर का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। सीसीटीवी व ट्रेफिक लाइट लगाया जाएगा। लाइटिंग की खास व्यवस्था की जाएगी।

**बैंकमोड़ बिरसा चौक :** इस चौक पर बने गोलंबर को छोटा किया जाएगा। भगवान बिरसा की तस्वीर को ऊंचा किया जाएगा।

**पूर्व रेलवे**

**मंडल इंजीनियर (IV), पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: डीईएन/4/एचडब्ल्यूएच। ई-निविदा सं. : 21_2025-26 डीईएन/4/एचडब्ल्यूएच। कार्य का विवरण :** रामपुरहाट-दुमका शाखा के तहत बरमसिया और अदलपहाड़ी में आईबीएच के प्रावधान का शेष कार्य। **अनुमानित मूल्य : रु. 45,16,833.11, बयाना राशि : रु. 90,300/- निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.): शून्य । समापन अवधि** : स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 06 माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/ हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 12.06.2025 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से उपर्युक्त वेबसाइट के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-97/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/672, दिनांक 22.05.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्यों के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं : **क्रम सं. 1, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3344, कार्य का नाम :** "हावड़ा स्टेशन (पुराने और नए कॉम्प्लेक्स) पर प्लेटफॉर्म संख्या 5-6, 7-8, 10, 13-14 और 17 के लिए कोच वाटरिंग पाइप लाइन के प्रावधान" के संबंध में सिंगल पॉइंट पावर सप्लाई। **निविदा मूल्य :** रु. 5,51,644/-, **बोली प्रतिभूति (बयाना राशि जमा):** रु. 11,000/-, **क्रम सं. 2, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3352, कार्य का नाम** : 1) "एईएन/बर्द्धमान के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत शक्तिगढ़ में नए फुट ओवर ब्रिज (6 मीटर चौड़ाई) के प्रावधान" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। 2) "वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा की शाखा में बोलपुर शांतिनिकेतन (2 अदद) और गुसकरा (1 अदद) में पाइपलाइन और अन्य सहायक कार्यों के साथ स्टील ओ.एच. टैंक को 50000 गैलन क्षमता के आरसीसी ओ.एच. टैंक से बदलने" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 19,02,776/-, **बोली प्रतिभूति (बयाना राशि जमा):** रु. 38,100/- **क्रम सं. 3, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3327-आर, कार्य का नाम :** 1) "हावड़ा मंडल के तहत बर्द्धमान-बलगोना शाखा में किमी 16/1-2 पर लेवल क्रॉसिंग नं. 8/सी/ई के स्थान पर सीमित ऊंचाई के सबवे (कट एंड कवर विधि द्वारा) के निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। 2) "हावड़ा मंडल के तहत बर्द्धमान-बलगोना शाखा में किमी 11/12-13 पर लेवल क्रॉसिंग नं. 6/सी/टी के स्थान पर सीमित ऊंचाई के सबवे (कट एंड कवर विधि द्वारा) के निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। 3) "हावड़ा मंडल के तहत बर्द्धमान-बलगोना शाखा में किमी 9/4-5 पर लेवल क्रॉसिंग नं. 4/सी/ई के स्थान पर सीमित ऊंचाई के सबवे (कट एंड कवर विधि द्वारा) के निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। 4) "हावड़ा मंडल के तहत बर्द्धमान-बलगोना शाखा में किमी 23/7-8 पर लेवल क्रॉसिंग नं. 14/सी/ई के स्थान पर सीमित ऊंचाई के सबवे (कट एंड कवर विधि द्वारा) के निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। 5) "हावड़ा मंडल के तहत बर्द्धमान-बलगोना शाखा में किमी 21/8-9 पर लेवल क्रॉसिंग नं. 13/सी/ई के स्थान पर सीमित ऊंचाई के सबवे (कट एंड कवर विधि द्वारा) निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 52,28,320/-, **बोली प्रतिभूति (बयाना राशि जमा):** रु. 1,04,600/-, **क्रम सं. 4, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3381-आर1, कार्य का नाम :** 1) चतरा के लिए विद्युत सामान्य कार्य-वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के अधीन हावड़ा मंडल में चतरा गुड्स शेड का उन्नयन और आधुनिकीकरण। 2) वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के अधीन हावड़ा मंडल में राजग्राम पब्लिक साइडिंग गुड्स शेड के उन्नयन और आधुनिकीकरण के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य । 3) वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के अधीन हावड़ा मंडल में सांइथिया गुड्स शेड के उन्नयन और आधुनिकीकरण के लिए विद्युत सामान्य कार्य। 4) वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के अधीन हावड़ा मंडल में कुलपहाड़ी (तिलभीटा) गुड्स शेड के उन्नयन और आधुनिकीकरण के लिए विद्युत सामान्य कार्य। 5) वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के अधीन हावड़ा मंडल में पाकुड़ गुड्स शेड के उन्नयन और आधुनिकीकरण के लिए विद्युत सामान्य कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 3,66,87,969/-, **बोली प्रतिभूति (बयाना राशि जमा):** रु. 3,33,400/-, **समापन अवधि:** 180 दिन (क्रम सं. 1 से 4 प्रत्येक हेतु)। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 10.06.2025 को 15.00 बजे (क्रम सं. 1 से 3 प्रत्येक हेतु) और दिनांक 13.06.2025 को 15.00 बजे (क्रम सं. 4 हेतु) । यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी सुविधाजनक दिवस को निविदाएँ ऑनलाइन खोली जाएंगी। निविदा का विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें।

HWH-99/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# आइजीआइएमएस में 701 करोड़ की परियोजनाओं पर चल रहा काम : मंगल पांडेय

## 300 करोड़ की नई योजनाओं की दी गयी स्वीकृति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (आईजीआईएमएस), पटना परिसर में बाउंड्री वाल, सड़क निर्माण एवं नाला का शिलान्यास किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक संजीव चौरसिया ने की। स्वास्थ्य मंत्री श्री पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि आइजीआइएमएस में कुल 701 करोड़ की निर्माण योजनाएं इस वर्ष के अंत तक पूर्ण कर ली जाएंगी। वहीं 300 करोड़ की नई योजनाओं को स्वीकृति दी जा चुकी है जिनकी शुरुआत इस वर्ष सुनिश्चित की जाएगी। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान संस्थान परिसर में आधुनिक



आर.सी.सी. चहारदीवारी, सुदृढ़ सड़क, नाला और अंडरग्राउंड केवल ट्रेंच जैसी बुनियादी संरचनाओं का शिलान्यास किया गया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि केवल शहरी संस्थानों का विकास नहीं हुआ है, बल्कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में सुदूर गांव से लेकर जिला मुख्यालय तक में स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक और सुलभ बनाने का कार्य लगातार किया जा रहा है।

श्री पांडेय ने कहा कि लगभग 1470 मीटर लंबी व 10 फीट ऊंची इस नई बाउंड्री वॉल पर चार वॉच टावर बनाए जाएंगे और इसके साथ 6 मीटर चौड़ी सड़क तथा दो ट्रेन (सीवरेज व पानी निकासी के लिए) का निर्माण भी किया जाएगा। इस पूरी परियोजना की लागत 16 करोड़ होगी। जून के पहले सप्ताह में आधुनिक फिजियोथेरेपी मशीनों का लोकार्पण होगा। इसके साथ ही जून माह में बच्चों के लिए विशेष कैंसर वार्ड, दो मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, 24 नई डायलिसिस मशीनें और 20 बेड की क्रिटिकल केयर मेडिसिन इकाई का भी शुभारंभ हो जाएगा। उन्होंने बताया कि पिछले चार महीनों में 800 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर और हेल्थ सब सेंटर के लिए निर्माण का आदेश दिया गया है और खुद मैंने 20 दिनों में 400 से अधिक ग्रामीण अस्पतालों का उद्घाटन व शिलान्यास किया है। अब बिहार की स्वास्थ्य सेवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिल रही है। पहले जो राज्य स्वास्थ्य सेवाओं के विभिन्न मानकों में सबसे नीचे गिना जाता था, अब विभिन्न स्वास्थ्य मानकों पर शीर्ष स्थानों पर दिखता है। श्री पांडेय ने कहा कि आइजीआइएमएस में 701 करोड़ की लागत से दो नए अस्पताल भवनों (1200 बेड और 500बेड क्षमता वाले) एवं बाउंड्री वाल, सड़क निर्माण एवं नाला निर्माण कार्य चल रहा है। 500 बेड वाले अस्पताल के दो ब्लॉकों का उद्घाटन हो चुका है और दो अन्य ब्लॉकों का उद्घाटन अगले तीन महीनों में होगा। वहीं 1200 बेड अस्पताल के पहले कुछ ब्लॉकों का लोकार्पण शीघ्र हो जाएगा। संस्थान की बढ़ती जरूरतों को देखते हुए 75 करोड़ की लागत से मल्टी-लेवल कार पार्किंग का निर्माण किया जाएगा। साथ ही मेडिकल शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए 96.26 करोड़ की लागत से नया लेक्चर थिएटर और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स भी तैयार किया जाएगा। छात्रों के लिए 100-100 बेड वाले नए बॉयज और गर्ल्स हॉस्टल का निर्माण भी प्रस्तावित है जिसकी कुल लागत 18.45 करोड़ होगी। इस संस्थान को डेंटल रिसर्च और एजुकेशन का राष्ट्रीय केंद्र बनाने के उद्देश्य से पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टिट्यूट ऑफ डेंटल एजुकेशन एंड रिसर्च की स्थापना की जाएगी जिसकी अनुमानित लागत 91.70 करोड़ है। यह संस्थान 20291 स्क्वायर मीटर क्षेत्र में आठ मंजिला होगा और पूर्वोत्तर भारत का प्रमुख दंत चिकित्सा संस्थान बनने की दिशा में कदम होगा। इस कार्यक्रम में धर्मेंद्र कुमार, प्रबंध निदेशक, बीएमएसआइसीएल, अमिताभ सिंह, स्वास्थ्य मंत्री के आप्त सचिव, डॉ बिन्दे कुमार, निदेशक, आइजीआइएमएस, डॉ मनीष मंडल, अधीक्षक, आइजीआइएमएस के साथ स्वास्थ्य विभाग और आइजीआइएमएस के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# सहकारिता से समृद्धि की ओर बढ़ रहा बिहार : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार भाजपा के वरीय नेता व बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने मुजफ्फरपुर जिला के जिला समाहरणालय के सभा कक्ष में सहकारिता बैंक शाखा में लाभार्थियों का ऋण वितरण सहित विभिन्न योजनाओं का पासबुक और परिपक्व राशि का वितरण कर लोगों को सहकारिता बैंक से जुड़ने की अपील की। धान अधिप्राप्ति सीतामढ़ी में 74.75%,मुजफ्फरपुर में गोदाम निर्माण का कार्य शुरू, दो गोदाम का शिलान्यास भी मंत्री जी के द्वारा किया गया। बिहार में मुजफ्फरपुर सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक की कुल 9 शाखाएं कार्यरत है। मुजफ्फरपुर प्रमंडल के अंतर्गत मधुमक्खी पालक, सब्जी उत्पादक कृषकों, मत्स्य पालक, बुनकरों और पैक्स के बेहतर कार्यों पर सुझाव और कार्ययोजना का प्रस्ताव लिया गया। बिहार राज्य फसल सहायता योजना से किसानों को मिला लाभ। किसानों को पैक्स के माध्यम से कृषि यंत्रों का मिल रहा है लाभ। पैक्स कंप्यूटर कृत हुए। मंत्री ने कहा कि खाद बीज, डीजल, पेट्रोल की बिक्री भी पैक्स के द्वारा हो रहा है। आज एक बार फिर से बिहार सहित पूरे देश में सहकारिता से जुड़ने के कारण लोगों को, कृषकों को आर्थिक रूप से मजबूती मिल रही है। देश की अर्थव्यवस्था और विकसित भारत के सपनों को साकार करने में अहम भूमिका सहकारिता का है। सहकार चौपाल से किसानों में जागृति लाई जा रही है। सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ इस वर्ष 2025 विश्व सहकारिता वर्ष मना रहा है। देश कर्मयोगी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी और देश के पहले सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहकारिता के बल पर देश को आर्थिक रूप से मजबूत करने का संकल्प द्वारा आया है।

# हर घर नल का जल निश्चय योजना के तहत प्राप्त 2228 आवेदनों में 865 पर कार्रवाई शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर राज्य के सभी 38 जिलों में अवस्थित दलित टोलों में आधारभूत संरचनाओं के निर्माण के लिए शिविर के माध्यम से हर घर नल का जल निश्चय योजना के लिए कुल 2228 आवेदन प्राप्त किए गए थे जिनमें कुल 865 आवेदनों को कार्ययोजना में शामिल कर लिया गया है जबकि प्राप्त 1215 आवेदनों पर कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। बता दें कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती यानी 14 अप्रैल से 17 मई तक राज्य के सभी 38 जिलों में अवस्थित दलित टोलों में रहने वाले 4,82,942 परिवारों से इस शिविर में हर घर नल का जल निश्चय योजना के लिए आवेदन मांगे गए थे। दलित टोलों में शिविर लगाकर हर घर नल का जल योजना के तहत छूटे हुए परिवारों से आवेदन मांगे गए थे। इसके लिए राज्य के सभी 38 जिलों में कुल 7284 शिविरों का आयोजन किया गया था। इस योजना के लिए सबसे अधिक 211 आवेदन दरभंगा से प्राप्त हुए थे। प्राप्त हुए 211 आवेदनों में 130 को कार्ययोजना में शामिल कर लिया गया है। शेष आवेदनों पर कार्यवाही की प्रक्रिया जारी है। इसी तरह सिवान में 197 आवेदनों में से 91 पर, मुजफ्फरपुर में 128 में से 20 पर, कैमूर में 107 में से 77 पर, पटना में 77 में 53 पर, रोहतास में 103 में से 22 पर, सारण में 103 में 03 पर, सीतामढ़ी में 119 में 03 पर और भोजपुर में 87 में 12 पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# नेहरू परिवार ने भारत को हमेशा कमजोर करने का काम किया : डॉ. दिलीप जायसवाल

## कांग्रेस आतंकवादियों को ऑक्सीजन देने और उनका मनोबल बढ़ाने का कोई मौका नहीं छोड़ती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने शुक्रवार को कांग्रेस पर जोरदार सियासी हमला बोलते हुए कहा कि नेहरू परिवार शुरू से ही भारत को कमजोर करने का काम किया है और आज भी इसके वारिस विश्वभर में भारत को अपमानित करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गौर से देखें तो नेहरू परिवार के लोग दूसरे देशों के ज्यादा समर्थक बन जाते हैं और उनकी बातों पर ही 'हां' में 'हां' मिलाते हैं, चाहे वह चीन हो या पाकिस्तान हो। उन्हें न भारत की सरकार पर विश्वास होता है न सेना पर। उन्होंने याद दिलाते हुए कहा कि यही वे कांग्रेस के नेता हैं जो पूर्व में किए गए सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक को लेकर सबूत मांगते रहे हैं। डॉ. जायसवाल ने दावा करते हुए कहा कि ऐसे नेताओं की जनता पहचान करेगी और देश से बहिष्कृत करेगी। उन्होंने भारत की सरकार और देश की सेना के पराक्रम को याद करते हुए कहा देश ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत सेना के उस शौर्य और पराक्रम को देखा है जिसमें पाकिस्तान में घुसकर आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद किया गया और आतंकवादियों का जनाजा पाकिस्तान में निकाला गया। देश इस बात को लेकर खुश है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत मजबूत है, भारत नए रूप में दुनिया के सामने पेश हो रहा है। यही नया भारत है। उन्होंने कहा कि यह वही कांग्रेस है जो आतंकियों को भी 'जी' कहकर संबोधित करती है जब भारत में पड़ोसी देश के आतंकवादी किसी घटना को अंजाम देकर चले जाते थे तो हम केवल निंदा करते थे। आज भारत के तेवर को दुनिया देख रही है। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। पाकिस्तान अगर हरकत करेगा तो उसे करारा जवाब दिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने साफ कर दिया है कि अगर पाकिस्तान से कोई वार्ता होती है तो आतंकवाद और पीओके ही मुख्य एजेंडा होगा। भारत ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि कोई मध्यस्थता स्वीकार नहीं होगी। ऐसे में कांग्रेस के नेता कई तरह के बयान देकर विश्व में भारत की छवि को कमजोर करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर कांग्रेस पार्टी का क्या स्टैंड रहता है, यह देश कई मौकों पर देख चुका है। डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस पाकिस्तानी सेना एवं आतंकवादियों को ऑक्सीजन देने तथा उनका मनोबल बढ़ाने का कोई मौका नहीं छोड़ती।

# कांग्रेस पार्टी के संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा हेतु पर्यवेक्षक नियुक्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने बिहार के छः जिलों में संगठनात्मक कार्यों एवं सांगठनिक गतिविधियों की समीक्षा के मद्देनजर पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं। इस बाबत बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम के निर्देश पर नियुक्त किए गए पर्यवेक्षकों की अधिसूचना जारी की गई जिन जिलों में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति हुई है उनमें औरंगाबाद, गया, बक्सर, सारण, नवादा और लखीसराय प्रमुख हैं। औरंगाबाद के लिए सत्येंद्र कुमार सिंह, प्रदुम्न कुमार यादव एवं संजय भारती की नियुक्ति हुई है जबकि गया जिला के लिए मनोज कुमार सिंह भारद्वाज, विवेक यादव और सुरेश मुखिया बिंद निषाद नियुक्त किए गए हैं। वहीं बक्सर जिले के लिए कैलाश पाल, शाश्वत केदार पाण्डेय एवं मो. परवेज अहमद की नियुक्ति हुई है जबकि सारण के लिए सुनील कुमार सिंह, प्रो सुनील कुमार एवं राजीव विहंगम नियुक्त किए गए हैं। नवादा जिले के लिए अश्विनी कुमार सिंह, दिलशाद अहमद खान और शिवशंकर प्रसाद की नियुक्ति हुई है जबकि लखीसराय जिले के लिए राजकुमार शर्मा, मिथिलेश शर्मा मधुकर और मो. तमन्ना नियुक्त किए गए हैं। सभी नियुक्त पर्यवेक्षक एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिवेदन प्रदेश कांग्रेस कार्यालय को समर्पित करेंगे।

# चाणक्य स्कॉलरशिप परीक्षा 2025 के टॉपर्स घोषित

## छात्रों को मिलेगा 1 लाख रुपये तक की स्कॉलरशिप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** चाणक्य स्कॉलरशिप परीक्षा 2025 के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। इस परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्रों को 1 लाख रुपये तक की स्कॉलरशिप दी जाएगी। यह परीक्षा चाणक्य स्कॉलरशिप के निदेशक राजेश कुमार पांडेय की दूरदर्शिता का परिणाम है जिनका सपना है कि बिहार के हर विद्यार्थी को शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधा मिले। इस साल परीक्षा में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था। कड़ी मेहनत और संघर्ष के बाद प्रत्युष राज ने पहला स्थान (रैंक 1) हासिल किया है। रैंक 2 पर श्वेता भारती और सुमन कुमारी रही हैं।



वहीं रैंक 3 पर सुशील सुमन और हिमांशु कुमार ने जगह बनाई है। सभी टॉपर्स को चाणक्य स्कॉलरशिप के तहत 1 लाख रुपये की स्कॉलरशिप दी जाएगी। यह



स्कॉलरशिप छात्रों को मगध ग्रुप ऑफ एजुकेशन के विभिन्न कॉलेजों में पढ़ाई करने का मौका देगी। इनमें मगध पारामेडिकल एंड नर्सिंग इंस्टीट्यूट, मगध इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, विवेकानंद पारामेडिकल एंड नर्सिंग कॉलेज, चाणक्य कॉलेज ऑफ एजुकेशन और डॉ. त्रिशूलधारी पांडेय मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन शामिल हैं। राजेश कुमार पांडेय ने कहा कि इस स्कॉलरशिप का उद्देश्य प्रतिभाशाली छात्रों को आगे बढ़ने का अवसर देना है ताकि वे अपने सपनों को साकार कर सकें।

# दलित टोलों में बिजली कनेक्शन के लिए मिले 450 आवेदनों में 145 को मिला कनेक्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** दलित टोलों में आधारभूत संरचनाओं के निर्माण और इन्हें अधिक विकसित करने के उद्देश्य से डॉ अंबेडकर समग्र सेवा अभियान चलाया गया। यह अभियान बाबा साहब की जयंती 14 अप्रैल से 17 मई तक चला। इसके तहत सभी 38 जिलों के दलित टोलों में कुल 7284 शिविर लगाए गए। इनमें बिजली कनेक्शन प्राप्त करने के लिए कुल 450 आवेदन प्राप्त किए गए। इनमें 145 आवेदनों पर बिजली कनेक्शन उपलब्ध करा दी गई है जबकि 305 आवेदन प्रक्रियाधीन हैं। इनमें सबसे अधिक 71 आवेदन मुजफ्फरपुर जिला से प्राप्त हुए हैं। 12 आवेदनों पर तत्काल कार्रवाई कर दी गई है जबकि 57 को विद्युत कनेक्शन देने की प्रक्रिया चल रही है। इसी तरह अररिया में मिले 10 आवेदनों 5, औरंगाबाद में आए 14 आवेदनों में तीन, बांका में 15 आवेदनों में आठ, दरभंगा में आए 14 में 10, पूर्वी चंपारण में आए 14 आवेदनों में 10, गोपालगंज में आए 23 आवेदनों में 04, कैमूर में आए 21 आवेदनों में 19, मधुबनी में मिले 20 आवेदनों में 05, नालंदा में मिले 14 आवेदनों में 03, सारण में आए 20 आवेदनों में 01, सिवान में आए 51 आवेदनों में 22 और वैशाली में आए कुल 24 आवेदनों में 03 को तत्काल बिजली का कनेक्शन दे दिया गया है। इनमें राज्य के कई जिले ऐसे भी हैं जहां के दलित टोलों से बिजली कनेक्शन का एक भी आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। ऐसे जिलों में जहानाबाद, खगड़िया और पूर्णियां शामिल हैं।

# कोरोना के दस्तक को देख बिहार में बरती जा रही सतर्कता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत में एक बार फिर कोविड-19 का नया वैरिएंट चिंता का कारण बन गया है। जेएन-1 जैसे नए वेरिएंट्स के देश के कुछ हिस्सों में बढ़ते मामलों को देखते हुए बिहार ने भी एहतियाती कदम उठाए जाने लगे हैं। राज्य में कोरोना से निपटने के लिए पहले से ही मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी), दिशानिर्देश और आवश्यक स्वास्थ्य बुनियादी ढांचा (इंफ्रास्ट्रक्चर) तैयार है। स्वास्थ्य विभाग केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित नई गाइडलाइंस का बेसब्री से इंतजार कर रहा है, जो आपात बैठक के बाद जारी की जा सकती है। यह दर्शाता है कि राज्य सरकार बदलते हालात के साथ अपनी रणनीति को अपडेट करने के लिए तत्पर है। स्वास्थ्य विभाग ने आम जनता को लगातार सतर्क रहने की सलाह दी है और कुछ प्रमुख उपायों का पालन करने पर जोर दिया है। इनमें भीड़-भाड़ वाले इलाकों में मास्क का नियमित उपयोग करने की सलाह दी जा रही है। हाथों को नियमित रूप से साबुन और पानी से धोना या सैनिटाइजर का उपयोग करना महत्वपूर्ण है। किसी भी तरह के कोरोना जैसे लक्षण (जैसे बुखार, खांसी, गले में खराश, सांस लेने में तकलीफ आदि) दिखने पर तुरंत जांच कराने और चिकित्सकीय सलाह लेने की अपील की गई है। इसके साथ ही संक्रमित व्यक्ति से दूरी बनाए रखना, खांसते या छींकते समय मुंह को रूमाल या कोहनी से ढंकना और गंदे हाथों से आंख, नाक या मुंह न छूना भी महत्वपूर्ण है। बीमारी के दौरान खुद को घर में अलग रखना संक्रमण के प्रसार को रोकने में सहायक है। कोरोना के अलावा बिहार में अन्य संक्रामक रोगों, जैसे एचएमपीवी वायरस को लेकर भी अलर्ट जारी किया गया है। एचएमपीवी के लक्षण कोविड-19 के समान ही होते हैं जिसमें सांस लेने में तकलीफ शामिल है। स्वास्थ्य विभाग ने सभी जिलों को कोरोना की तर्ज पर ही एचएमपीवी से निपटने के लिए इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। इसमें अस्पतालों में फ्लू कॉर्नर की व्यवस्था करना और संदिग्ध मरीजों के सैंपल पुणे की लैब भेजने के निर्देश भी शामिल हैं।

# कांग्रेस की माई बहिन योजना पर जदयू ने उठाया सवाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कांग्रेस के माई बहिन योजना के तहत 2500 रूपये महिलाओं को देने की घोषणा पर जदयू ने तीखा हमला बोला है। शुक्रवार को जदयू कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में पार्टी के मुख्य प्रवक्ता और प्रवक्ता अंजुम आरा ने कांग्रेस पर बिहार की बेटियों को ठगने और झूठी घोषणाएं करने का आरोप लगाया। नीरज कुमार ने कांग्रेस की कर्नाटक में चल रही गृह लक्ष्मी योजना पर सवाल उठाते हुए कहा कि कांग्रेस नेता अलका लांबा ने दावा किया था कि कर्नाटक में 1.1 करोड़ महिलाओं को हर महीने 2000 रुपये दिए जाएंगे, लेकिन जनगणना के अनुसार वहां केवल 19 लाख 65 हजार महिलाएं ही घर की मुखिया हैं। फिर बाकी महिलाओं को पैसा कैसे मिलेगा? उन्होंने अलका लांबा पर महिला होने के बावजूद महिलाओं का अपमान करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस आंकड़ों में हेराफेरी कर रही है और कर्नाटक में दलित महिलाओं के पैसे को दूसरी योजनाओं में डायवर्ट कर रही है। नीरज कुमार ने कांग्रेस को दलित और आदिवासी विरोधी बताते हुए चुनौती दी कि वह सदाकत आश्रम में आकर खुली बहस करे।

# डॉक्टर ऑफ फॉर्मेसी एवं एम फार्मा एक ही कैंपस में प्रारम्भ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** फार्मेसी जगत से जुड़े व्यक्तियों एवं छात्र-छात्राओं के साथ ही फार्मेसी के क्षेत्र में बिहार राज्य की यह महत्वपूर्ण उपलब्धि है जो कि उच्च स्तरीय फार्मेसी प्रोफेसनल्स तैयार होंगे हमारे राज्य में। इस हेतु अम्बेदकर इस्टीच्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, छितनावां, दानापुर, पटना को फार्मेसी काउन्सिल ऑफ इंडिया, न्यू दिल्ली द्वारा एम फार्म के साथ ही डॉक्टर ऑफ फार्मेसी पाठ्यक्रम संचालन हेतु मान्यता प्रदान कर दी गई है। संस्थान में पूर्व से संचालित डिप्लोमा इन फार्मेसी एवं बैचलर्स ऑफ फार्मेसी की मान्यता का नवीनीकरण भी फार्मेसी काउन्सिल ऑफ इंडिया, न्यू दिल्ली द्वारा कर दिया गया है। डॉक्टर ऑफ फार्मेसी का



दायरा बहुत बड़ा है जो स्वास्थ्य सेवा में कैरियर का अवसर प्रदान करता है जिसमें क्लिनिकल फार्मेसी, ड्रग मैनेजमेंट एवं रोगी की देखभाल भी शामिल है।

अम्बेदकर इंस्टीच्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, फार्मेसी के क्षेत्र में डिप्लोमा, डिग्री एवं एम फार्म से लेकर डॉक्टर ऑफ फार्मेसी का शिक्षण प्रदान करने वाला बिहार का पहला एवं अग्रणी संस्थान बन गया है। संस्थान के प्रबंध निदेशक डॉ. कौशल कुमार गिरि ने कहा कि यह उपलब्धि केवल संस्थान की ही नहीं, बल्कि पूरे बिहार राज्य की है। संस्थान में उच्च गुणवत्ता वाली प्रयोगशाला, अनुभवी फैक्लटी, कम्प्यूटर लैब, हर्बल गार्डेन, छात्रावास एवं अन्य सुविधाओं की गुणवत्ता को फार्मेसी काउन्सिल ऑफ इंडिया, न्यू दिल्ली ने उच्च स्तर का स्वीकार करते हुए अम्बेदकर ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन, बेली रोड, गोला रोड, पटना के अन्तर्गत तीनों संस्थानों को मान्यता प्रदान किया है। राज्य में अम्बेदकर इंस्टीच्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, छितनावां, दानापुर एवं अम्बेदकर कॉलेज ऑफ एजुकेशन, अमरातालाब, सासाराम, रोहतास तथा दरौंधा, सिवान स्थित ममता इंस्टीच्यूट ऑफ एजुकेशन को नवीन पाठ्यक्रमों हेतु मान्यता प्रदान करते हुए पूर्व से संचालित पाठ्यक्रम डिप्लोमा एवं डिग्री इन फार्मेसी की मान्यता को नवीनीकरण प्रदान किया है। डॉक्टर ऑफ फार्मेसी कोर्स छात्रों को हेल्थ केयर सिस्टम तथा क्लिनकल प्रैक्टिस की विशेषज्ञता प्रदान करती है जिससे बिहार में स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता बेहतर होगी। इससे छात्रों को बिहार राज्य के साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार के अवसर मिलेंगे। इस संबंध में डा. कुमार ने कहा कि संस्थान के शिक्षकों की गुणवत्ता उनका समर्पण एवं विजन से अम्बेदकर इंस्टीच्यूट ऑफ हायर एजुकेशन फार्मेसी जगत के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने में सफल रहा।

# खरीफ सिंचाई पूरी रफ्तार में, विभागीय निरीक्षण व सुधार कार्य जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** खरीफ सिंचाई 2025 की तैयारी को लेकर जल संसाधन विभाग द्वारा डिहरी परिक्षेत्र में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत व्यापक कार्य आरंभ किए गए हैं। शीर्ष 2700 के अंतर्गत इस परिक्षेत्र में 08 अदद योजनाओं पर कार्य चल रहा है। इन योजनाओं में नहरों की सफाई, क्षतिग्रस्त किनारों की मरम्मत, जल के निर्बाध प्रवाह हेतु अवरोध हटाना तथा सहायक संरचनाओं को दुरुस्त करने जैसे कार्य शामिल हैं। यांत्रिक प्रमंडल के माध्यम से सभी नहर गेटों और जल संरचनाओं का संयुक्त निरीक्षण कर लिया गया है जहां आवश्यकता पाई गई, वहां शीघ्र ही मरम्मति कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। बीते वर्ष जिन स्थानों पर नहरों में टूट-फूट की समस्या उत्पन्न हुई थी, उन्हें भी ठीक किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त आगामी सिंचाई सत्र में निर्बाध संचालन के लिए मानव बल का पैनल भी तैयार कर लिया गया है। ताकि किसी भी स्थिति में जल आपूर्ति में रुकावट न आने पाए। विभाग यह सुनिश्चित कर रहा है कि किसानों को समय पर सिंचाई जल उपलब्ध हो और उनकी फसलें सुरक्षित रूप से पनप सकें।

# मां वैष्णो देवी सेवा समिति 8 जून को 51 जोड़े का सामूहिक विवाह कराएगा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मां वैष्णो देवी सेवा समिति द्वारा 'एक विवाह ऐसा भी' के 13वें संस्करण के अंतर्गत 8 जून को 51 जोड़े का दहेज रहित सामूहिक विवाह कराया जाएगा। यह जानकारी तैयारी बैठक के बाद मां वैष्णव देवी सेवा समिति के कार्यक्रम संयोजक कन्हैया अग्रवाल (कन्नू) ने दी। अग्रवाल ने बताया कि इसके लिए राज्यपाल बिहार, मुख्यमंत्री सहित अन्य मंत्रियों को आमंत्रित किया गया है। कन्हैया अग्रवाल ने बताया कि पटना के महाराणा प्रताप भवन आर्य कुमार रोड में शादी का सभी विधि विधान आयोजित होगा। इसमें वर एवं वधू पक्ष के लोग मौजूद रहेंगे। बारात यहीं से 8 जून को संध्या 4 बजे निकलेगी जिसमें 51 अलग-अलग घोड़े पर 51 दूल्हे राजा बैठेंगे। विवाह हेतु श्रीकृष्ण मेमोरियल में 16 हजार स्क्वायर फीट का पंडाल बनाया जा रहा है। विवाह में प्रत्येक जोड़े को आवश्यक जरूरी सामान भी दिया जाएगा। शादी के लिये निबंधन हेतु उम्र प्रमाण पत्र लड़के व लड़कियों को देना जरूरी होता है। लड़के की उम्र 21 एवं लड़की की उम्र 18 वर्ष से अधिक होना अनिवार्य है जिनके पास मैट्रिक का प्रमाणपत्र नहीं होता है। उनको नोटरी से शपथपत्र लेना होता है। साथ ही गांव के मुखिया से सर्टिफिकेट भी जरूरी होता है। निबंधन हेतु मोबाइल नंबर 9931158774 और 9835093400 पर संपर्क कर रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है। मौके पर मुकेश हिसारिया ने बताया कि इस वर्ष शादी में विशेष आयोजन स्पाईनल कॉर्ड इंज्यूरी का रहेगा। इसमें बिहार के बहुत सारे वैसे बच्चे आएंगे जिनका कमर से नीचे का हिस्सा काम नहीं कर पा रहा है। उन बच्चों के लिए अस्पतालों में विशेष व्यवस्था करने का अनुरोध किया जाएगा। मौके पर समिति के अध्यक्ष जय प्रकाश सरावगी ने बताया कि इस सामूहिक विवाह में भाग लेने वाले जोड़े को बिहार के प्रमुख हस्तियों द्वारा आशीर्वाद दिया जाएगा। बैठक में समिति के संस्थापक सदस्य मुकेश हिस्सारिया, अध्यक्ष जय प्रकाश सरावगी, सचिव संजय तोतला, जगजीवन सिंह, कन्हैया अग्रवाल (कन्नू), नन्द किशोर अग्रवाल, जितेंद्र कुमार (जीतू) आदि उपस्थित थे।

# केन्द्र सरकार ने बिहार में कर्मचारी राज्य बीमा सोसाइटी के गठन की दी मंजूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** केंद्र सरकार द्वारा बिहार में कर्मचारी राज्य बीमा सोसाइटी के गठन की स्वीकृति दे दी गई है। बिहार कैबिनेट के अनुमोदन के उपरांत सोसाइटी का निबंधन कराया जा चुका है तथा इसकी स्वीकृति हेतु भारत सरकार से अनुरोध किया गया था, अब केंद्र द्वारा प्रस्ताव पर सहमति प्रदान कर दी गई है। इएसआइसी के क्षेत्रीय निदेशक बिहार 'सीए निरंजन कुमार' ने बताया कि कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 की धारा 58 (5) के प्रावधानों को राज्य में लागू करने के लिए यह सोसाइटी मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में कार्य करेगी। इस मंजूरी के फलस्वरूप बिहार में इएसआइ योजना से जुड़े संगठित क्षेत्र के 4.5 लाख बीमितों/कामगार एवं उनसे जुड़े परिवार के सदस्यों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने व उसे सुदृढ़ बनाने के लिए सोसाइटी को प्रशासनिक प्रबंधन एवं वित्तीय व्यवस्था संचालित करने की स्वायत्ता प्राप्त हो गई है। बिहार में औषधालयों के संचालन के लिए सोसाइटी अपने स्तर पर चिकित्सा अधिकारियों, नर्सिंग व पारा मेडिकल कर्मियों की प्रतिनियुक्ति या संविदा आधारित नियुक्तियां कर सकेगी, इससे बीमितों को चिकित्सा सुविधाएं आसानी से उपलब्ध कराई जा सकेगी। विदित हो कि सोसाइटी में मुख्य सचिव, बिहार के नेतृत्व में केंद्र सरकार के अंतर्गत इएसआइसी के क्षेत्रीय निदेशक व राज्य चिकित्सा अधिकारी, बिहार सरकार के श्रम संसाधन व स्वास्थ्य विभाग के वरीय अधिकारियों, बिहार क्षेत्र के नियोक्ता एवं श्रमिक प्रतिनिधियों को भी सदस्य बनाया गया है।

# पीएमआई इंडिया लगाएगी तंबाकू के अवैध व्यापार पर लगाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** फिलिप मोरिस इंटरनेशनल इंक (पीएमआई) की भारतीय साझेदार कंपनी आईपीएम इंडिया ने भारत सरकार के पैक स्तर पर ट्रैक एंड ट्रेस (टी एण्ड टी) प्रणाली लागू करने के फैसले का स्वागत किया है। कंपनी के अनुसार यह कदम न केवल तंबाकू के अवैध व्यापार पर रोक लगाने की दिशा में निर्णायक साबित होगा, बल्कि देश में नियामक निगरानी प्रणाली को भी आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा बदलाव है। यह सुधार केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम की धारा 148ए के तहत स्वीकृत है और इसका उद्देश्य राजस्व की रक्षा करना, निगरानी को कड़ा बनाना तथा तंबाकू व्यापार में पारदर्शिता और जवाबदेही लाना है। इस पहल की शुरुआत सिगरेट पैक से की जा रही है जिसमें हर पैक पर विशिष्ट पहचान कोड अंकित किया जाएगा। इससे कर चुकाए गए उत्पादों को अवैध उत्पादों से आसानी से अलग पहचाना जा सकेगा। यह प्रणाली रिटेल स्टोर, आपूर्ति श्रृंखला और फील्ड निरीक्षणों पर निगरानी को और अधिक सशक्त बनाएगी। ट्रैक एंड ट्रेस एक व्यावहारिक समाधान है, जो तुरंत असर दिखाएगा और तकनीक-आधारित एक आधुनिक नियामक प्रणाली की नींव रखेगा। पीएमआई को 140 से अधिक देशों में ट्रैक एंड ट्रेस सिस्टम को स्वैच्छिक रूप से लागू करने का व्यापक अनुभव है। यूरोपीय संघ में कंपनी 'टोबैको प्रोडक्ट्स डायरेक्टिव' के तहत काम करती है जहां हर पैक डिजिटल टैग किया जाता है और पूरी आपूर्ति श्रृंखला में उसका ट्रैक रखा जाता है। यूके, रूस, जॉर्डन और गल्फ कॉपरेशन काउंसिल (जीसीसी) देशों में भी इस तकनीक को सफलता से लागू किया गया है जहां पीएमआई ने स्थानीय सरकारों के साथ मिलकर पारदर्शी और प्रभावी निगरानी व्यवस्था विकसित की है। इन सभी देशों में परिणाम एक जैसे रहे हैं- निगरानी बेहतर हुई है, नियमों का पालन सख्त हुआ है और अवैध तंबाकू व्यापार में स्पष्ट गिरावट देखी गई है। आईपीएम इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर नवनील कर ने ट्रैक एंड ट्रेस जैसी सख्त प्रणाली की जरूरत पर जोर देते हुए कहा यह एक बड़ा सुधार है और भारत को एक अधिक स्वच्छ, आधुनिक और पारदर्शी तंबाकू बाजार की ओर ले जाने वाला दूरदर्शी कदम है।

## संपादकीय

# बीएसपी का संकट

बीएसपी सुप्रीमो मायावती अपने फैसलों से सभी को चौंकाती रही हैं और भतीजे आकाश आनंद को पार्टी का चीफ नैशनल कोऑर्डिनेटर बनाकर उन्होंने एक बार फिर यही किया है। हालांकि सियासी मजबूरी में लिए गए इस निर्णय से पार्टी के भीतर का असमंजस और संकट भी सामने आ गया है। पिछले एक साल के भीतर आकाश दो बार पद गंवा चुके हैं और दो बार उनकी वापसी हो चुकी है। उनकी हर वापसी पहले से ज्यादा दमदार रही। इस बार तो उनके लिए मायावती ने नया पद ही बना दिया। आकाश आनंद को लेकर पहले जैसा घमासान मचा था और अब जिस तरह से उनकी वापसी हुई है, उससे बसपा समर्थकों के मन में कई सवाल जरूर होंगे। दलित राजनीति में मायावती आज भी बड़ा नाम हैं। लेकिन, यह भी सच्चाई है कि हर नेता का वक्त होता है और उसे समय रहते अपना उत्तराधिकारी तैयार करना पड़ता है। लगता है कि मायावती इसके लिए पूरी तरह से मन नहीं बना पा रही हैं। पार्टी का एकमात्र चेहरा वह खुद हैं। उनके बाद दूसरी कतार के ज्यादातर नेता पार्टी छोड़कर जा चुके हैं या निष्कासित कर दिए गए हैं। मायावती ने अपना कोई विकल्प कभी उभरने नहीं दिया। ऐसे में आकाश की वापसी के अलावा कोई रास्ता नहीं था। मायावती पार्टी को अपनी विशिष्ट शैली में चलाती हैं, समर्थकों से संवाद करने का उनका अपना तरीका है। हालांकि सोशल मीडिया के दौर में वोटर्स की जो नई पीढ़ी आई है, वह उस पुराने तरीके से शायद बीएसपी से कनेक्ट नहीं कर पा रही। उसने बहुजन आंदोलन के संघर्ष को नहीं देखा है। चुनावों को छोड़कर, बाकी वक्त में पार्टी सक्रिय विपक्ष की भूमिका में नहीं दिखती - न उसने पिछले काफी समय से कोई बड़ा आंदोलन किया है। कन्फ्यूजन में घिरी बीएसपी चुनावों में उतरती तो है, लेकिन अब टक्कर देती हुई नहीं दिखती। पिछले एक दशक में उसका वोट शेयर लगातार नीचे आया है। 2019 आम चुनाव में पार्टी ने जब समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन किया था, तब उसका वोट शेयर 19.2 प्रतिशत था और 10 सीटें मिली थीं। 2024 में अकेले चुनाव लड़ने उतरी बीएसपी का वोट शेयर केवल 9.3 प्रतिशत रह गया और खाता भी नहीं खुला। इसी तरह, 2022 के विधानसभा चुनाव में 12.8 प्रतिशत वोट मिले थे।

बीएसपी के वोटर पार्टी के प्रति समर्पित माने जाते हैं। लेकिन, आंकड़े बताते हैं कि यह कोर वोटबैंक भी मायावती से दूर जा रहा है और इसका फायदा मिल रहा है भाजपा व समाजवादी पार्टी को। सदन से सड़क तक बीएसपी की मौजूदगी सिमटती गई है और 2027 का विधानसभा चुनाव उसके लिए अस्तित्व की लड़ाई है। इसके पहले उसे सारे कन्फ्यूजन दूर करने होंगे।

**भारत विरोधी शक्तियों के हाथ में खेलकर देश को मुश्किल में डालने का यह कृत्य परेशान एवं चिन्ता में डालने वाला है। बहुत संभव है कि जासूसी कांड में लिप्त ये भारतीय बड़े आर्थिक प्रलोभनों के लालच में पाक एजेंटों के जाल में फंसे हों। लेकिन बड़ा प्रश्न है कि कैसे कुछ लोग पैसे व शानोशौकत के लालच में देश की सुरक्षा व लोगों का जीवन भी दांव पर लगा सकते हैं? देश के भीतर के ये दुश्मन बाहरी दुश्मनों से ज्यादा घातक एवं नुकसानदेय हैं। पाकिस्तानी जासूसी एजेंसी आईएसआई से ताल्लुक रखने पर पिछले दिनों हरियाणा, पंजाब व यूपी के इन लोगों की गिरफ्तारी ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। लेकिन इनकी गहन जांच से और भी गंभीर खुलासे होने की संभावनाओं को नकारा नहीं जा सकता।**

# भीतर के दुश्मनों के खिलाफ सख्ती-चौकसी बढ़ानी होगी

**(ललित गर्ग )**

भारत विरोधी शक्तियों के हाथ में खेलकर देश को मुश्किल में डालने का यह कृत्य परेशान एवं चिन्ता में डालने वाला है। बहुत संभव है कि जासूसी कांड में लिप्त ये भारतीय बड़े आर्थिक प्रलोभनों के लालच में पाक एजेंटों के जाल में फंसे हों।

पाकिस्तान भारत के अनेक लालची, शानोशौकत के आकांक्षी, देशद्रोही एवं देश के दुश्मन लोगों का इस्तेमाल भारत के खिलाफ प्रचार और जासूसी गतिविधियों के लिए कर रहा था। ऐसे ही कुछ देश विरोधी तत्वों का पर्दाफाश होना चौंकाता भी है एवं चिन्ता में भी डालता है। ऐसे ही तत्वों में एक नाम है ज्योति मल्होत्रा, उस पर आरोप है कि वह न केवल सोशल मीडिया पर पाकिस्तान की सकारात्मक छवि पेश कर रही थी, बल्कि उसने पाक खुफिया एजेंसी के एजेंटों से भारत से जुड़ी संवेदनशील जानकारियां भी साझा कर रही थीं, जिनमें ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी गोपनीय जानकारियां भी थीं। वह एक खुफिया एजेंट के रूप में सीमा पार से चलाए जा रहे नेटवर्क का हिस्सा थी। देश की सुरक्षा एजेंसियों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि भारत की मिट्टी पर छिपे गद्दार कितनी भी चालाकी से छिप जाएं, वे कानून की नजरों से नहीं बच सकते। उम्मीद है कि पूछताछ में ऐसे सबूत मिल सकते हैं जो भारत के खिलाफ बड़ी साजिशों का खुलासा कर सके। 'ऑपरेशन 'सिंदूर' ने न सिर्फ सरहद पार बैठे दुश्मनों की नींद हराम कर दी है, बल्कि देश के भीतर बैठे गुप्त गद्दारों की भी कमर तोड़ दी है। हाल ही में लगातार ऐसे अनेक राष्ट्र-विरोधी जासूसों की गिरफ्तारी ने जता दिया कि भारत हर मोर्चे पर देश की सुरक्षा एवं संरक्षा के लिये प्रतिबद्ध है। ये गिरफ्तारियां अनेक दृष्टियों से महत्वपूर्ण एवं यह भी पाक की एक करारी हार ही है।

पाक के लिए जासूसी करने के आरोप में हरियाणा के हिसार की यूट्यूबर और ट्रैवल ब्लॉगर ज्योति मल्होत्रा समेत छह लोगों की खुफिया एजेंसियों से मिली जानकारी के आधार पर की गयी गिरफ्तारी भारत की सतर्कता एवं सावधानी को तो दर्शाती ही है, इससे यह भी स्पष्ट होता है कि इस चुनौती भरे समय में भीतर के दुश्मनों की शिनाख्त एवं उनकी धडपकड़ कितनी जरूरी है। 'ट्रैवल विद जो' नाम से यू-ट्यूब चैनल चलाने वाली ज्योति पर आरोप है कि वह पाक के कई उच्च अधिकारियों के संपर्क में थी और भारत से जुड़ी गुप्त सूचनाएं पाक तक पहुंचाती थी। पता यह भी चला है कि पाक यात्रा के दौरान उसकी मुलाकात पाक उच्चायोग के एक कर्मचारी दानिश से हुई, जिसके माध्यम से उसकी पहचान आइएसआइ के एजेंटों से हुई। ज्योति इन एजेंटों के साथ व्हाट्सएप, टेलीग्राम और स्नैपचैट के जरिये संपर्क में थी। कहते हैं कि उसने एक पाक खुफिया अधिकारी के साथ गहरे संबंध बनाये और उसके साथ बाली भी गयी थी। ज्योति एवं उसके सहयोगी



बेखौफ भारत की अति-संवेदनशील एवं गोपनीय सूचनाओं को पाक से साझा करते हुए देश को नुकसान पहुंचा रहे थे। ये सभी आम नागरिकों की तरह जिंदगी जी रहे थे, लेकिन इनके इरादे राष्ट्रविरोधी थे। देश की कीमत पर सारे राष्ट्र-मूल्यों एवं निष्ठाओं को ताक पर रखकर धनार्जन की लालसा और मौज-मस्ती का लक्ष्य घिनौना एवं अक्षम्य अपराध है। राष्ट्र को इन विस्फोटक विसंगतियों से बचाना होगा।

भारत विरोधी शक्तियों के हाथ में खेलकर देश को मुश्किल में डालने का यह कृत्य परेशान एवं चिन्ता में डालने वाला है। बहुत संभव है कि जासूसी कांड में लिप्त ये भारतीय बड़े आर्थिक प्रलोभनों के लालच में पाक एजेंटों के जाल में फंसे हों। लेकिन बड़ा प्रश्न है कि कैसे कुछ लोग पैसे व शानोशौकत के लालच में देश की सुरक्षा व लोगों का जीवन भी दांव पर लगा सकते हैं? देश के भीतर के ये दुश्मन बाहरी दुश्मनों से ज्यादा घातक एवं नुकसानदेय हैं। पाकिस्तानी जासूसी एजेंसी आईएसआई से ताल्लुक रखने पर पिछले दिनों हरियाणा, पंजाब व यूपी के इन लोगों की गिरफ्तारी ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। लेकिन इनकी गहन जांच से और भी गंभीर खुलासे होने की संभावनाओं को नकारा नहीं जा सकता। ये एक गंभीर चुनौती है और हमारी कानून प्रवर्तन एजेंसियों और खुफिया संस्थाओं को अब इस चुनौती को गंभीरता से लेना होगा। इन लोगों के तार भीतर कहां-कहां जुड़े है, इसका पर्दाफाश होना ज्यादा जरूरी है। ये तत्व देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ ही सांप्रदायिक सद्भाव एवं आम-जनजीवन को भी खतरे में डाल सकते हैं।

यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि हरियाणा की ज्योति कथित तौर पर हाल के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के एक कर्मचारी के संपर्क में थी, जिसे हाल ही में भारत विरोधी गतिविधियों के लिये देश से निकाला गया। इस मामले में चल रही जांच से पता चला है कि 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले से पहले ज्योति कश्मीर गई और उससे पहले पाकिस्तान गई थी। एक से अधिक बार पाकिस्तान जा चुकी ज्योति पर खुफिया अधिकारियों की नजर तो थी ही, ज्योति के कई वीडियोज ने भी खुफिया एजेंसियों का ध्यान खींचा, चाहे वह नयी दिल्ली स्थित पाक दूतावास में इफ्तार की दावत का वीडियो हो, पिछले साल हुए विश्व कप में भारत-पाक मैच में दर्शकों की प्रतिक्रिया वाला वीडियो हो या कश्मीर घूमने आये लोगों पर बनाये गये वीडियो हों। विडंबना है कि पाकिस्तान भारत में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का गलत फायदा उठा रहा है। जांच एजेंसियों के मुताबिक, ज्योति को दुबई के एक कथित हैंडलर के माध्यम से भुगतान किया जाता था।

यह खुलासा केवल ज्योति तक सीमित मामला नहीं है, बल्कि इसके जरिये एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ है उस पर पाक के खुफिया अधिकारियों को संवेदनशील जानकारी देने के आरोप हैं। यूपी के रहने वाले शहजाद और नौमान इलाही पर भी इसी तरह के आरोप हैं। पंजाब में मालेरकोटला के दो लोगों को भी जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया। जांच एजेंसियों को पता लगाना होगा कि क्या इन आरोपियों की सैन्य या रक्षा अभियानों से संबंधित जानकारी तक सीधी पहुंच थी या वे इसे उच्च पदस्थ स्रोतों से प्राप्त कर रहे थे? इन बातों का खुलासा होना सुरक्षा एवं सैन्य गोपनीयता की दृष्टि से ज्यादा जरूरी है। गिरफ्तार सभी अपराधियों को गंभीर पूछताछ के बाद कठोर सजा मिलनी चाहिए। दुश्मन चाहे देश के अंदर हो या बाहर उनके प्रति मोदी सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति निरंतर सख्ती के साथ कार्यरत रहनी ही चाहिए। सरकार और खुफिया एजेंसियां अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सक्रिय संदिग्ध तत्वों की निगरानी और जांच को और तेज करने की दिशा में स्वाभाविक ही काम कर रही है। सरकार ने इन गिरफ्तारियों के बाद स्पष्ट संदेश दिया है कि राष्ट्र की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर के तहत अब तक देशभर में दर्जनों संदिग्धों को निगरानी में लिया गया है और जांच तेज़ है।

निश्चय ही यह राष्ट्र-विरोधी जासूसों का खुलासा पाक रचित राष्ट्रघाती खेल का छोटा हिस्सा है, पाक सीधा युद्ध की सामर्थ्य एवं ताकत नहीं रखता, इसलिये कभी वह आतंक का सहारा लेता है तो कभी पैसों का प्रलोभन देकर देश के लोगों को खरीदने की कुचेष्ठा करता है। एक छलकपट वाले सूचना युद्ध के माध्यम से देश को नुकसान पहुंचाने की आईएसआई की साजिश को सख्ती से नाकाम किया जाए ताकि आने वाले समय में और बड़ी मछलियां इस दलदल में पकड़ी जा सकेंगी।

# राहगीरों का संवैधानिक अधिकार

**(अक्षय शुक्ला)**

पिछले दिनों देहरादून से एक दिल दहला देना वाला विडियो आया था, जिसमें सड़क पर जा रही छात्राओं को एक तेज़ रफ्तार कार कुचलते हुए निकल जाती है। हादसे में सात छात्राओं समेत कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। रफ्तार तो इस हादसे की बड़ी वजह थी ही, पर वहां फुटपाथ न होना भी इन बच्चियों पर भारी पड़ा।इस तरह के हादसों की खबरें देश के हर कोने से आए दिन आती रहती हैं। फुटपाथ न होने से सड़क पर चलने को मजबूर लोग हादसों का शिकार हो रहे हैं। इसके बावजूद हमारे ज़िम्मेदारों की आंखें नहीं खुल रहीं।यही वजह है कि अब सुप्रीम कोर्ट को इसमें दखल देना पड़ा है। कोर्ट ने सभी राज्यों को सड़क के दोनों तरफ फुटपाथ सुनिश्चित करने का आदेश देते हुए कहा है कि यह पैदल चलने वालों का संवैधानिक अधिकार है। फुटपाथों से अतिक्रमण हटाएं और उन्हें ऐसे बनाएं कि दिव्यांगजन भी आसानी से इस्तेमाल कर सकें।



**दरअसल, हमारे ज्यादातर शहरों में या तो फुटपाथ होते नहीं और अगर होते हैं तो उन पर अवैध कब्ज़ा रहता है। कहीं दुकानें बनाकर जगह घेर ली जाती है, तो कहीं गाड़ियां खड़ी कर।**

दरअसल, हमारे ज्यादातर शहरों में या तो फुटपाथ होते नहीं और अगर होते हैं तो उन पर अवैध कब्ज़ा रहता है। कहीं दुकानें बनाकर जगह घेर ली जाती है, तो कहीं गाड़ियां खड़ी कर। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक देश में हर साल सड़क दुर्घटनाओं में दो लाख के करीब लोगों की मौत होती है। इसमें सबसे अधिक संख्या दोपहिया चालक और पैदल चलने वालों की होती है। दिल्ली में साल के पहले तीन महीनों में ही 148 राहगीरों ने ऐसे हादसों में जान गंवा दी। यहां लुटियंस ज़ोन छोड़, बाकी शहर भर में पैदलपथ पर कब्ज़े दिखाई देते हैं।

देश की राजधानी का यह हाल है तो बाकी शहरों की तो क्या बात करें। एनसीआर में तो कई सड़कों पर फुटपाथ का नामोनिशान तक नहीं। जहां बने हैं तो उनके बीचोंबीच पेड़ या बिजली के खंभे लगा दिए गए हैं, जिससे चलने की जगह ही नहीं बचती। पिछले महीने नोएडा के सेक्टर 18 के एक कमर्शल कॉम्प्लेक्स में आग लगी तो वहां दमकल की गाड़ियों का पहुंचना मुश्किल हो गया। आसपास के सारे फुटपाथों पर बाइकों की अवैध पार्किंग चलती है तो बाकी बची जगह पर रेहड़ी पटरी वाले खड़े रहते हैं। इससे सड़क की चौड़ाई इतनी कम हो गई है कि गाड़ियों का निकलना तक मुश्किल हो जाता है।

नोएडा की हर सड़क पर इसी तरह पैदल और साइकल पथ पर अवैध कब्ज़े दिखते हैं, लेकिन अथॉरिटी को यह दिखाई नहीं देता। सवाल यह है कि वेंडिंग ज़ोन पॉलिसी के बावजूद शहर भर में अवैध स्ट्रीट और फुटपाथ मार्केट कैसे गुलज़ार हो रहे हैं?

हमारे योजनाकार पहले तो चौड़ी सड़क, फुटपाथ और सर्विस लेन की प्लानिंग ठीक से करते नहीं। जब ट्रैफिक का बोझ बढ़ता है, तो सड़कों की चौड़ाई बढ़ाने की याद आती है। इसकी गाज सीधे फुटपाथ और सर्विस लेन पर गिरती है। या तो इन्हें संकरा कर दिया जाता है या पूरी तरह हटा देते हैं। मजबूरन पैदल चलने वाला फिर सड़क पर आ जाता है।

सुप्रीम कोर्ट को यह दिखाई दे गया, पर ज़मीन पर काम करने वाले हमारे ज़िम्मेदारों को नहीं। अपनी सरकारी गाड़ी से उतरें, सड़क पर आम आदमी के साथ चलें तब तो उन्हें दिखाई दे।ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

# सही कहा राहुल जी, देश को सच्चाई जानने का हक है

**पिछले लगभग 11 वर्षों में राहुल गांधी भारत सरकार और विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रश्न पूछते रहते हैं। प्रायः राहुल गांधी के प्रश्नों का मंतव्य देश, सेना और सरकार की छवि धूमिल करना होता है। अपनी आदत से मजबूर राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट कर ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर को प्रश्नों के कटघरे में खड़ा किया है। एक तरह से कह सकते हैं कि देश की सबसे पुरानी पार्टी के सबसे बड़े नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने ऑपरेशन सिंदूर पर प्रमाण मांगे हैं।**

**(डॉ. आशीष वशिष्ठ)**

राहुल गांधी ने पोस्ट किया कि 'विदेश मंत्री की चुप्पी केवल बयानबाजी नहीं, बल्कि यह निंदनीय है। मैं फिर से सवाल पूछता हूं- हमने कितने भारतीय विमान खोए क्योंकि पाकिस्तान को पहले से जानकारी थी? यह चूक नहीं थी, यह एक अपराध था। और देश को सच्चाई जानने का हक है।

फ्रांसीसी दार्शनिक और लेखक वॉल्टेयर कहते हैं कि किसी भी व्यक्ति को उसके प्रश्नों से पहचानें, न कि उसके उत्तरों से। हमारे द्वारा किसी से भी पूछा गया प्रश्न यूं तो साधारण मालूम होता है, लेकिन यह हमारी संवेदनशीलता और चरित्र का भी मूल्यांकन करता है। इसलिए लिहाज़ा जब भी प्रश्न करना हो तो उससे पहले स्वयं से प्रश्न करना आवश्यक है।

पिछले लगभग 11 वर्षों में राहुल गांधी भारत सरकार और विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रश्न पूछते रहते हैं। प्राय- राहुल गांधी के प्रश्नों का मंतव्य देश, सेना और सरकार की छवि धूमिल करना होता है। अपनी आदत से मजबूर राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट कर ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर को प्रश्नों के कटघरे में खड़ा किया है। एक तरह से कह सकते हैं कि देश की सबसे पुरानी पार्टी के सबसे बड़े नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने ऑपरेशन सिंदूर पर प्रमाण मांगे हैं।

ऑपरेशन सिंदूर पर प्रश्न पूछने के कारण राहुल गांधी पुन- एक बार पाकिस्तानी मीडिया की आंखों के तारे बने हुए हैं। राहुल गांधी का यह पोस्ट पाकिस्तानी मीडिया में बड़े पैमाने पर प्रचारित किया जा रहा है। राहुल गांधी के पोस्ट को पाकिस्तान के प्रमुख मीडिया चैनलों और समाचार पत्रों ने भी हाथों-हाथ लिया है। कई टीवी डिबेट्स में इस पर चर्चा हो रही है। राहुल गांधी ने पोस्ट किया कि 'विदेश मंत्री की चुप्पी केवल बयानबाजी नहीं, बल्कि यह निंदनीय है। मैं फिर से सवाल पूछता हूं- हमने कितने भारतीय विमान खोए क्योंकि पाकिस्तान को पहले से जानकारी थी? यह चूक नहीं थी, यह एक अपराध था। और देश को सच्चाई जानने का हक है।

वैसे यह कोई प्रथम अवसर नहीं है जब कांग्रेस या उसके नेता ने देश के गौरव, उपलब्धि और सेना के पराक्रम को प्रश्नों के कटघरे में खड़ा किया है। बालाकोट एयर स्ट्राइक और उरी सर्जिकल स्ट्राइक के समय भी कांग्रेस ने सेना से प्रमाण मांगे थे। भारतीय सेना स्पष्ट कर चुकी कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत का कोई विमान हताहत नहीं हुआ। बावजूद इसके राहुल गांधी सेना के बयान को झूठा साबित करने में लगे हैं। ऐसा करके वो यह साबित करना चाहते हें कि भारतीय सेना सरकार के दबाव और कहने पर झूठ बोल रही है। सरकार ऑपरेशन सिंदूर को लेकर देशवासियों से कुछ छिपा रही है।





वास्तविकता यह है कि, भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए जैसा विध्वंस पाकिस्तान में किया है, उतना 1965 और 1971 के युद्ध में भी नहीं हुआ था। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने जो किया वह चीन, तुर्किए और अमेरिका को भी सदमे में डालने वाला है। भारतीय सेना हर बार की भांति इस बार भी अतुलनीय, अपराजेय और अगम्य रही। कांग्रेस पार्टी भी सच्चाई से अवगत है। लेकिन, मोदी सरकार को ऑपरेशन सिंदूर का कहीं श्रेय न मिल जाए, इसलिए वो क्षुद्र राजनीति पर उतर आई है। वास्तव में, कांग्रेस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विरोध करते करते प्राय- राष्ट्र विरोध पर उतर आती है।

यह सर्वविदित है कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकियों ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष हिंदू पर्यटकों को निर्दयता से मारा। बावजूद इसके, राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी ने पाकिस्तान की कड़े शब्दों में निंदा नहीं की? पाकिस्तान ही नहीं हमारे शत्रु चीन के साथ कांग्रेस के मधुर संबंध जगजाहिर हैं। कांग्रेस पार्टी का चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के साथ एमओयू, डोकलाम विवाद के समय राहुल गांधी का चोरी-छिपे चीनी दूतावास के अधिकारियों से मिलना,चीनी झड़प के दौरान सरकार-सेना पर सवाल उठाना, सरकार की जगह पार्टी से परिवार के लोगों का चीन जाना, कैलाश मानसरोवर की यात्रा के दौरान चीनी अधिकारियों से गुपचुप मुलाकात करना यह सब कांग्रेस पार्टी के साथ गांधी परिवार को संदेह के घेरे में खड़ा करता है।

11 नवंबर 2019 को तुर्किए की सरकारी न्यूज एजेंसी 'अनादोलू' ने एक खबर के मुताबिक, भारत की मुख्य विपक्षी पार्टी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने तुर्की में अपना एक विदेशी कार्यालय खोला है। यह वहीं तुर्की है जो हमारे शत्रु पाकिस्तान को हथियार देता है। कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा बताता है। कश्मीर के आतंकवादियों को स्वतंत्रता सेनानी कहता है। ऑपरेशन सिंदूर के समय तुर्की ने खुलकर पाकिस्तान का साथ दिया। क्या ये भारत के खिलाफ खड़े देशों से मेलजोल का हिस्सा है? क्या कांग्रेस तुर्की के ज़रिए पाकिस्तान से 'बैकडोर' संवाद कर रही थी? क्या ये भारत के खिलाफ राजनीतिक षड्यंत्र है?

# नवादाः आयुष्मान कार्ड निर्माण हेतु 26 से 28 मई तक विशेष अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के द्वारा बताया गया कि आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत लाभार्थियों तथा 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के लिए 'आयुष्मान वय वंदना कार्ड' निर्माण हेतु विशेष अभियान का आयोजन 26 मई 2025 से 28 मई 2025 तक पूरे नवादा जिले में किया जाएगा। इस विशेष अभियान के तहत नवादा जिले में 126700 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कार्ड निर्माण कार्य पंचायत सरकार भवन, पीएचसी, एपीएचसी, सीएचसी, प्रखंड कार्यालय, अनुमंडल कार्यालय, नगर परिषद/नगर पंचायत एवं जिला स्तर पर किया जाएगा।

जिला पदाधिकारी ने कहा कि इस विशेष अभियान (26 मई से 28 मई 2025) के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला प्रशासन नवादा द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने प्रखंडों में वार्डवार शिविरों हेतु स्थल का चयन करें और वहां प्रखंड/पंचायत स्तर के पदाधिकारियों एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करें। साथ ही शांति समिति के सदस्य, वार्ड सदस्य, जन वितरण प्रणाली विक्रेता एवं आयुष्मान कार्ड निर्माण में इच्छुक अन्य व्यक्तियों को भी वार्ड स्तर पर प्रतिनियुक्त किया जा सकता है। नगर परिषद नवादा, वारिसलीगंज, हिसुआ एवं नगर पंचायत रजौली के कार्यपालक पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वार्डवार कर्मियों/पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर सभी पात्र लाभार्थियों को योजना से आच्छादित करें।

उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के साथ बैठकें कर चिन्हित स्थलों के प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी भी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दी गई है। साथ ही, आवश्यकतानुसार वीएलइ की प्रतिनियुक्ति शिविर स्थलों पर सुनिश्चित की जाएगी। कार्यस्थल पर उपस्थित नहीं होने वाले ठुख्रक की सूची संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को भेजी जाएगी, जो उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई करेंगे। कार्यान्वयन की निगरानी हेतु समाहरणालय स्थित जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जो 26 से 28 मई तक प्रातः 6:00 बजे से कार्य समाप्ति तक सक्रिय रहेगा। यह अभियान नवादा जिले में आयुष्मान योजना को जन-जन तक पहुंचाने और स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं संगठित प्रयास है।

## नागरिक को बिना पैसे के बेहतर इलाज की सुविधा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** कौआकोल प्रखण्ड में राज्य सरकार के निर्देश पर 26 मई से 28 मई तक विशेष अभियान चलाकर आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए बीडीओ डॉ0 अखिलेश कुमार ने बताया कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि हर नागरिक को बिना पैसे के बेहतर इलाज की सुविधा मिले। इसी क्रम में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए 26 से 28 मई विशेष अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने बताया कि आयुष्मान कार्ड प्रखण्ड के सभी जनवितरण दुकानों, वसुधा केंद्रों एवं अन्य सम्बंधित स्थानों पर निःशुल्क बनाई जाएगी। उन्होंने 20 सूत्री के सभी सदस्यों समेत जनप्रतिनिधियों से इस अभियान को सफल बनाने के लिए विशेष रूप से जागरूकता अभियान चलाने की अपील की है।

# नूरसराय से टॉप टेन अपराधी चढ़ा पुलिस के हत्थे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** नूरसराय थाना के टॉप-10 अपराधी गिरफ्तार, सड़क पर लूटपाट के मामले में था वांटेड, परिवार के यहां छुपा था। नालंदा जिले में पुलिस प्रशासन ने अपराध नियंत्रण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नूरसराय थाना क्षेत्र के टॉप-10 सूची के मुख्य अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। यह गिरफ्तारी गुप्त सूचना के आधार पर की गई है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अपराधी चंडी थाना क्षेत्र के बेलसंड गांव निवासी नागेश्वर यादव का पुत्र सूरज कुमार उर्फ सूर्या कुमार है। जिसे रहुई थाना क्षेत्र के ढिबरापर से गिरफ्तार किया गया है। नूरसराय थानाध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि सूरज कुमार उर्फ सूर्या लूटपाट के मामले में वांटेड था। और पिछले 6 महीने से फरार चल रहा था। पुलिस को सूचना प्राप्त हुई की लूटेरा ढिबरापर गांव में अपने मौसी के घर रुका हुआ है। इसके बाद स्थानीय थाना के सहयोग से अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया। सूरज कुमार सड़क पर लूटपाट की घटना को अंजाम देता है। इसने कुरियर बॉय, बाइक लूट समेत कई लूटपाट के कांड किए हैं। अपराधी के विरुद्ध नूरसराय थाना में पिछले साल नवंबर महीने में लूटपाट समेत अन्य मामलो में कांड दर्ज किया गया था। गिरफ्तार अपराधी के विरुद्ध विभिन्न थानों में कई गंभीर मामले दर्ज हैं, जिनमें लूट, डकैती और अन्य संगीन अपराध शामिल हैं। इस सफल अभियान में नूरसराय थानाध्यक्ष रजनीश कुमार, रहुई थानाध्यक्ष कुणाल कुमार, दारोगा संजीव कुमार, सुमन सौरभ, राजू कुमार, राजकुमार चौधरी, समेत रहुई थाना एवं नूरसराय थाना की सशस्त्र पुलिस बल शामिल रही।

# साइकिलंग रेस में तीन बेटियों ने मारी बाजी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** शुक्रवार को कतरीसराय प्रखंड क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में 14 से 16 आयु वर्ग के छात्र व छात्राओं के लिए संकुल संसाधन केन्द्रों पर चल रहे तीन दिवसीय 2025 मशाल खेल प्रतियोगिता के दुसरे दिन भी जारी रही। बादी सीआरसी में छात्र-छात्राओं के संयुक्त तत्वावधान में साइक्लिंग रेस आयोजन किया गया। जिसमें तीन बेटों से बराबरी पर मुकाबला करने के लिए साइक्लिंग रेस में तीन बेटीयों भी मैदान में बाजी मारी है। दो किलोमीटर दूरी में तेज साईकिल चलाने का सेहरा अपने नाम करने के लिए फाइनल मुकाबले तीन छात्र व छात्राओं ने सामुहिक रूप से भाग लिया। तब बेटियों ने इस मुकाबले को बराबरी पर ला दिया है। जिससे सामाज में स्पष्ट हो गया कि बेटों से किसी भी क्षेत्र में बेटियां कम नहीं है। हमारे देश कि बेटीयां आज हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है। इस संबंध में बीइओ अब्दुल मन्नान तथा टेक नारायण प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक विजय कुमार चौधरी, गोवर्धन विगहा से संजय कुमार वर्मा, कटौना से शैलेन्द्र कुमार यादव ने सामुहिक रूप से बताया कि लड़कों व लड़कियों का सामुहिक साइकिल रेस का मुख्य उद्देश्य लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देना तथा छात्राओं में प्रखंड क्षेत्र के विद्यालय से ड्रॉपआउट मुक्त बनाना है। लेखापाल राजन कुमार, अजय प्रसाद, सतिश प्रसाद, धीरज कुमार सहित अन्य लोगों ने गांव वासियों को संदेश दिया कि हर लड़की को शिक्षा का अधिकार मिलना चाहिए, जो बच्चियां स्कूल छोड़ चुकी हैं। उन्हें पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जाना चाहिए। सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक खेल प्रतियोगिता में भाग लिया।

## नवनिर्मित मंदिर में हनुमान जी की मूर्ति की प्राणप्रतिष्ठा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** हरनौत प्रखंड क्षेत्र के तेलमर गांव में चल रहे सात दिवसीय श्री श्री 1008 श्री हनुमान प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ एवं भंडारे अनुष्ठान में शुक्रवार को नवनिर्मित मंदिर में स्थापित हनुमान लला जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा विधि विधान पूजा-अर्चना के साथ की गई। आचार्य मनीष तिवारी द्वारा मुख्य यजमान को पूजा-अर्चना करायी गयी। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि 26 मई को जागरण व भंडारे के साथ यज्ञ का समापन हो जायेगा। उन्होंने बताया कि यहां भव्य मेला लगाया गया है। रात्रि में रासलीला भी किया जाता है। कार्यक्रम में आयोजन समिति के मनोज कुमार, नागेंद्र पासवान, विक्की पासवान, अजीत पासवान, राम-लक्ष्मण सिंह, महेश प्रभात, शिवकुमार प्रसाद समेत अन्य ग्रामीण शामिल थे।

# सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर बनाने पर चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कौआकोल।** प्रखण्ड मुख्यालय के सभागार कक्ष में शुक्रवार को लगभग 12 वर्षो के लम्बे अंतराल के बाद 20 सूत्री सह प्रखण्ड कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड 20 सूत्री सह प्रखण्ड जदयू अध्यक्ष दिलीप कुमार कुशवाहा ने किया। बैठक की शुरुआत में नवमनोनित 20 सूत्री अध्यक्ष दिलीप कुमार का बीडीओ डॉ0 अखिलेश कुमार ने जबकि उपाध्यक्ष अंकित विश्वकर्मा का सीओ मनीष कुमार द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया। इसके बाद अध्यक्ष सहित सभी सदस्यों एवं अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर बैठक की शुरूआत किया गया। बैठक में सर्वप्रथम सभी सदस्यों एवं अधिकारियों ने अपना परिचय दिया। इसके बाद बैठक के मुख्य एजेंडा महिला संवाद कार्यक्रम, डॉ0 भीमराव अम्बेदकर समग्र सेवा अभियान, तथा अन्य विभागीय योजनाओं की जानकारी एवं अद्यतन स्थिति पर विशेष रूप से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते प्रखण्ड अध्यक्ष दिलीप कुमार ने कहा कि यह बहुत ही सौभाग्य की बात है कि एक लंबे अरसे के बाद यह बैठक आयोजित की गई है। इसके लिए वे सभी सदस्यों का धन्यवाद देते हैं। उन्होंने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को नियम के अनुरुप कार्य करने की नसीहत दी तथा कहा कि विभागीय कार्यों एवं जनता से जुड़ी योजनाओं में किसी तरह की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में सदस्यों ने प्रखंड स्तर की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की एवं इसकी समीक्षा की गयी। मौके पर 20 सूत्री सदस्य अजित वर्मा, मुकुल सिंह, देवेंद्र सिंह, महेंद्र पासवान, शिवालक प्रसाद, ओमप्रकाश चौहान, अविनाश उर्फ मुकेश सिंह, हुसैना खातून, संगीता कुमारी, मन्नू चन्द्रवंशी,बबलू चौधरी, अवधेश राउत, संजू मांझी समेत एमओ राजीव कुमार,प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 रामप्रिय सहगल, टीबीओ डॉ0 हरिशंकर शरण, बीइओ सुशील कुमार,मनरेगा पीओ प्रमोद मिस्त्री, बीसीओ कुन्दन बर्णवाल, सीडीपीओ अंजली कुमारी, बिजली जेई अनीश कुमार, प्रधान सहायक संजय कुमार शम्मा, नाजिर गोपाल कुमार, बीडब्ल्यूओ लोकेशनाथ चौधरी, जीविका के बीपीएम, पीएचईडी जेई, स्वास्थ्य प्रबंधक रविचन्द प्रसाद आदि मौजूद थे।

# माड़ी गांव में बुजुर्ग की संदेहास्पद मौत, पुलिस जांच में जुटी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** नालंदा में शुक्रवार की सुबह एक बुजुर्ग की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। मामला बेन थाना क्षेत्र के माड़ी गांव का है। मृतक की पहचान स्व. जग्गू जमादार के (65) वर्षीय पुत्र शिव जमादार के रूप में की गई है। मृतक के पुत्र छोटू ने बताया कि गुरुवार की शाम पिता शराब पीकर घर आए थे। इसके बाद घर में कहा सुनी हुई। तब दोबारा वह शराब पीने के लिए घर से चले गए। जब वापस देर शाम लौट कर आए तो उन्हें खाना खाने के लिए पूछा गया। लेकिन वह बिना खाना खाए ही अपने कमरे में सोने चले गए। सुबह जब पिता को घर के सदस्य उठाने गए तो वह अचेत होकर जमीन पर पड़े थे। जब उनका नब्ज टटोला गया तो उनकी मौत हो चुकी थी। सिर के पीछे जख्म का निशान है। दरअसल कुछ दिन पूर्व बेटों ने भैंस बेचीं थी। उसी का रुपया बुजुर्ग बेटों से मांग रहे थे। इसी बात को लेकर 15 दिन पूर्व भी बुजुर्ग ने फांसी लगाने का प्रयास किया था। बुजुर्ग की दिमागी हालत ठीक नहीं थी। परिजन आशंका व्यक्त कर रहें हैं कि सिर में चोट की वजह से मौत हुई है। घटना के संबंध में बेन थानाध्यक्ष रवि कुमार ने बताया कि चैकीदार के द्वारा सूचना प्राप्त हुई की एक बुजुर्ग ने फांसी लगा खुदकुशी कर ली है। इसके उपरांत पुलिस मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया गया है। घरेलू कलह के कारण आत्महत्या की बात सामने आ रही है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

**मारपीट व फायरिंग के मामले में पांच गिरफ्तार**

**बिहारशरीफ।** चेरो ओपी हरनौत थाना क्षेत्र के नेमचंदबाग गांव के मुशहरी टोला में तीन दिन पहले मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट एवं फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया था। मारपीट की घटना में दो-तीन लोग घायल भी हुए थे। इस मामले में दोनों तरह से चेरो ओपी थाना में दर्ज करायी गयी थी। थानाध्यक्ष ने शुक्रवार को बताया पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नेमचंदबाग गांव के मुशहरी टोला से सोनू केवट, अनिल केवट, अशोक यादव, मल्लू मांझी और नीतीश मांझी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## सड़क निर्माण में घोटाले की आशंका ग्रामीणों ने की उच्चस्तरीय जांच की मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** सरमेरा प्रखंड के पूर्वी भाग में स्थित चेरो, ससौर, गोपालबाद एवं इसुआ पंचायतों को जोड़ने वाली मुख्य सड़क कुछ माह पूर्व ही पटना की एजेंसी सत्येंद्र कुमार एंड कंपनी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बनाई गई थी। यह निर्माण कार्य कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण प्रमंडल, बिहारशरीफ (नालंदा) की देखरेख में संपन्न हुआ था। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण में भारी अनियमितताएं हुई हैं। घटिया सामग्री के प्रयोग और लापरवाह निर्माण कार्य के चलते सड़क निर्माण के कुछ ही महीनों में क्षतिग्रस्त होने लगी है। सड़क की हालत दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है, जिससे आवागमन में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने इस मामले में गहरी नाराजगी जताते हुए जिलाधिकारी शशांक शुभंकर से उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते इसकी जांच नहीं करवाई गई और मरम्मत कार्य नहीं हुआ, तो यह सरकारी धन की बर्बादी के साथ-साथ आमजन के लिए एक बड़ी मुसीबत बन सकता है।

# विभिन्न संकुलों में मशाल के तहत दूसरे दिन भी खेलकूद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**कौआकोल।** प्रखण्ड के विभिन्न संकुलों में मशाल कार्यक्रम के तहत दूसरे दिन भी शुक्रवार को खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रखण्ड के गायत्री प्रोजेक्ट बालिका इंटर विद्यालय कौआकोल के प्रभारी प्राचार्य संदीप कुमार, इंटर विद्यालय कौआकोल के प्रभारी प्राचार्य श्याम कुमार वर्मा, बापू इंटर विद्यालय पाण्डेयगंगौट के प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बरौन बाजितपुर में प्रभारी प्राचार्य अनिल कुमार,उच्च माध्यमिक विद्यालय लालपुर में प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार समेत विभिन्न संकुलों में विभिन्न प्रकार के खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता को लेकर विद्यालय के छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। तथा विद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों द्वारा बढ़-चढ़कर भाग लिया जा रहा है। प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि सरकारी विद्यालयों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं में प्रतिभावान खिलाड़ियों की पहचान के लिए मशाल कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार से शुरू किया गया है। जिसके तहत विद्यालय में बच्चों के बीच दौड़, कबड्डी दौड़, ऊंची कूद आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का समापन शनिवार को होगा।

# कृषि विज्ञान केंद्र में धान के बीज का बिक्री शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**कौआकोल।** कृषि विज्ञान केंद्र,ग्राम निर्माण मण्डल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा नवादा में शुक्रवार से किसानों के बीच धान के बीज का बिक्री कार्य शुरू किया गया। इसकी जानकारी देते हुए कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने बताया कि ग्राम निर्माण मंडल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार की देखरेख में राजेंद्र स्वेता एवं सबौर सुरभित प्रजाति के धान के बीज का वितरण पचास रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बिक्री का कार्य शुरू किया गया। वैज्ञानिकों ने बताया कि उक्त बीज उन्नत किस्म की है। पहले दिन धान के बीज की खरीद के लिए किसानों की लंबी कतारें देखी गई।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर अमावां में निकाली तिरंगा यात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के अमावां गांव में शुक्रवार को पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर भारतीय सेना के द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर देशभक्तों ने तिरंगा यात्रा निकाली।तिरंगा यात्रा अमावां के संगत प्रांगण से प्रारम्भ हुआ, जो अमावां बाजार से होते हुए देवी स्थान से पुनः मेन रोड होते हुए दूर्गा मंडप अमावां तक तिरंगा यात्रा का समापन किया गया। भाजपा के अमावां मंडल अध्यक्ष अभिषेक कुमार उर्फ़ गुड्डू राय के नेतृत्व में सैकड़ों राष्ट्रप्रेमी महिला-पुरुष एवं स्कूली बच्चों ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जयघोष के साथ गांव का भ्रमण किया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जनता ने पाकिस्तान की हार और भारतीय सेना के शौर्य के जीत का जश्न तिरंगा यात्रा में मनाया। मंडल अध्यक्ष गुड्डू राय ने कहा कि य़ह जीत 1971 के बाद की भारत सबसे बड़ी जीत है। हमारी सेना ने पाकिस्तान के 11 सैन्य बेस को ध्वस्त कर दिया और पाकिस्तान सेना ने महज 3 दिन में ही भारत के सामने घुटने टेक दिया।इस दौरान पाकिस्तान के प्रति जनता में काफी आक्रोश दिखा। देश प्रेमियों ने ऑपरेशन सिंदूर में देश के लिए अपने प्राण का न्यौछावर करने वाले मां भारती के वीर सपूतों को को याद कर उन्हें नमन किया।इस कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री सह रजौली विधानसभा प्रभारी अरविंद गुप्ता, पूर्व भाजपा विधायक कन्हैया रजवार,भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कला संस्कृति मंच रुद्र प्रताप सिंह, क्षेत्रीय प्रभारी आईटी सेल अविनाश कुमार, पूर्व बजरंग दल जिला संयोजक जितेंद्र प्रताप जीतू, विश्व हिन्दू परिषद जिलाध्यक्ष कैलाश विश्वकर्मा, प्रदेश मंत्री एससी मोर्चा किरण देवी,पूर्व मंडल अध्यक्ष शिव शंकर कुमार,मृत्युंजय कुमार सिंह,रामस्वरूप यादव,भाजपा नेता चंदन राजवंशी,दीपक रजक,बब्लू राम, राजीव रंजन,पवन पांडे,कन्हैया साव,कृष्ण मुरारी, विकास चौधरी, रेणू राय, राजेश कुमार, प्रशांत कुमार दीपू,कृष्णकांत पांडे, दीक्षित प्रसाद,धनु वर्णवाल, राजेश प्रसाद, गोरेलाल वर्मा, अशोक कुमार, डॉ. प्रमोद कुमार सहित सैकड़ों की संख्या उपस्थित बच्चों एंव ग्रामीणों ने तिरंगा यात्रा को सफल बनाया साथ ही भारतीय सेना को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की बधाई दी।

# शहीद मनीष के नाम पर बनेगा अस्पताल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** प्रखण्ड के पाण्डेयगंगौट गांव निवासी व भारतीय सेना के जवान मनीष कुमार के याद में गांव में अस्पताल बनाया जाएगा। इसके लिए शुक्रवार को आयोजित प्रखण्ड 20 सूत्री की बैठक में सदस्यों ने सर्वसम्मति से पाण्डेयगंगौट गांव में छह बेड का अस्पताल बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया। 20 सूत्री सदस्य मुकुल कुमार सिंह ने इस मुद्दा को उठाते हुए सीओ से जमीन चिन्हित करने का अनुरोध किया। सदस्यों ने कहा कि शहीद मनीष के नाम पर उनके गांव में अस्पताल बनने पर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

**20 सूत्री की बैठक में अचानक बेहोश हुए दारोगा**



कौआकोल प्रखण्ड परिसर के सभागार कक्ष में आयोजित प्रखण्ड 20 सूत्री की बैठक में भाग लेने पहुंचे रूपौ थाना के दारोगा एसआई ध्रुव हाजरा अचानक बेहोश होकर कुर्सी से गिर गए। जिससे बैठक में थोड़ी देर के लिए अचानक अफरातफरी मच गई। बाद में 20 सूत्री के सदस्यों एवं अधिकारियों के सहयोग से प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 रामप्रिय सहगल के द्वारा निजी वाहन से दारोगा को कौआकोल पीएचसी ले जाकर इलाज किया गया। बताया जाता है कि बीपी प्रॉब्लम के कारण एसआई अचानक चक्कर खाकर गिर पड़े।

# ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने की पहल

## कौशल प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन, वितरण किए गए प्रमाण पत्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रजौली।** अनुमंडल क्षेत्र के सिरदला प्रखंड के खटांगी पंचायत अन्तर्गत बकड़झोली ग्राम में हैंड इन हैंड इंडिया एवं जॉकनिक फाउंडेशन के सौजन्य से ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने के पहल के तहत चलाए जा रहे पांच दिवसीय चूड़ी एवं बाला बनाने के कौशल प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन किया गया। कार्यशाला मे 30 स्थानीय ग्रामीण महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।कार्यशाला में ग्रामीण महिलाओं ने विभिन्न प्रकार के चूड़ी एवं बाला बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया साथ ही वित्तीय साक्षरता एवं बाजार जुड़ाव से सम्बन्धित जरूरी प्रशिक्षण सत्र से जानकारियां भी अर्जित की। इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय बकड़झोली के प्रधानाध्यापिका किरण कुमारी एवं हैंड इन हैंड संस्था के शिक्षा समन्वयक डॉ.अभय कुमार द्वारा परिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उद्योगों को बढ़ाने से ही देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी एवं ग्रामीण महिला स्वरोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सकेंगी। प्रशिक्षण समाप्ति के बाद फील्ड समन्वयक रविंद्र कुमार ने बताया कि संस्था विगत कई वर्षों से नवादा, गया एवं नालंदा के पिछड़े क्षेत्रो मे बाल मैत्रीपूर्ण और एकीकृत समुदाय को बढ़ावा प्रदान करने एवं महिला सशक्तीकरण की पहल करती आ रही है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों द्वारा कार्यशाला मे अपने पांच दिनों के अनुभव को साझा किया एवं संस्था को कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए धन्यवाद दिया। इस मौके पर प्रशिक्षक अफसर अली,मोबिलाईजर संतोष रजक व गुड़िया कुमारी एवं डिजिटल सखी भारती कुमारी व सी एल सी शिक्षिका अनु कुमारी मौजूद रही।

## 5वीं बार बोनस देने जा रही है सरकारी कंपनी कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया

**मुंबई।** सरकारी कंपनी कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने बोनस शेयर देने का फैसला किया है। कंपनी पांचवी बार निवेशकों को बोनस शेयर देगी। इसका ऐलान गुरुवार को हो गया है। बता दें, कंपनी ने डिविडेंड का भी ऐलान किया है।

**डिविडेंड दे रही है कंपनी** – पीएसयू स्टॉक कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने एक्सचेंज को दी जानकारी में बताया है कि 5 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर 2 रुपये का डिविडेंड देने का फैसला किया है। यानी योग्य निवेशकों को एक शेयर पर 40 प्रतिशत का फायदा होगा। इस डिविडेंड के कंपनी ने 6 जून की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया है।

5वीं बार कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ देने जा रही है बोनस शेयर 22 मई को एक्सचेंज को कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने बताया था



कि 5 रुपये के फेस वैल्यू वाले 4 शेयर पर एक शेयर बोनस के तौर पर दिया जाएगा। इस बोनस इश्यू के लिए कंपनी ने अभी रिकॉर्ड डेट का ऐलान नहीं किया है। इससे पहले कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने 2008 में निवेशकों को बोनस शेयर दिया था। तब कंपनी को एक शेयर पर एक शेयर बोनस दिया गया था। दूसरी बार कंपनी ने 2013 में 2 पर एक शेयर बोनस दिया था। वहीं, तीसरी बार 2017 में और चौथी बार 2019 में बोनस शेयर दिया था। आखिरी दोनों बार कंपनी ने 4 शेयर पर एक शेयर बोनस के तौर पर ही दिया है।

**शेयर बाजार में कैसा रहा प्रदर्शन**– बीते एक हफ्ते में कंपनी के शेयरों की कीमतों में 10 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। हालांकि, इसके बाद भी एक साल कंटेनर कॉरपोरेशन के शेयरों को होल्ड करने वाले निवेशकों को 35 प्रतिशत टूटा है। बता दें, कंपनी का 52 वीक हाई 1193.95 रुपये है। कंपनी का 52 वीक लो लेवल 601.65 रुपये है। शुक्रवार यानी आज कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के शेयर गिरावट के साथ खुले हैं। बीएसई में स्टॉक 718.10 रुपये के लेवल पर खुला है। शुरुआती कारोबार में स्टॉक का भाव 4 प्रतिशत से अधिक टूट चुका था। अह्वद्धह्लस्रद्य4ह्वद्ध के डाटा के अनुसार इस कंपनी में सरकार की हिस्सेदारी 54.80 प्रतिशत है।

## 1 लाख रुपये के बना दिए 1 करोड़ रुपये, दहाड़ रहा डिफेंस शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** डिफेंस कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के शेयर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयर शुक्रवार को उछाल के साथ 389.90 रुपये पर जा पहुंचे हैं। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के शेयरों ने लंबी अवधि का नजरिया रखने वाले निवेशकों को छप्परफाड़ रिटर्न दिया है। कंपनी के शेयरों ने 1 लाख रुपये के निवेश को पिछले 10 साल में 1 करोड़ रुपये बना दिया है। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के शेयरों ने यह कमाल बोनस शेयरों के दम पर दिखाया है। कंपनी ने पिछले 10 साल में निवेशकों को 3 बार बोनस शेयर का तोहफा दिया है। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 230 रुपये है। 1 लाख रुपये के ऐसे बन गए 1 करोड़ रुपये नवरत्न कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के शेयर 29 मई 2015 को 36.19 रुपये पर थे। अगर किसी व्यक्ति ने 29 मई 2015 को भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के शेयरों में 1 लाख रुपये लगाए होते तो उसे कंपनी के 2760 शेयर मिलते। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने पिछले 10 साल में 3 बार बोनस शेयर दिए हैं। कंपनी ने सितंबर 2015 में 2 :1 के रेशियो में, सितंबर 2017 में 1 :10 के रेशियो में और सितंबर 2022 में 2 :1 के रेशियो में बोनस शेयर दिए हैं। अगर कंपनी की तरफ से दिए गए बोनस शेयरों को जोड़ लें तो कुल शेयरों की संख्या बढ़कर 27,324 पहुंच जाती है। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के शेयर शुक्रवार 23 मई 2025 को 389.90 रुपये पर ट्रेड कर रहे हैं।

## दूध-तेल ने बिगाड़ा किचन का बजट

# सस्ती दाल और सब्जियों ने दी राहत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश भर में दूध और खाने के तेल के दाम आसमान छू रहे हैं। जून 2021 से अब तक दूध के भाव में 13 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हो चुकी है। दूध के अलावा दही, पनीर, छाछ जैसे डेयरी प्रोडक्ट्स भी महंगे हो रहे हैं। वहीं, खाने के तेल के दाम भी सितंबर 2023 से लगातार चढ़ रहे हैं। इनकी कीमतों में 10 से 20 रुपये प्रति लीटर तक की तेजी आई है। हालांकि, दालों, फलों और सब्जियों के दामों में ज्यादा उछाल नहीं आया है, जिससे लोगों को थोड़ी राहत मिली है।

### आरबीआई की रिपोर्ट क्या कहती है?

आरबीआई के मुताबिक, औसत महंगाई काबू में है, लेकिन कुछ चीजों के दाम आग की तरह बढ़ रहे हैं। खासकर, मूंगफली, सरसों, और सूरजमुखी के तेल के भाव आसमान पर हैं। पिछले एक साल में खाद्य तेल के सूचकांक में 25 अंक से ज्यादा की छलांग लगी है। वहीं,







डेयरी प्रोडक्ट्स के सूचकांक में भी 30 अंक की बढ़ोतरी हुई है। हालांकि, अनाज, चीनी, दाल, और सब्जियों के दामों में गिरावट ने लोगों के हौसले बनाए रखे हैं।

### कहां कितना बढ़ा, कहां नहीं?

**खाद्य तेल :** सूरजमुखी का तेल 130 से 159.2 रुपये/किलो, सरसों 152 से 170.8 रुपये/किलो, मूंगफली 182 से 190.4 रुपये/किलो।

**दालें :** उड़द 117 रुपये/किलो, मूंग 111.1 रुपये/किलो, मसूर 87.7 रुपये/किलो, चना 86.3 रुपये/किलो।


### दूध और तेल महंगा होने की वजह?

**. दूध :** गर्मी में दूध उत्पादन घटता है, जबकि डिमांड बढ़ जाती है। साथ ही, डेयरी कंपनियों का स्टोरेज और ट्रांसपोर्ट का खर्च भी बढ़ जाता है। 2022–23 में देश में 230.58 मिलियन टन दूध का उत्पादन हुआ।

### इंडसइंड बैंक को लगा एक और बड़ा झटका

# बीएसई सेंसेक्स से बाहर होगा स्टॉक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** संकट से जूझ रहे इंडसइंड बैंक को एक और बड़ा झटका लगा है। प्रबंधन संबंधी मुद्दों और 172 करोड़ के आंतरिक घोटाले के कारण बैंक के स्टॉक को बीएसई के बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स से हटाया गया है। एशिया इंडेक्स प्राइवेट लिमिटेड (बीएसई की सहयोगी कंपनी) ने सेंसेक्स के 30 शेयरों वाले सूचकांक में बड़ा बदलाव किया है। टाटा ग्रुप की कंपनी ट्रेंट लिमिटेड और सरकारी कंपनी



भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड को सेंसेक्स में जगह मिली है, जबकि इंडसइंड बैंक और नेस्ले इंडिया को सूचकांक से हटा दिया गया है। यह बदलाव 23 जून 2025 से लागू होगा।

**निवेशकों पर क्या असर होगा**– ट्रेंट:: ट्रेंट को लगभग 2,400 करोड़ (278 मिलियन डॉलर) के निवेश की उम्मीद है, जो उसके रोजाना के कारोबार से 2.5 गुना ज्यादा है।

**भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड**–डिफेंस सेक्टर की कंपनी बीईएल को भी 2,300 करोड़ (275 मिलियन डॉलर) के निवेश का अनुमान है। पिछले 6 महीनों में इसके शेयर 37 प्रतिशत चढ़े हैं।

**नेस्ले इंडिया** – नेस्ले इंडिया के शेयरों से 1,800 करोड़ (210 मिलियन डॉलर) निकल सकते हैं, जो उसके दैनिक कारोबार का 7.7 गुना है। हालांकि, पिछले 6 महीनों में इसके शेयर 5 प्रतिशत बढ़े थे।

**इंडसइंड बैंक**– इंडसइंड बैंक को प्रबंधन संबंधी मुद्दों और 172 करोड़ के आंतरिक घोटाले के कारण सूचकांक से हटाया गया है। इसके शेयर पिछले साल 40 प्रतिशत गिर चुके हैं, और अब इसमें 1,155 करोड़ (135 मिलियन डॉलर) की निकासी हो सकती है।

**सूचकांक बदलाव क्यों महत्वपूर्ण हैं**– बीएसई के अनुसार, इंडेक्स में बदलाव बाजार के लिए अहम होते हैं, क्योंकि यह दिखाता है कि निवेशकों का पैसा किन क्षेत्रों की ओर जा रहा है। इन बदलावों के बाद, सेंसेक्स को ट्रैक करने वाले म्यूचुअल फंड और श्वञ्जस्न (एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड) अपने पोर्टफोलियो को नए सिरे से व्यवस्थित करते हैं।

### अन्य इंडेक्स में बदलाव

1. बीएसई 100 डिक्सन टेक्नोलॉजीज, कोफोर्ज लिमिटेड, इंडस टावर्स को शामिल किया गया। भारत फोर्ज, डाबर इंडिया, सीमेंस लिमिटेड को हटाया गया।
2. सेंसेक्स 50 इंडिगो (इंटरग्लोब एविएशन) ने ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज की जगह ली। श्रीराम फाइनेंस ने हीरो मोटोकॉर्प को रिप्लेस किया।
3. सेंसेक्स नेक्स्ट 50 ब्रिटानिया, डिक्सन टेक्नोलॉजीज, कोफोर्ज, हीरो मोटोकॉर्प, इंडस टावर्स शामिल हुए। इंटरग्लोब एविएशन, श्रीराम फाइनेंस, भारत फोर्ज, डाबर, सीमेंस को हटाया गया।
4. बीएसई बैंकेक्स : आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने केनरा बैंक की जगह ली।

## अगले दशक में भारत बनेगा वैश्विक तेल मांग का सबसे बड़ा इंजन, रेटिंग एजेंसी मूडीज का दावा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** चीन ने पिछले दशक में वैश्विक तेल की मांग को बढ़ावा दिया, लेकिन अब भारत आने वाले दस वर्षों में तेल की मांग में वृद्धि के मामले में चीन को पीछे छोड़ने के लिए तैयार है। भारत और चीन दुनिया के दूसरे और तीसरे सबसे बड़े तेल उपभोक्ता देश हैं, लेकिन दोनों देशों में मांग वृद्धि में अंतर है। रेटिंग एजेंसी मूडीज ने अपनी ताजा रिपोर्ट में यह जानकारी दी। मूडीज के मुताबिक, अगले दशक में भारत में मांग वृद्धि और आयात निर्भरता अधिक होगी। भारत में मांग चीन की तुलना अधिक तेजी से बढ़ेगी, क्योंकि चीन का आर्थिक विकास धीमा हो रहा है। भारत की सरकारी तेल



विपणन कंपनियां बीते कुछ वर्षों से अपनी रिफाइनिंग क्षमता बढ़ाने में काफी निवेश कर रही हैं। इनमें भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल), हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) और इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) शामिल हैं।

**चीन के मुकाबले भारत में गैस की मांग अधिक**– गैस की मांग पर मूडीज ने कहा है कि भारत में प्राकृतिक गैस की मांग चीन के मुकाबले थोड़ा ज्यादा तेजी से बढ़ेगी। भारत का लक्ष्य 2030 तक अपनी ऊर्जा खपत में प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी को 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य है। फर्टिलाइजर और पेट्रोकेमिकल जैसे उद्योगों में गैस का इस्तेमाल होता है। साथ ही, शहरों और कस्बों में घरेलू और ट्रांसपोर्ट के लिए भी गैस की खपत बढ़ रही है। इन सब कारणों से भारत में प्राकृतिक गैस की मांग हर साल 4 से 7 प्रतिशत तक बढ़ सकती है।

**इन्फ्रास्ट्रक्चर पर फोकस करने की जरूरत** – रिपोर्ट में कहा गया है कि सीएनजी (कंप्रेस्ड नेचुरल गैस) और पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) का उपयोग शहरों में वाहनों और घरों में तेजी से बढ़ा है। लेकिन आगे इसमें विस्तार की कुछ चुनौतियां भी हैं, जैसे कि पूरे देश में गैस की पाइपलाइन कनेक्टिविटी का अभाव और कीमतों की समस्या। क्योंकि गैस की तुलना में नवीकरणीय ऊर्जा (रिन्यूएबल एनर्जी) जैसे विकल्प कई बार सस्ते होते हैं। भले ही भारत में गैस की मांग बढ़ रही है, लेकिन इसकी पूरी संभावनाओं को पाने के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर और किफायती दामों पर फोकस करना जरूरी है।

## नुकसान के अब मुनाफे में लौटी कंपनी, शेयरों ने लगाई जोरदार छलांग, 16 प्रतिशत से ज्यादा का उछाल

**मुंबई।** मार्केट बंद होने के बाद होनासा कंज्यूमर लि. ने मार्च तिमाही (त्त4 एफवाय25) के नतीजे घोषित किए, और शुक्रवार को इसके शेयरों में 12 प्रतिशत की जोरदार छलांग लगी। ह्रस्श्व पर कंपनी के शेयर का भाव दिन भर में 14.12 प्रतिशत बढ़कर 314 रुपये तक पहुंच गया। यह शेयर लगातार दूसरे दिन चढ़ाव में रहा और आज 16 प्रतिशत से ज्यादा का उछाल दर्ज किया। आज यह शेयर 285 रुपये पर खुला और देखते ही देखते 16.48 पर्सेंअ की उड़ान भरकर 320.50 रुपये पर पहुंच गया। इसका 52 हफ्ते का हाई 547 रुपये और लो 197.51 रुपये है। दो दिन में शेयर ने 20 पर्सेंट से अधिक की उड़ान भरी है।

**क्यों मची हलचल**– कंपनी का रेवेन्यू पिछले साल की समान तिमाही के मुकाबले 13 प्रतिशत बढ़कर 533.5 करोड़ रुपये हुआ। यह बढ़त इसलिए खास है, क्योंकि बाकी स्नस्स्न्ल कंपनियों ने इस दौरान सिर्फ सिंगल डिजिट ग्रोथ दर्ज की थी। यह सुधार कंपनी के ऑफलाइन व्यवसाय के पुनर्गठन (जुलाई–सितंबर 2024 से शुरू) का नतीजा माना जा रहा है।

**नुकसान के बाद अब मुनाफे में लौटी कंपनी**– सितंबर 2024 तिमाही में होनासा कंज्यूमर 18.5 करोड़ रुपये के नुकसान में थी। यह नुकसान प्रोजेक्ट नीव के तहत डायरेक्ट–टू–कंज्यूमर मॉडल की शुरुआत और इन्वेंटरी में बदलाव की वजह से हुआ था। मार्च तिमाही में कंपनी ने 24.9 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया। हालांकि, यह पिछले साल के मुकाबले 18 प्रतिशत कम है, लेकिन पिछली तिमाही (26 करोड़) के मुकाबले स्थिरता दिखाता है।

**होनासा कंज्यूमर शेयर मूल्य** – मार्केट बंद होने के बाद होनासा कंज्यूमर लि. ने मार्च तिमाही के नतीजे घोषित किए, और शुक्रवार को इसके शेयरों में 12 प्रतिशत की जोरदार छलांग लगी। ह्रस्श्व पर कंपनी के शेयर का भाव दिन भर में 14.12 प्रतिशत बढ़कर 314 रुपये तक पहुंच गया। यह शेयर लगातार दूसरे दिन चढ़ाव में रहा और आज 16 प्रतिशत से ज्यादा का उछाल दर्ज किया। आज यह शेयर 285 रुपये पर खुला और देखते ही देखते 16.48 पर्सेंअ की उड़ान भरकर 320.50 रुपये पर पहुंच गया। इसका 52 हफ्ते का हाई 547 रुपये और लो 197.51 रुपये है। दो दिन में शेयर ने 20 पर्सेंट से अधिक की उड़ान भरी है।

**क्यों मची हलचल**– कंपनी का रेवेन्यू पिछले साल की समान तिमाही के मुकाबले 13 प्रतिशत बढ़कर 533.5 करोड़ रुपये हुआ। यह बढ़त इसलिए खास है, क्योंकि बाकी स्नस्स्न्ल कंपनियों ने इस दौरान सिर्फ सिंगल डिजिट ग्रोथ दर्ज की थी।

# नारियल तेल हुआ महंगा

### कंपनियों ने एक साल में खूब बढ़ा दिए दाम, कितना पड़ा जेब पर असर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लगभग हर घर में इस्तेमाल होने वाली नारियल तेल की कीमत बढ़ गई है। पिछले एक साल में नारियल के तेल में 30 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। इसका सबसे बड़ा कारण कच्चे सामान की कीमत में आई तेजी है। इस तेजी के कारण कंपनियों को नारियल के तेल की कीमत बढ़ानी पड़ी है। मारिको और डाबर जैसी कंपनियों ने पिछले एक साल में नारियल तेल की कीमतों में लगभग 40 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की है।

मारिको के एमडी और सीईओ सौगत गुप्ता का कहना है कि कमोडिटी की कीमतें अब लगभग स्थिर हो गई हैं। उनके अनुसार, अब कीमतों में बड़ी बढ़ोतरी होने की संभावना कम है। लेकिन अगर कोई अप्रत्याशित घटना होती है, तो कीमतें बढ़ सकती हैं। गुप्ता एफएमसीजी सेक्टर के लिए इस वित्तीय वर्ष में बेहतर ग्रोथ की उम्मीद कर रहे हैं।

**कच्चे माल की कीमत में तेजी**– मारिको पैराशूट नारियल तेल बनाती है। नारियल तेल बनाने में इस्तेमाल होने वाला खोपरा एक महत्वपूर्ण कच्चा माल है। पिछले एक साल में खोपरा की कीमतें 40 से 50 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं। इस वजह से मारिको को कीमतों में लगभग 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी करनी पड़ी। बाजार के अनुमानों के अनुसार, मारिको की नारियल तेल बाजार में 50 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सेदारी है। मारिको जैसी बड़ी कंपनियां खोपरा से नारियल तेल बनाती हैं, जबकि कुछ कंपनियां सीधे बाजार से तेल खरीदती हैं।

**डाबर ने कितनी बढ़ाई कीमत**– स्टॉकिस्ट सूत्रों के अनुसार, डाबर ने पिछले तीन से छह महीनों में इस श्रेणी में लगभग 10 प्रतिशत की मूल्य वृद्धि की है। डाबर इंडिया के सीएफओ अंकुश जैन ने कहा, हमने वैल्यू इंजीनियरिंग, लागत बचाने के उपायों और सोच-समझकर कीमतों में वृद्धि करके महंगाई के असर को कम किया है। हमने प्रतिस्पर्धा को भी ध्यान में रखा है।

**दुनिया में महंगा हो रहा तेल**– नारियल तेल की कीमतें पूरी दुनिया में बढ़ रही हैं। कीमतें रेकॉर्ड स्तर पर



पहुंच गई हैं। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस महीने फिलीपींस के नारियल तेल की थोक कीमत रोटरडम में 2,700 डॉलर प्रति मीट्रिक टन से ऊपर चली गई। यह 2000-2020 के औसत से लगभग 200 प्रतिशत अधिक है। दक्षिण पूर्व एशिया में खराब मौसम के कारण नारियल का उत्पादन प्रभावित हुआ है।

# गांव-गांव तक के लिए मुकेश अंबानी ने बनाया तगड़ा प्लान !

### 60 करोड़ ग्राहकों पर है रिलायंस की नजर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज अब गांव-गांव तक अपनी पहुंच बनाने की तैयारी में है। रिलायंस की नजर खासकर देश में के तेजी से बढ़ रह एमएफसीजी सेक्टर पर है। इसके लिए कंपनी एक खास रणनीति पर काम कर रही है। कंपनी का फोकस आम लोगों तक अपनी पहुंच बनाने पर है। इसके लिए एफएमसीजी सेक्टर में सस्ते प्रोडक्ट लाना चाहती है। दूसरी तरफ हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, आईटीसी, नेस्ले और डाबर जैसी ज्यादातर कंपनियां ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए प्रीमियम उत्पादों पर ध्यान दे रही हैं। यानी वे महंगे प्रोडक्ट बेच रही हैं। ऐसे में रिलायंस को इस मार्केट में एक बड़ा मौका दिख रहा है। ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स



लिमिटेड के डायरेक्टर टी कृष्णकुमार ने कहा कि उनकी नजर 60 करोड़ ग्राहकों पर है। कंपनी आस-पड़ोस की दुकानों के साथ मिलकर काम करेगी और उन्हें अच्छा मार्जिन देगी। कृष्णकुमार ने एक इंटरव्यू में कहा कि भारत की आबादी लगभग 1.4 अरब है। इसमें एक बड़ा मध्यम वर्ग है। लगभग 60 करोड़ ऐसे उपभोक्ता हैं, जिनके लिए हम अच्छी क्वालिटी के प्रोडक्ट बनाना चाहते हैं। इस क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर किसी ने भी स्पष्ट दृष्टिकोण के साथ प्रवेश करने की कोशिश नहीं की है। रीजनल और लोकल कंपनियों ने कोशिश की, लेकिन वे टिक नहीं पाईं।

**कंपनी ने खरीदे 15 ब्रांड्स**– रिलायंस का कंज्यूमर बिजनस 2022 में रिलायंस रिटेल वेंचर्स की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के रूप में शुरू हुआ था। तबसे इसने 15 से ज्यादा ब्रांड खरीदे हैं। इनमें कैंपा सॉफ्ट ड्रिंक्स सबसे पहले थी। इसे 2022 में प्योर ड्रिंक्स लिमिटेड से लगभग 22 करोड़ रुपये में खरीदा गया था। फिलहाल ज्यादातर ब्रांड कुछ ही बाजारों में उपलब्ध हैं। कैंपा के अलावा रिलायंस के पोर्टफोलियो में स्द्बद्य जैम और स्प्रेड, लोटस चॉकलेट, टॉफमैन और रावलगांव जैसे कन्फेक्शनरी ब्रांड, एलन का बगल्स स्नैक्स, वेलवेट शैम्पू और इंडिपेंडेंस स्टेपल्स जैसे खुद के बनाए ब्रांड शामिल हैं। कृष्णकुमार ने कहा कि मार्च 2027 तक इस पोर्टफोलियो को राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया जाएगा। कंपनी का फोकस पेय पदार्थ और स्टेपल्स के अलावा कन्फेक्शनरी पर भी है। उन्होंने कहा, जब मैं कहता हूं कि हम स्केल अप कर रहे हैं, तो इसका मतलब कल नहीं है। किसी भी प्रोडक्ट को बड़े पैमाने पर बढ़ाने के लिए 24-30 महीने चाहिए, क्योंकि इससे कम समय में आप ठीक से काम नहीं कर सकते।

### आगे का प्लान

एफवाय25 में आरसीपीएल ने 11,500 करोड़ रुपये का राजस्व दर्ज किया, जिसमें से 60 प्रतिशत से ज्यादा जनरल ट्रेड से आया। कंपनी ने घोषणा की कि कैंपा और इंडिपेंडेंस दोनों ने बिक्री में 1,000 करोड़ रुपये और कुल मिलाकर 10 लाख दुकानों तक पहुंच हासिल की है। कृष्णकुमार ने कहा कि हमें एक सप्लाई चेन बनाने की जरूरत है। पिछले साल के अंत तक पेय पदार्थों और स्टेपल्स में हमारी बाजार हिस्सेदारी लगभग 20 प्रतिशत थी। हमें मार्च 2026 तक इसे 60-70 प्रतिशत तक ले जाना है। बाकी कैटेगरी में भी हम व्यवस्थित रूप से शुरुआत करेंगे।। सॉफ्ट ड्रिंक्स, चॉकलेट और डिटर्जेंट जैसी कैटेगरी में कंपनी ने सभी उत्पादों की कीमतें कोका-कोला, मोंडेलेज और एचयूएल जैसे प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में 20-40 प्रतिशत कम रखी हैं। रिलायंस की यह विस्तार योजना ऐसे समय में आई है, जब शहरों में आर्थिक मंदी है। पिछले पांच तिमाहियों में शहरों के उपभोक्ताओं ने बढ़ती खाद्य और ईंधन महंगाई के बीच गैर-जरूरी खर्चों में कटौती की है। कृष्णकुमार ने कहा कि कंपनी ऑर्गेनिक ग्रोथ और एक्विजिशन का मिश्रण जारी रखेगी। लेकिन भारी लागत पर अधिग्रहण नहीं करेगी।



# स्टेज पर इमोशनल हुईं शनाया कपूर

हाल ही में शनाया कपूर ने एक अवॉर्ड फंक्शन में शिरकत की। इस अवॉर्ड फंक्शन में ऐसा कुछ हुआ कि वह रोने लगीं। विक्रांत मैसी भी स्टेज पर शनाया के साथ मौजूद थे। आखिर दोनों के बीच ऐसा क्या हुआ, जिससे ये सिचुएशन बन गई।

## शनाया क्यों हुईं इमोशनल

संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर जल्द ही फिल्म आंखों की गुस्ताखियां से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली हैं। जुलाई के महीने में यह फिल्म रिलीज हो सकती है। इस फिल्म में शनाया के साथ विक्रांत मैसी भी होंगे। हाल ही में ये दोनों एक्टर्स जीसिने अवॉर्ड में शामिल हुए। इस अवॉर्ड फंक्शन में शनाया की डेब्यू फिल्म की एक टीजर दिखाया गया, जिसे देखकर वह इमोशन हो गईं और रोने लगीं।

## विक्रांत ने शनाया के बारे में क्या कहा



इस अवॉर्ड फंक्शन के स्टेज पर शनाया के साथ विक्रांत मैसी भी खड़े थे। वह बोले, 'मुझे तुम पर गर्व है। तुम्हारे साथ काम करके काफी अच्छा लगा। आगे भी मैं तुम्हारे साथ और फिल्में करना चाहूंगा।' विक्रांत जैसे मंझे हुए एक्टर की ये बातें सुनकर शनाया कपूर और इमोशनल हो गईं, वह विक्रांत के गले लग गईं। फिल्म आंखों की गुस्ताखियां रस्किन बॉन्ड की एक शॉर्ट स्टोरी द आइज हैव इट पर बनी है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस फिल्म में शनाया कपूर ने एक थिएटर कलाकार का रोल किया है, वहीं विक्रांत मैसी ने एक अंधे म्यूजिशियन का रोल निभाया है। शनाया की यह डेब्यू फिल्म है, इसके अलावा भी वह कुछ और फिल्मों का हिस्सा हैं। इन फिल्मों के नाम 'तू या मैं' और 'जेसी है। विक्रांत के करियर फ्रंट की बात करें तो वह एक और फिल्म कर रहे हैं, जिसमें श्री श्री रविशंकर का रोल कर रहे हैं।



# इस तरह शादी और शूटिंग को बैलेंस करती हैं अनुष्का

शादी और करियर के बीच संतुलन बनाना आसान काम नहीं है। खासकर तब जब आप बहुत बड़े शख्स से शादी कर लें। अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने एक बार बताया था कि अपनी शादी के शुरुआती दिनों में उनके और विराट कोहली के शेड्यूल कितने व्यस्त थे। उन्होंने बताया कि उन्हें थोड़ा वक्त निकालने में भी बहुत मुश्किल होती थी।

## खाने के लिए निकालते थे वक्त

हाल ही में अनुष्का शर्मा ने वोग इंडिया से बातचीत में बताया शादी के बाद हमने पहले छह महीने के दौरान सिर्फ 21 दिन साथ में बिताए। मैंने इसका हिसाब लगाया। विराट कोहली मैचों के लिए बाहर रहते थे और अनुष्का लगातार फिल्म की शूटिंग में व्यस्त रहती थीं। ऐसे में एक साथ खाना खाने के लिए समय निकालना एक छोटी सी जीत की तरह लगता था। अनुष्का ने कहा जब मैं विदेश में उनसे मिलने जाती हूं, तो यह छुट्टी नहीं होती- बल्कि साथ में एक बार खाना खाना होता है। वह वक्त बहुत कीमती होता है।

## हमारा मिलना ग्लैमरस नहीं होता

अनुष्का ने इस बात से इंकार किया कि उनका एक-दूसरे से मिलना ग्लैमरस होता है। उन्होंने कहा जब मैं विराट से मिलने जाती हूं या जब वह मुझसे मिलने आते हैं, तो लोग मान लेते हैं कि यह छुट्टी है, लेकिन असल में ऐसा नहीं है। हम में से कोई एक शख्स हमेशा काम कर रहा होता है।

## थक गई थीं अनुष्का शर्मा

सिमी ग्रेवाल के साथ एक दूसरे दिल को छू लेने वाले इंटरव्यू में अनुष्का ने बताया कि लगातार काम करने से उन पर क्या असर पड़ा। अपनी शादी के कुछ समय बाद सुई धागा और जीरो की शूटिंग पूरी करने के बाद उन्होंने अपने आपको भावनात्मक और शारीरिक रूप से थका हुआ पाया। अनुष्का ने ब्रेक लेने के बारे में कहा मैंने अपनी टीम से कहा कि मैं अभी कुछ भी पढ़ना नहीं चाहती।

## लंदन में रहते हैं अनुष्का विराट

आपको बता दें अनुष्का शर्मा और विराट कोहली ने कई सालों की डेटिंग के बाद दिसंबर 2017 में इटली में एक समारोह में शादी की। दोनों ने साल 2021 में बेटी वामिका और 2024 में बेटे अकाय का स्वागत किया। इन दिनों विराट और अनुष्का लंदन में रह रहे हैं। वह वहां अपने बच्चों की परवरिश कर रहे हैं। वह काम के सिलसिल में भारत भी आते रहते हैं।



# श्रद्धा कपूर ने ठुकराई एकता कपूर की थ्रिलर फिल्म

फिल्म स्त्री 2 की सक्सेस के बाद एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर की डिमांड बढ़ गई है। बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस बहुत ही सोच समझकर फिल्में साइन कर रही हैं। इसी बीच खबर आ रही हैं कि उन्होंने एकता कपूर की फिल्म का ऑफर ठुकरा दिया है। इस खबर पर चुप्पी तोड़ते हुए फिल्म के डायरेक्टर राही अनिल बर्वे ने इसे महज एक अफवाह बताया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एकता कपूर की फिल्म के लिए श्रद्धा कपूर ने 17 करोड़ रुपए की डिमांड की थी। एकता कपूर को यह रकम बहुत ज्यादा लगी। उनके मुताबिक एक फीमेल लीड के लिए इतनी बड़ी अमाउंट देना सही नहीं है। इससे फिल्म की बजट पर असर पड़ सकता है। श्रद्धा कपूर कपूर को यह बात नागवार गुजरी इसलिए उन्होंने एकता की फिल्म छोड़ दी है। ऐसी चर्चा की प्रोडक्शन टीम ने नए लीड एक्ट्रेस की तलाश शुरू कर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक फिल्म के लिए कई टॉप एक्ट्रेस से बातचीत चल रही है। बताया जा रहा है कि श्रद्धा कपूर ने 'स्त्री 2' के हिट होने के बाद अपनी फीस बढ़ा दी है। इसी के चलते उन्होंने एकता कपूर की बड़े बजट की थ्रिलर फिल्म से कदम पीछे खींच लिए हैं। इस फिल्म को तुम्बाड फेम डायरेक्टर राही अनिल बर्वे डायरेक्ट करने वाले थे। डायरेक्टर ने श्रद्धा कपूर के फिल्म छोड़े जाने वाली बात को महज एक अफवाह बताया है। उन्होंने इस बात का खुलासा बातचीत के दौरान किया है। डायरेक्टर के मुताबिक इस समय वो वेब सीरीज रक्त ब्रह्मांड पर काम कर रहे हैं। इसके बाद एकता कपूर की फिल्म करेंगे। वहीं श्रद्धा कपूर को लेकर खबर है कि वो दिनेश विजान, बोनी कपूर और भूषण कुमार जैसे प्रोड्यूसर्स के साथ कई प्रोजेक्ट्स पर बात कर रही हैं।

# लोग आज भी इमरान खान की वापसी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं



'जाने तू या जाने ना', 'किस किस को प्यार करूं' जैसी फिल्मों में काम कर चुकीं अभिनेत्री मंजरी फडनीस ने अपने को-स्टार इमरान खान के बॉलीवुड को छोड़ने के फैसले का समर्थन करते हुए कहा कि यह उनका अपना फैसला था। बातचीत के दौरान मंजरी ने इमरान के बॉलीवुड को अलविदा कहने के बारे में खुलकर बात की। मंजरी ने जेनेलिया डिसूजा, इमरान खान की फिल्म जाने तू... या जाने ना में मेघना परियार की भूमिका में नजर आई थीं। जब उनसे पूछा गया कि क्या इंडस्ट्री में बने रहना मुश्किल है, तो उन्होंने बताया, इमरान ने जो भी फैसला लिया, वह निजी था। उनके पास बेहतरीन अवसर थे और उनके पास अभी भी बड़ी संख्या में प्रशंसक हैं। लोग उनकी वापसी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मैं उनके साथ फिर से काम करना चाहूंगी, लेकिन यह सवाल उनसे पूछना बेहतर होगा। मंजरी ने आगे बताया कि वह जाने तू या जाने ना की शूटिंग के बाद इमरान से कई बार मिल चुकी हैं। उन्होंने बताया, मैं अब्बास, पाखी और इमरान के संपर्क में हूं। हम शूटिंग के बाद कई बार मिल चुके हैं। मैं कई इवेंट्स में जाती हूं, जहां जेनेलिया से कई बार मुलाकात हो चुकी है। मेरी वरुण शर्मा, जितिन गुलाटी, गुरमीत सिंह, मधुरिमा तुली के साथ भी अच्छी दोस्ती है। अभिनेत्री ने कहा, इंडस्ट्री में मेरा सफर बहुत खूबसूरत रहा है। मैं लकी हूं कि मैंने जीवन में जो करना चाहा उसमें सफल रही। मैं भले ही फिल्मी पृष्ठभूमि से नहीं आई हूं, मगर मुझे कई अच्छे अवसर मिले और अच्छे लोगों के साथ काम करने का मौका भी मिला। कई भाषाओं में काम कर चुकीं मंजरी ने बताया, मैंने तेलुगू, तमिल, कन्नड़, मलयालम, बंगाली और मराठी भाषा में काम किया है। मराठी मेरे लिए सबसे आसान और खास भाषा रही है। मैंने इसे बचपन से सुना है। मेरे पिता सेना में थे और इस वजह से मैं देश के अलग-अलग हिस्सों में रह चुकी हूं। हालांकि मैं कभी-कभी व्याकरण संबंधी गलतियां भी कर देती हूं।





# पाकिस्तानी एक्टर के साथ काम करने पर ट्रोलिंग के बाद बोलीं रिद्धि

फिल्म अबीर गुलाल के जरिए पाकिस्तानी एक्टर फवाद खान करीब नौ साल बाद बॉलीवुड में वापसी कर रहे थे। इस फिल्म में वाणी कपूर के अलावा रिद्धि डोगरा भी अहम भूमिका में थीं। पहलगाम आतंकी हमले की घटना के बाद फिल्म की रिलीज पर भारत में बैन लग चुका है। इतना ही नहीं, पहलगाम आतंकी घटना के बाद रिद्धि डोगरा को पाकिस्तानी एक्टर फवाद के साथ काम करने को लेकर काफी ट्रोल किया गया। रिद्धि ने इस बारे में चुप्पी तोड़ी है।

## सोशल मीडिया पर किया जाने लगा ट्रोल

अभिनेत्री रिद्धि डोगरा ने हाल ही में पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच हुए एक खराब अनुभव के बारे में बात की। रिद्धि ने बताया कि इस घटना ने उन्हें भावनात्मक रूप से प्रभावित किया। वह काफी दुखी हुईं। इस बीच उन्हें सोशल मीडिया पर भी ट्रोल किया गया।

## मजबूती से डटी रहीं रिद्धि

रिद्धि ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले की घटना की उन्होंने जब निंदा की और आतंक के खिलाफ अपने देश की सेना के समर्थन में सामने आई तो अचानक उन्हें ट्रोल किया जाने लगा। रिद्धि ने बातचीत में कहा कि लोग अचानक ट्रोल करने लगे कि अरे, लेकिन इसने तो फवाद खान के साथ काम किया है। रिद्धि ने आगे कहा कि लेकिन, इसके बावजूद मैं मजबूती से डटी रही।

लोगों ने कहा, अरे इसने तो फवाद के साथ काम किया है रिद्धि के मुताबिक, मैंने कहा, मुझे परेशान मत करो। मैं भी इस देश की उतनी ही नागरिक हूं, जितने आप हैं। जब मैंने वह काम किया तो मैं अपने देश के कानूनों के प्रति बहुत सजग थी। मैंने कोई गैरकानूनी काम नहीं किया और आज, जब हम इस स्थिति में हैं, तो मुझे लगता है कि मैं अपने देश, अपने सशस्त्र बलों के साथ खड़ी होना चाहती हूं। ऐसा मैं इसलिए नहीं कर रही, कि मैं कोई खास इंसान हूं, बल्कि इसलिए कर रही हूं कि आप सब भी खास हैं।

## मैं बस प्रार्थना कर रही थी

रिद्धि की परवरिश जम्मू में हुई है। पहलगाम आतंकी घटना को लेकर रिद्धि ने कहा कि यह बहुत डरावना था। वह लगातार जम्मू में अपने परिवार और अमृतसर में अन्य रिश्तेदारों से संपर्क में थीं। वहां पूरी तरह ब्लैकआउट हो गया था और लोग अपने घरों से ही आसमान में चल रहीं गतिविधियों को देख सकते थे। रिद्धि ने कहा, मैं बस प्रार्थना कर रही थी और रो रही थी। साथ ही सीमा पर तैनात हमारे सशस्त्र बलों के प्रति भी आभार महसूस कर रही थी। यह बहुत कठिन समय था।



# सैनिक पिता की शहादत पर गर्व है

यों तो जानी-मानी अभिनेत्री निमरत कौर ने नाटकों से शुरुआत करके कई अंतरराष्ट्रीय प्रॉजेक्ट्स में काम किया, मगर उन्हें पहचान मिली इरफान खान और नवाजुद्दीन सिद्दीकी अभिनीत फिल्म लंच बॉक्स से। बस उसके बाद तो निमरत ने मुड़ कर नहीं देखा। उनकी एयर लिफ्ट और दसवी जैसी फिल्म हो या फिर होमलैंड और स्कूल ऑफ लाइज जैसी वेब सीरीज, हर जगह उन्होंने खुद को साबित किया। इन दिनों उन्हें अपनी नई सीरीज कुल की इंद्राणी रॉय सिंह के रूप में काफी पसंद किया जा रहा है।

**दसवी के बाद आप अपनी इस सीरीज में आप डार्क और कांप्लेक्स किरदार में नजर आ रही हैं, आपके व्यक्तित्व का कॉन्प्लेस्ड, डार्क और विरोधाभासी पहलू क्या है?**

बचपन में जब मैं महज 11 साल की थी, तब मेरे पिताजी के जाने के बाद मुझ पर बड़े होने का दायित्व आ गया। बचपन जीने का सुख मुझे मिला नहीं, तो एक गहरा खालीपन है मेरे अंदर और उसी खालीपन की वजह से मैं एक आर्टिस्ट भी हूं। हम जितने भी कलाकार होते हैं, हमारे अंदर कुछ न कुछ अधूरापन होता। हम उस अधूरेपन को पूरा करने की कोशिश में अपने आप को ही खोज रहे होते हैं अपने काम के जरिए। यही वजह है कि हम ऑफिस गोइंग या फिर आम जिंदगी की तरफ आकर्षित नहीं होते, तो जब आपकी जिंदगी सीधी-सादी नहीं है और आपने एक उतार-चढ़ाव वाला रास्ता चुना है, जिसमें एक अनिश्चिता बनी रहती है। इस राह में खतरे भी खूब होते हैं, उसके लिए आपको मोटी चमड़ी का होना पड़ता है और मेरी वल्नरेब्लिटी ये है कि मैं मोटी चमड़ी की नहीं हूं। इस बिजनेस में मोटी चमड़ी का होना बहुत जरूरी है। आप दिल पर किसी बात को लगा कर बैठ जाएं, तो सही नहीं। हमारा जज्बाती होना भूमिका के लिए तो अच्छा होता है, मगर एक व्यक्ति के रूप में हमारे लिए कई बार नुकसानदेह हो जाता है।

**ग्यारह साल की उम्र में आर्मी में सेवारत आपके पिता मेजर भूपिंदर सिंह कश्मीर में शहीद हो गए थे, बहुत गर्व की बात है, मगर एक बेटी के रूप में आपके लिए वो दौर कितना मुश्किल था?**

पापा को जो शहादत मिली, वो बेटी के रूप में मेरा भाग्य था, मगर उसके आगे की यात्रा को मैं कैसे बनाती हूं, देखने वाली बात वो थी। अब उस वक्त मेरे पास दो रास्ते थे। एक, पापा को खोने के बोझ को जिंदगी भर के लिए लेकर चलूं या फिर ऐसा कुछ करूं, जिससे पापा को गर्व होता। मैंने दूसरा रास्ता चुना। हमने हाल ही में अपने होमटाउन गंगानगर, जहां वे पैदा हुए थे, उनका स्टैच्यू इनॉगरेट करवाया। ये हमारा सपना था। पापा नहीं,हैं मगर उनकी कुर्बानी को यादों में रखने के लिए ये जरूरी था। मैं जो भी करती हूं, मुझे लगता है, पापा का प्यार और आशीर्वाद साथ है। हालांकि ये सब फलसफे वाली बातें हैं, मगर उनकी कमी आज भी खलती है। मुझे बहुत बार लगता है कि काश, वो होते, मगर साथ ही इस बात पर नाज होता है कि उन्होंने देश सेवा में अपनी जान का बलिदान दिया। मैं एक भारतीय नागरिक होने के नाते इस बात को हमेशा कहना चाहूंगी कि मैं आर्म फोर्सेज की बेटी हूं और हमारी सेना हमारी ताकत हैं। मेरी तरह से जिन परिवारों के लोग हादसों या आतंकवाद की वजह से चले जाते हैं, उसके निशान ताउम्र साथ चलते हैं और परिवारों को उन्हीं के साथ जीना पड़ता है।

**आप खुद भी एक मजबूत और आत्मनिर्भर लड़की हैं और पर्दे पर भी काफी स्ट्रॉन्ग महिला चरित्र जी चुकी हैं, मगर आज आपको महिलाओं के लिए सबसे ज्यादा चैलेंजिंग बात क्या लगती है?**

मेरे ख्याल से सबसे ज्यादा मुश्किल ये होता है कि लोगों को हमारी जिंदगी में कोई न कोई ओपिनियन देना होता है। हमारी हर चीज पर उन्हें राय देनी होती है। जैसे अगर किसी उम्रदारज महिला ने मेकअप लगाया हो, तो उसके बारे में बातें की जाती हैं कि इस उम्र में ये किसके लिए इतना मेकअप कर रही हैं? कहा जाएगा, बूढ़ी घोड़ी लाल लगाम, कभी मर्दों के बारे में कहा जाता है, बूढ़ा घोड़ा, समथिंग, मर्दों की बॉडी शेमिंग नहीं की जाती। औरतों को लेकर ये जो चीजें हैं, वो मुझे बहुत परेशान करती है। मगर उसका जवाब यही है कि हमें अपनी जिंदगी अपने हिसाब से जीनी होगी। अपने रूल्स बनाने होंगे। हम समाज को नहीं बदल सकते, मगर हमारी जिंदगी का नियंत्रण हमारे हाथ में हो।

**सोशल मीडिया पर आप नेगेटिविटी, अफवाहों और ट्रोलिंग को कैसे हैंडल करती हैं? लगता है, जिसे कोई पैरलल अदालत चल रही हो?**

जैसे कोई रियलिटी शो चल रहा हो मैं अपने इर्द-गिर्द हमेशा एक पॉजिटिविटी रखती हूं। कई बार जब मुझे लगता है कि ये गलत है, जैसे कई बार मैं जिनकी बहुत इज्जत करती हूं, उनके बारे में बहुत अजीबोगरीब बातें सुनती हूं कि उनके बारे में बहुत कुछ लिखा जा रहा है, उनका मजाक उड़ाया जा रहा है। मैं जब एक दर्शक की हैसियत से कुछ नहीं कर पाती, तो आप सोचिए कि उन्हें कितना फ्रस्ट्रेशन होता होगा, जिनके बारे में ये लिखा या बोला जाता है। देखा जाए, तो समाज के रूप में हमें शर्मिंदगी होनी चाहिए कि कहां से बात शुरू की जाती है और कहां पर खत्म। इन बातों को लेकर जितनी सप्लाई है, उतनी डिमांड भी है, तो इसका क्या हल है, वो मुझे भी नहीं पता, लेकिन मैं इतना जानती हूं कि ऐसे हैंडल्स को हैंडल न ही किया जाए, तो बेहतर है। मेरी जिंदगी में इन बातों के अलावा और भी कई मजेदार बातें हैं, खुशियां हैं।

# आईपीएल 2025: 11 साल में पहली बार शीर्ष दो में रहने पर पंजाब की नजरें



**जयपुर, एजेंसी।** एक दशक की नाकामी के बाद सफलता की नयी दास्तान लिख रही पंजाब किंग्स इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स का सामना करेगी तो उसकी नजरें 11 साल में पहली बार शीर्ष दो में जगह बनाने पर लगी होंगी। इससे पहले 2014 सत्र में पंजाब टीम लीग में शीर्ष पर रही थी लेकिन फाइनल में हार गई। पंजाब पिछले 18 साल के लीग के इतिहास में एक बार और ही प्लेऑफ में पहुंच सकी है। 11 बरस का इंतजार खत्म करने के बाद अब पंजाब की नजरें शीर्ष दो में रहने पर ही नहीं बल्कि एक और फाइनल खेलकर पहला खिताब जीतने पर लगी है। आत्मविश्वास से ओतप्रोत पंजाब टीम के हौसले और बढ गए जब उसके विदेशी खिलाड़ी मार्कस स्टोइनिस, जोश इंगलिस, आरोन हार्डी और काइल जैमीसन तीन दिन पहले टीम से जुड़े। ये चारों चयन के लिए उपलब्ध होंगे जब उनकी टीम मुंबई इंडियंस से हारकर यहां पहुंची दिल्ली का सामना करेगी।

भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के कारण लीग एक सप्ताह के लिए स्थगित होने के बाद ये विदेशी खिलाड़ी स्वदेश लौट गए थे। पंजाब और दिल्ली के बीच आठ मई को धर्मशाला में मैच पहली पारी के बाद बीच में रद्द कर दिया गया था। टूर्नामेंट बहाल होने के बाद पंजाब टीम ने अपने विदेशी खिलाड़ियों को वापिस बुला लिया।

आईपीएल प्लेआफ में तीन अलग-अलग टीमों की कप्तानी करने वाले पहले कप्तान बने पंजाब के श्रेयस अय्यर पर काफी दारोमदार होगा जो बतौर कप्तान अपना शानदार फॉर्म कायम रखना चाहेंगे। पिछले साल कोलकाता नाइट राइडर्स को खिताब दिलाने वाले अय्यर 2019 और 2020 में दिल्ली को प्लेआफ तक ले जा चुके हैं। दिल्ली की टीम 2020 में उनकी कप्तानी में फाइनल में पहुंची थी। पंजाब के लिए प्रभसिमरन सिंह (458 रन), अय्यर (435 रन), प्रियांश आर्य (356 रन), अर्शदीप सिंह (11 विकेट) और युजवेंद्र चहल (13 विकेट) ने शानदार प्रदर्शन किया है। दूसरी ओर दिल्ली कैपिटल्स को कई मौके मिले लेकिन प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव साफ नजर आया। तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के लौट जाने से भी उसके प्रदर्शन पर असर पड़ा। अब टीम जीत के साथ टूर्नामेंट से विदा लेना चाहेगी।

### टीमें:

**पंजाब किंग्स:** श्रेयस अय्यर (कप्तान), युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, मार्कस स्टोइनिस, नेहल वढेरा, ग्लेन मैक्सवेल, विशाक विजयकुमार, यश ठाकुर, हरप्रीत बराड़, विष्णु विनोद, मार्को जानसन, लॉकी फर्ग्यूसन, जोश इंगलिस, जेवियर बार्टलेट, कुलदीप सेन, पायला अविनाश, सूर्यांश शेडगे, मुशीर खान, हरनूर पन्नू, आरोन हार्डी, प्रियांश आर्य, अजमतुल्लाह उमरजई।

**दिल्ली कैपिटल्स:** अक्षर पटेल (कप्तान), जेक फ्रेजर-मैकगर्क, अभिषेक पोरेल, करुण नायर, लोकेश राहुल, ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, कुलदीप यादव, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, समीर रिजवी, दर्शन नालकंडे, डोनोवन फरेरा, त्रिपुराना विजय, दुष्मंता चमीरा, फाफ डु प्लेसी, टी नटराजन, अजय जादव मंडल, मनवंत कुमार एल और माधव तिवारी।

**समय:** शाम 7 :30 बजे।

# शुभमन गिल को मिल सकती है भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी



## इंग्लैंड दौरे के लिए दौड़ में सबसे आगे

**मुंबई, एजेंसी।** विराट कोहली और रोहित शर्मा के संन्यास के बाद भारतीय क्रिकेट में बदलाव के नए दौर की शुरूआत होगी जब पांच टेस्ट मैचों के इंग्लैंड दौरे के लिए राष्ट्रीय चयनकर्ता शनिवार को नए टेस्ट कप्तान का चयन करेंगे। इंग्लैंड दौरे के साथ ही विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के नए चक्र का आगाज होगा और 25 बरस के शुभमन गिल कप्तानी की दौड़ में सबसे आगे हैं। ऑस्ट्रेलिया के पिछले दौरे पर जसप्रीत बुमराह उप-कप्तान थे और उन्हें ही कप्तानी सौंपी जानी चाहिए थी लेकिन उनकी फिटनेस और कार्यभार प्रबंधन को देखते हुए वह दौड़ में पिछड़ सकते हैं। ऋषभ पंत आईपीएल में पूरी तरह से नाकाम रहे लेकिन टेस्ट प्रारूप में बदलाव के दौर से गुजरने जा रही भारतीय टीम का वह अभिन्न अंग होंगे और उन्हें उप-कप्तान बनाया जा सकता है। कप्तान के अलावा टीम में ज्यादा बदलाव की संभावना नहीं है। विराट और रोहित के जाने से खालीपन पैदा हुआ है जिससे केएल राहुल जैसे बल्लेबाजों से उम्मीदें बढ़ जाएंगी। राहुल और यशस्वी जायसवाल 20 जून से लीड्स में शुरू हो रहे पहले टेस्ट में पारी का आगाज कर सकते हैं। आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करने वाले साई सुदर्शन रिजर्व सलामी बल्लेबाज हो सकते हैं।

अब देखना यह है कि अतिरिक्त विशेषज्ञ बल्लेबाज के तौर पर करूण नायर, सरफराज खान या श्रेयस अय्यर में से किसी को चुना जाता है क्या। रविचंद्रन अश्विन के संन्यास के बाद रविंद्र जडेजा प्रमुख स्पिनर होंगे लेकिन यह भी देखना होगा कि इंग्लैंड के हालात को देखते हुए क्या दो या तीन स्पिनरों को उतारा जा सकता है। अगर दो को चुना जाता है तो वॉशिंगटन सुंदर को कुलदीप यादव पर तरजीह मिल सकती है।

विकेटकीपिंग में पंत पहली पसंद होंगे और रिजर्व के तौर पर ध्रुव जुरेल को चुना जा सकता है। तेज गेंदबाजी में बुमराह क्या पांच मैचों तक फिट रह पायेंगे, यह एक सवाल है। मोहम्मद शमी की फिटनेस को लेकर भी संदेह है। मोहम्मद सिराज तीसरे तेज गेंदबाज होंगे लेकिन अगर पांच तेज गेंदबाजों को चुना जाता है तो प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप और अर्शदीप सिंह चुने जा सकते हैं।

## हमारे पास प्लेऑफ में जाने के मौके थे, गुजरात पर जीत के बाद छलका पंत का दर्द



**अहमदाबाद, एजेंसी।** लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान ऋषभ पंत ने स्वीकार किया कि उनकी टीम ने आईपीएल 2025 में कई मौकों पर अच्छा प्रदर्शन तो किया लेकिन मौके भुना नहीं सकी जिससे प्लेआफ की दौड़ से बाहर होना पड़ा। लखनऊ को प्रदर्शन में निरंतरता का खामियाजा भुगतना पड़ा और कई करीबी मुकाबलों में उसे पराजय भी मिली।

पंत ने गुजरात टाइटंस पर 33 रन से जीत के बाद कहा, 'हम अच्छा क्रिकेट खेलने की बात करते हैं और हमने कई मौकों पर खेला भी। टूर्नामेंट में ऐसा भी समय आया जब हमारे पास प्लेऑफ में पहुंचने का मौका था लेकिन हम पहुंच नहीं सके। लेकिन यह खेल का हिस्सा है। उन्होंने दोहराया कि प्रमुख गेंदबाजों की चोट से उनका आक्रमण कमजोर हुआ। लखनऊ ने सत्र में अपने अभियान का आगाज मोहसिन खान, आवेश खान, आकाश दीप और मयंक यादव के बिना किया। शार्दुल ठाकुर को सत्र के बीच में शामिल किया गया जबकि आवेश और आकाश ने वापसी की। मयंक दो मैच खेलने के बाद बाहर हो गए। पंत ने कहा, 'टूर्नामेंट की शुरूआत में कई फिटनेस समस्याएं थी। हमने तय किया था कि इस पर बात नहीं करेंगे। फील्डिंग में हमे कमी खली। हम बहाने नहीं बना सकते।

### इंग्लैंड वर्सेस जिम्बाब्वे:

# जिम्बाब्वे के खिलाफ शतक लगाते ही इंग्लैंड के ओली पोप ने रच दिया इतिहास

## ऐसा करने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बने

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के नंबर 3 ओली पोप ने गुरुवार 22 मई 2025 की रात इतिहास रचा। उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच में घरेलू मैदान (नॉटिंघम के ट्रेंट ब्रिज स्टेडियम) पर शतक लगाया। जिम्बाब्वे के खिलाफ शतक लगाने के साथ ही वह विभिन्न देशों के खिलाफ अपने पहले 8 टेस्ट शतक लगाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए।




खास यह है कि ओली पोप ने अब तक 9 टीमों के खिलाफ टेस्ट मैच खेला है। इसमें से 8 टीमों के खिलाफ उन्होंने शतक लगाये हैं। वह भारत, साउथ अफ्रीका, न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज, श्रीलंका, पाकिस्तान, आयरलैंड और जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट मैच में शतक लगा चुके हैं। सिर्फ ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ही वह अब तक टेस्ट मैच में शतक नहीं लगा पाए हैं। इस साल के अंत में उनके ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलने की संभावना है। अगर वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी टेस्ट शतक बनाने में सफल हो जाते हैं तो एक बेहतरीन क्लब में शामिल हो जाएंगे।

**जिम्बाब्वे के खिलाफ इंग्लैंड के शीर्ष 3 बल्लेबाजों ने शतक लगाए** – नॉटिंघम के ट्रेंट ब्रिज में चार दिवसीय टेस्ट के पहले दिन पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने 88 ओवर में 3 विकेट पर 498 रन बनाए। बेन स्टोक्स की अगुआई वाली इंग्लैंड के शीर्ष तीनों बल्लेबाजों ने शतक बनाए। सलामी बल्लेबाज बेन डकेट ने घरेलू मैदान पर 100 गेंद मे शतक जड़ा, जबकि जैक क्रॉली ने अपेक्षाकृत धीमे शतक (145 गेंद में) लगाया। वह 171 गेंद में 124 रन बनाकर आउट हुए। दिन का खेल खत्म होने के समय ओली पोप 163 गेंद में 169 और हैरी ब्रूक 18 गेंद में 9 रन बनाकर क्रीज पर थे। जो रूट 44 गेंद में 3 चौके की मदद से 34 रन बनाकर पवेलियन लौट चुके थे।

**ओली पोप ने 109 गेंद में पूरा किया शतक** – ओली पोप ने 109 गेंद में अपना 8वां टेस्ट शतक पूरा किया। उन्होंने 3 अंकों का आंकड़ा पार करते हुए कई रिकॉर्ड्स अपने नाम किये। ओली पोप ने नंबर 3 पर अपना सातवां शतक बनाया। इससे वह इस स्थान पर इंग्लैंड के बल्लेबाजों में जोनाथन ट्रॉट के बराबर आ गए।

### पंजाब किंग्स में संकट

# टीम के सह-निदेशकों के खिलाफ कोर्ट पहुंचीं प्रीति जिंटा, यह है वजह



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पंजाब किंग्स में मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। टीम के मालिकों के बीच विवाद छिड़ गया है। टीम की सह-मालकिन प्रीति जिंटा अदालत पहुंच गई हैं। उन्होंने टीम के सह निदेशकों मोहित बर्मन और नेस वाडिया के खिलाफ चंडीगढ़ की एक अदालत में लीगल केस दायर किया है। यह मामला ऐसे समय सामने आया है, जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में टीम शानदार फॉर्म में है।

श्रेयस अय्यर की अगुआई में पंजाब किंग्स प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर चुकी है। उसके 12 मैच में 17 अंक हैं और वह आईपीएल 2025 की अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। उसके अभी दो मुकाबले बाकी हैं। उसे अब 24 मई को दिल्ली कैपिटल्स और 26 मई को मुंबई इंडियंस से भिड़ना है। मुंबई इंडियंस भी आईपीएल 2025 प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर चुकी है। दिल्ली कैपिटल्स बाहर हो चुकी है। पंजाब किंग्स की नजर दोनों मैच जीतकर अंक तालिका में शीर्ष पर रहते हुए नॉकआउट चरण में प्रवेश करने पर है। आईपीएल 2014 के बाद से यह पहली बार है जब पंजाब प्लेऑफ में पहुंची है। अब उसकी नजर खिताब का सूखा खत्म करने और अपनी पहली आईपीएल ट्रॉफी जीतने पर होगी।

**विशेष आम बैठक की वैधता को दी चुनौती** – प्रीति जिंटा की ओर से दायर याचिका में 21 अप्रैल को आयोजित विशेष आम बैठक की वैधता को चुनौती दी गई है। आरोप लगाया गया है कि टीम के अन्य सह निदेशकों ने नियमों का उल्लंघन करते हुए बैठक की। बॉलीवुड स्टार प्रीति जिंटा, मोहित बर्मन और नेस वाडिया केपीएच ड्रीम क्रिकेट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक हैं। यही कंपनी इंडियन प्रीमियर लीग की फ्रेंचाइजी पीबीकेएस (पंजाब किंग्स) की मालिक है।

रिपोर्ट के अनुसार, प्रीति जिंटा ने कहा है कि 21 अप्रैल को आयोजित ईजीएम (विशेष आम बैठक) में कंपनी अधिनियम, 2013 और अन्य सचिवीय नियमों के तहत उचित प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया गया। अभिनेत्री और कारोबारी प्रीति जिंटा ने दावा किया है कि उन्होंने 10 अप्रैल को एक ईमेल के माध्यम से बैठक पर आपत्ति जताई थी, लेकिन संदेश को नजरअंदाज कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि मोहित बर्मन ने नेस वाडिया के समर्थन से बैठक आयोजित की थी।

### इंडिया वर्सेस इंग्लैंड:

# टीम इंडिया को बड़ा झटका

## मोहम्मद शमी का इंग्लैंड टेस्ट सीरीज में खेलना मुश्किल, मेडिकल टीम ने बीसीसीआई को दी अहम जानकारी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** देवेंद्र पांडे। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैच की टेस्ट सीरीज के लिए टीम का चयन करने को लेकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के पास अब बस कुछ ही दिन बचे हैं। पता चला है कि सीनियर चयन समिति तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को दौरे से बाहर कर सकती है। बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने बोर्ड को सूचित किया है कि 34 वर्षीय तेज गेंदबाज लंबे स्पैल नहीं कर पाएंगे। उनके सभी पांच टेस्ट मैच खेलने की संभावना भी बहुत कम है।

**शमी को लेकर दुविधा में चयनकर्ता** – मोहम्मद शमी को भारतीय टीम के साथ ले जाने और उन्हें कुछ मुकाबलों में खिलाने पर विचार-विमर्श किया गया। चूंकि जसप्रीत बुमराह ने पहले ही बीसीसीआई को सूचित कर दिया है कि उनका शरीर तीन टेस्ट मैच से अधिक नहीं झेल सकता है। ऐसे में चयन समिति इस दुविधा में है कि क्या इसी तरह के अनिश्चित गेंदबाज को टीम में शामिल किया जाए, जो शायद कुछ ही मैच खेल पाए। इससे भारतीय टीम की योजना भी प्रभावित होती है।

**लंबे स्पैल गेंदबाजी करने वाले खिलाड़ी की मांग** – पता चला है कि चयनकर्ता भारतीय टीम में फिट गेंदबाजों को शामिल करना चाहते हैं, जो जरूरत पड़ने पर लंबे स्पैल में बॉलिंग कर सकें। एक सूत्र ने बताया, 'शमी आईपीएल 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए 4 ओवर गेंदबाजी कर रहे हैं। बोर्ड और चयनकर्ताओं को नहीं पता कि वह एक दिन में 10 ओवर से ज्यादा गेंदबाजी कर सकते हैं या नहीं।

# अंपायर या चीयरलीडर, IPL टूर्नामेंट में ज्यादा कौन कमाता है? इनकी सैलरी जानकर उड़ जाएंगे होश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग केवल एक टूर्नामेंट नहीं, बल्कि एक बिजनेस मॉडल भी है. इस खेल में टीम के मालिकों के साथ ही खिलाड़ी भी करोड़ों रुपये कमाते हैं. वहीं चीयरलीडर्स और अंपायर को भी खूब पैसा मिलता है. टीम के खिलाड़ियों की नीलामी लगती है, जिससे उन्हें मिलने वाली रकम का खुलासा हो जाता है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि चीयरलीडर्स और अंपायर को एक मैच के लिए कितने रुपये मिलते हैं.

**चीयरलीडर्स की एक आईपीएल मैच की सैलरी** – आईपीएल मैच के दौरान चौके-छक्के पड़ने पर या किसी टीम की विकेट गिरने पर चीयरलीडर्स अपनी-अपनी टीम को सपोर्ट करती नजर आती हैं. सभी टीमों की चीयरलीडर्स की सैलरी अलग-अलग होती है. सभी फ्रेंचाइजी अपने-अपने मुताबिक इनकी सैलरी निर्धारित करती हैं. चीयरलीडर्स आईपीएल के एक सीजन से दो से चार लाख रुपये तक कमा सकती हैं. आईपीएल में जहां कोई टीम अपनी चीयरलीडर्स को एक मैच के लिए 14 हजार रुपये के करीब देती हैं. वहीं कोई टीम 24 हजार रुपये तक भी देती है. इस तरह टीम के मुताबिक चीयरलीडर्स को अलग-अलग पैसे मिलते हैं.



**अंपायर को मिलते हैं इतने रुपये** – अंपायर का काम मैच को सही तरीके से चलाने का होता है और ये मैच में निर्णायक भूमिका निभाते हैं. अंपायरों का काम चीयरलीडर्स की तुलना में ज्यादा होता है और इसी वजह से इनकी सैलरी भी ज्यादा होती है. आईपीएल 2019 में सबसे प्रमुख अंपायर जवागल श्रीनाथ को 52.45 लाख रुपये मिले थे. वहीं मनु नायर को आईपीएल में अंपायरिंग करने के लिए 41.96 लाख रुपये मिल चुके हैं. आईपीएल मैच में फर्स्ट अंपायर के निर्णय को बदलने के लिए रिव्यू भी लिया जा सकता है, जिसे डीआरएस कहते हैं. फील्ड अंपायर के निर्णय को थर्ड अंपायर बताता है.

# 118 मैच, 15 साल से ज्यादा का करियर... श्रीलंका के इस दिग्गज ने टेस्ट क्रिकेट को कहा अलविदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** श्रीलंका के महानतम क्रिकेटर्स में शुमार एंजेलो मैथ्यूज ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है. मैथ्यूज ने कहा कि वो अपना आखिरी टेस्ट मैच जून में बांग्लादेश के खिलाफ खेलेंगे. यह मुकबाला 17 से 21 जून तक गॉल में खेला जाना है. मैथ्यूज ने सोशल मीडिया पर 23 मई (शुक्रवार) को एक इमोशनल पोस्ट शेयर करके इस बात की जानकारी दी. मैथ्यूज ने स्पष्ट किया कि वो व्हाइट बॉल क्रिकेट खेलते रहेंगे. लगभग 16 साल लंबे अपने टेस्ट करियर में मैथ्यूज ने न केवल बल्ले से, बल्कि अपनी कप्तानी से भी श्रीलंकाई फैन्स के दिलों में खास जगह बनाई है.

मैंने क्रिकेट को अपना सब कुछ दिया...

एंजेलो मैथ्यूज ने ङ्ग पर लिखा, अब समय आ गया है कि मैं क्रिकेट के सबसे पसंदीदा फॉर्मेट, इंटरनेशनल टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहूं. पिछले 17 सालों से श्रीलंका के लिए क्रिकेट खेलना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान और गर्व की बात रही है. जब कोई खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम की जर्सी पहनता है, तो जो देशभक्ति और सेवा की भावना होती है, उसकी तुलना किसी चीज से नहीं की जा सकती. मैंने क्रिकेट को अपना सब कुछ दिया है और बदले में क्रिकेट ने भी मुझे बहुत कुछ दिया, मुझे वो इंसान बनाया जो मैं आज हूं.



उन्होंने आगे लिखा, मैं इस खेल के प्रति आभारी हूं और उन हजारों श्रीलंकाई क्रिकेट फैन्स का दिल से धन्यवाद करता हूं जो मेरे करियर के उतार-चढ़ाव में हमेशा मेरे साथ खड़े रहे. जून में बांग्लादेश के खिलाफ होने वाला पहला टेस्ट मैच मेरे टेस्ट करियर का आखिरी मुकाबला होगा. जैसा कि चयनकर्ताओं से बात हुई है, मैं टेस्ट क्रिकेट से विदाई के बाद व्हाइट बॉल (वनडे और ञ्च20) क्रिकेट में चयन के लिए उपलब्ध रहूंगा, अगर मेरे देश को मेरी जरूरत होगी. मैथ्यूज लिखते हैं, मुझे भरोसा है कि यह टेस्ट टीम एक प्रतिभाशाली टीम है, जिसमें भविष्य और मौजूदा दौर के कई महान खिलाड़ी हैं. मुझे लगता है कि यह सही समय है जब किसी युवा खिलाड़ी को मौका दिया जाए, ताकि वह देश के लिए चमक सके. मैं ईश्वर का, अपने माता-पिता का, अपनी पत्नी और बच्चों का, अपने पूरे परिवार व करीबी दोस्तों का धन्यवाद करता हूं जिन्होंने मुझ पर हमेशा भरोसा किया और हर हाल में मेरा साथ दिया. साथ ही मैं श्रीलंका क्रिकेट और सभी कोचों को भी खास धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने मेरे करियर के दौरान मेरा हमेशा सहयोग किया. एक अध्याय खत्म हो रहा है, लेकिन खेल के प्रति मेरा प्यार हमेशा बना रहे.

## संक्षिप्त समाचार

### जेपी फ्लैट घोटाले में दिल्ली-एनसीआर समेत 15 जगहों पर ईडी के छापे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीमें जेपी फ्लैट घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले के सिलसिले में आज दिल्ली-एनसीआर और मुंबई समेत 15 स्थानों पर छापेमारी कर रही हैं। इनमें जेपी एसोसिएट्स और इसकी संबद्ध संस्थाएं गौरसंस, गुलशन, महागुन और सुरक्षा रियलिटी शामिल हैं।

जानकारी के अनुसार, ईडी द्वारा यह छापेमारी जेपी इंफ्राटेक, जेपी एसोसिएट्स लिमिटेड और अन्य से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले (पीएमएलए) में घर खरीदारों और निवेशकों के साथ लगभग 12000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी और धन की हेराफेरी के मामले में की जा रही है।

ईडी को शक है कि बड़ी मात्रा में फंड्स को डायवर्ट कर मनी लॉन्ड्रिंग की गई है। यह कार्रवाई उन हजारों होमबायर्स के लिए उम्मीद की किरण बनकर आई है, जो सालों से अपने घर का इंतजार कर रहे हैं।

### राहुल शनिवार को जाएंगे पुंछ, पाकिस्तानी गोलाबारी से प्रभावित परिवारों से मिलेंगे



**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी शनिवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ का दौरा करेंगे जहां वह पाकिस्तान की गोलाबारी एवं ड्रोन हमलों से प्रभावित परिवारों और पीड़ितों से मुलाकात करेंगे। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी कल यानी 24 मई को पुंछ का दौरा करेंगे, जहां वे हाल ही में पाकिस्तान की गोलाबारी में मारे गए लोगों के शोकाकुल परिजनों से मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा, इससे पहले, 25 अप्रैल को वे श्रीनगर गए थे, जहां उन्होंने पहलगाम में हुए बर्बर आतंकी हमले में घायल लोगों और अन्य संबंधित पक्षों से मुलाकात की थी। उन्होंने उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री से भी भेंट की थी। भारत-पाकिस्तान के बीच आठ से 10 मई तक सैन्य संघर्ष के दौरान पुंछ समेत जम्मू क्षेत्र में भारी गोलाबारी और ड्रोन हमले हुए, जिनमें 27 लोग मारे गए और 70 लोग घायल हो गए। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद 25 अप्रैल को कश्मीर का दौरा किया था।

### सड़क 20 दिन रहेगी बंद

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को बताया कि राजघाट से आईएसबीटी कश्मीरी गेट तक हनुमान सेतु के दाहिने कैरिजवे पर अगले 20 दिन (2× मई से 11 जून) मरम्मत और पुनर्वास का काम किया जाएगा, जिसके चलते इस सड़क पर यातायात प्रतिबंधित रहेगा। इस बारे में ट्रैफिक एडवायजरी (यातायात सलाह) जारी करते हुए पुलिस ने कहा कि इस काम को लोक निर्माण विभाग द्वारा पूरा किया जाएगा और इससे आसपास के इलाकों के यातायात पर असर पड़ने की आशंका है। एडवायजरी के अनुसार जरूरत के आधार पर डायवर्जन पॉइंट में शांति वन चौक, गीता कॉलोनी फ्लाईओवर के पास आउटर रिंग रोड पर शांति वन की ओर जाने वाला कट और लाल किले के पीछे मंगी ब्रिज शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि प्रभावित होने वाले हिस्सों में रिंग रोड (शांति वन से आईएसबीटी कश्मीरी गेट तक), आउटर रिंग रोड (गीता कॉलोनी फ्लाईओवर से आईएसबीटी तक), राजा राम कोहली मार्ग, निषाद राज मार्ग, नेताजी सुभाष मार्ग, लोथियन रोड, केला घाट रोड और युधिष्ठिर सेतु (जीटी रोड) शामिल हैं। ट्रैफिक पुलिस ने अपनी एडवायजरी में नोएडा, अक्षरधाम और सराय काले खां से आईएसबीटी कश्मीरी गेट, चंदगीराम अखाड़ा या नरेला की ओर जाने वाले यात्रियों को सलाह दी है कि वे गीता कॉलोनी रोड-पुष्ता रोड-शास्त्री पार्क-जीटी रोड-आईएसबीटी कश्मीरी गेट या गीता कॉलोनी रोड-पुष्ता रोड-शास्त्री पार्क-वजीराबाद रोड-सिग्नेचर ब्रिज के माध्यम से अपनी आगे की यात्रा के लिए वैकल्पिक मार्ग अपनाएं।इसी तरह शास्त्री पार्क, सीलमपुर और शाहदरा से आने वालों को सलाह दी गई है कि वे पुष्ता रोड-शास्त्री पार्क-जीटी रोड-आईएसबीटी कश्मीरी गेट मार्ग का उपयोग करें।

# दिल्ली चुनाव में कांग्रेस ने खूब उड़ाया पैसा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में कांग्रेस ने इस बार खूब पैसा बहाया था। चुनाव आयोग के पास दाखिल खर्च की डिटेल के अनुसार, कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी (आप) से तीन गुना से भी ज्यादा रकम खर्च की, लेकिन एक भी सीट जीतने में विफल रही। खर्च की डिटेल बुधवार को श्वष्टद्ब की वेबसाइट पर अपलोड की गई थी।

'आप' और कांग्रेस दोनों ने ही सभी 70 सीटों पर अपने-अपने प्रत्याशी उतारे थे, जिनमें से 'आप' 22 सीटें जीतने में कामयाब रही। वहीं, वोट शेयर में वृद्धि के बावजूद कांग्रेस तीसरी बार भी एक भी सीट नहीं जीत पाई।

इस बार चुनाव में कांग्रेस ने जहां 46.18 करोड़ रुपये खर्च किए, जबकि 'आप' का कुल खर्च 14.51 करोड़ ही रहा। इन आंकड़ों में पार्टी के मीडिया विज्ञापन और कैंपेन सामग्री और प्रत्याशियों द्वारा किया गया खर्च, दोनों शामिल हैं।

**कांग्रेस ने कहां कितना किया खर्चः**

## आप से 3 गुना से ज्यादा किया खर्च

कांग्रेस पार्टी ने मीडिया विज्ञापनों पर करीब 18 करोड़ रुपये खर्च किए, जिसमें बल्क एसएमएस कैंपेन भी शामिल हैं। दिलचस्प बात यह है कि पार्टी ने नेशनल हेराल्ड अखबार प्रकाशित करने वाले एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (छ्वरु) को भी प्रिंट विज्ञापनों के लिए 2.68 करोड़ रुपये का भुगतान किया। कांग्रेस ने कैंपने के दौरान वॉयस ब्रॉडकास्ट और बल्क एसएमएस पर भी 60.49 लाख रुपये खर्च किए। इसके अलावा, कांग्रेस ने पोस्टर, बैज, होर्डिंग, झंडे और अन्य प्रचार सामग्री पर करीब 18 करोड़ रुपये खर्च किए थे। प्रत्याशियों से जुड़े खर्च के मामले में कांग्रेस पार्टी ने 6.05 करोड़ रुपये खर्च किए, जिसमें अखबारों में अपने उम्मीदवारों के आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी प्रकाशित करने के लिए 10.75 लाख रुपये का खर्च शामिल है।

### केजरीवाल और सिसोदिया से भी अधिक इस नेता पर खर्च

दूसरी ओर, 'आप' ने अपने 23 प्रत्याशियों को 2.23 करोड़ रुपये का भुगतान किया, जिनमें से 15 हार गए। इसमें पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन और मनीष सिसोदिया शामिल हैं। जैन ने 23 लाख रुपये और सिसोदिया ने 20 लाख रुपये खर्च किए। केजरीवाल पर 10 लाख रुपये खर्च किए गए, जबकि गोपाल राय पर 24.75 लाख रुपये खर्च किए गए। 'आप' ने अपने प्रत्याशियों के आपराधिक इतिहास को अखबारों में प्रकाशित करने पर भी 16 लाख रुपये खर्च किए। 'आप' का कुल 'प्रोपेगेंडा खर्च' – जिसमें मीडिया और प्रचार शामिल है 12.1 करोड़ रुपये रहा। गौरतलब है कि, दिल्ली विधानसभा चुनाव 5 फरवरी 2025 को हुए थे और नतीजे 8 फरवरी को घोषित किए गए थे। भाजपा ने 48 सीटें जीतकर 27 साल के बाद दिल्ली की सत्ता में वापसी की है। वहीं, 'आप' महज 22 सीटें ही जीत सकी, जबकि पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल सहित 'आप' के कई प्रमुख नेता अपनी सीटें हार गए।

## प्रधानमंत्री ई-ड्राइव योजना के तहत तेलंगाना, दिल्ली, कर्नाटक और गुजरात के लिए शुरू की जाएंगी इलेक्ट्रिक बसें

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने गुरुवार को प्रधानमंत्री ई-ड्राइव योजना के अंतर्गत इलेक्ट्रिक बसों की शुरुआत पर एक बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में तेलंगाना, कर्नाटक, दिल्ली और गुजरात राज्यों पर ध्यान केंद्रित किया गया।



उद्योग मंत्रालय ने विस्तृत विचार-विमर्श के बाद पीएम ई-ड्राइव योजना के वर्तमान चरण के अंतर्गत बेंगलुरु को लगभग 4,500, हैदराबाद को 2,000, दिल्ली को 2,800, अहमदाबाद को 1,000 और सूरत को 600 इलेक्ट्रिक बसें उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया है। यह जानकारी भारी उद्योग मंत्रालय ने एक बयान जारी कर दी है। इस दौरान एच.डी. कुमारस्वामी ने कहा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व के कारण अब देश में टिकाऊ शहरी गतिशीलता की दिशा में साहसिक कदम उठए जा रहे हैं।

## आप नेता की पत्नी ने वित्त मंत्री सीतारमण पर दर्ज कराया आपराधिक मानहानि मामला, जवाब तलब

नईदिल्ली, एजेंसी। आप नेता सोमनाथ भारती की पत्नी लिपिका मित्रा ने दिल्ली की एक अदालत में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ आपराधिक मानहानि की शिकायत दर्ज कराई है। इस मामले को लेकर अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने सीतारमण को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।



लिपिका मित्रा की शिकायत पर अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पारस दलाल ने कहा कि प्रस्तावित आरोपी को सुनवाई का अवसर दिया जाना चाहिए। उन्होंने 19 मई को सीतारमण को नोटिस जारी कर 12 जून तक जवाब मांगा है। मजिस्ट्रेट ने कहा कि शिकायतकर्ता के खिलाफ प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में अपमानजनक और मानहानिकारक टिप्पणी करने और प्रकाशित करने का नया मामला असाइनमेंट के माध्यम से प्राप्त हुआ है। इसकी जांच की जानी चाहिए और इसे रजिस्टर्ड किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मामला संज्ञान के स्तर पर है और धारा 223 बीएनएसएस के पहले प्रावधान के अनुपालन में प्रस्तावित आरोपी को सुनवाई का अवसर दिया जाना है। कहा कि प्रस्तावित आरोपी को 12 जून तक जवाब देने के लिए नोटिस जारी किया जाना चाहिए।
शिकायत में दावा किया गया है कि सीतारमण ने 17 मई, 2024 को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपमानजनक, झूठे और दुर्भावनापूर्ण बयान दिए। इसका एकमात्र उद्देश्य सोमनाथ भारती की प्रतिष्ठा को धूमिल करना और आम चुनावों में उनकी जीत की संभावनाओं को कमजोर करना था।
शिकायत के अनुसार, 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा उम्मीदवार को राजनीतिक लाभ पहुंचाने और शिकायतकर्ता के पति को राजनीतिक नुकसान पहुंचाने के इरादे से आरोपी ने शिकायतकर्ता और उसके पति के वैवाहिक कलह के बारे में बात की। लेकिन, उनके दोबारा से मिलने और खुशी से साथ रहने की जानकारी छिपा दिया।

# एनसीआर में फिर कोविड-19 की दस्तक, 3 मरीजों में मिला कोरोना वायरस



**नईदिल्ली, एजेंसी।** एनसीआर में कोरोना वायरस ने एक बार फिर से दस्तक दे दी है। दिल्ली से सटे गुरुग्राम में करीब ढाई साल बाद बुखार से पीड़ित दो मरीजों की जांच करने पर उनमें कोविड संक्रमण की पुष्टि हुई है। दोनों मरीजों का होम आइसोलेशन में इलाज चल रहा है। वहीं, फरीदाबाद में भी एक मरीज कोरोनावायरस से संक्रमित मिला है। गुरुग्राम स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, कोरोना से संक्रमित होने वालों में सेक्टर-52 निवासी 31 वर्षीय महिला और सेक्टर-70 निवासी 62 वर्षीय बुजुर्ग शामिल हैं। राहत की बात यह है कि बुजुर्ग के साथ परिवार में रहने वाले सदस्यों की जांच में उनमें से किसी में भी कोविड का संक्रमण नहीं मिला है। सभी पूरी तरह स्वस्थ हैं। बुजुर्ग की कोई ट्रेवल हिस्ट्री भी नहीं है। वहीं 31 वर्षीय महिला अपने दोस्त के साथ रहती है और वह मुंबई से घूमकर आई है। दोनों का इलाज स्वास्थ्य विभाग की निगरानी में होम आइसोलेशन में चल रहा है। दोनों मरीजों के सैंपल को जांच के लिए लैब में भी भेजा जाएगा, जिसमें संक्रमण के वेरिएंट के बारे में पता लगाया जाएगा।

जांच करवाने पर हुई पुष्टि – स्वास्थ्य विभाग के अनुसार 31 वर्षीय महिला हाल ही में मुंबई से यात्रा करके लौटी थी। उन्हें बुखार और कोविड जैसे लक्षण दिखाई देने पर जांच करवाई गई, जिसमें उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई।

**डरिए नहीं, सावधान रहिएः** स्वास्थ्य विभाग ने दोनों मरीजों को होम आइसोलेशन में रखा है। उनकी स्थिति पर नजर रखी जा रही है। दोनों की हालत स्थिर है और उन्हें आवश्यक डॉक्टरी सहायता दी जा रही है। इसके अलावा, मरीजों के संपर्क में आए लोगों की पहचान कर जांच शुरू कर दी गई है, ताकि वायरस के प्रसार को रोका जा सके।

### होम आइसोलेशन में चल रहा इलाज

डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. जे.पी. राजलीवाल ने कहा कि डरने की जरूरत नहीं है, लेकिन सावधानी बरतें। उन्होंने लोगों से अपील की है कि कोविड-19 के लक्षणों, जैसे बुखार, खांसी, या सांस लेने में तकलीफ हो तो जांच करवाएं। मास्क पहनने, सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखने और नियमित रूप से हाथ धोने जैसे एहतियाती उपायों का पालन करने की भी सलाह दी गई है। स्थानीय लोगों को सतर्कता बरतने और स्वास्थ्य दिशानिर्देशों का पालन करने की अपील भी की गई। जरूरत पड़ने पर नागरिक अस्पतालों में संक्रमित मरीजों के लिए अलग से वार्ड बनाया जाएगा, ताकि समय पर इलाज हो सके।

### फरीदाबाद में भी एक मरीज में हुई है पुष्टि

फरीदाबाद में भी एक मरीज में कोरोना की पुष्टि हुई है। 28 वर्ष युवक वायरल बुखार, सर्दी, खांसी, जुकाम से परेशान था। गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग सैंपल जिनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेज दिया है। बुखार से पीड़ित युवक डॉक्टरी सलाह के लिए दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में गया था। डॉक्टरों ने कोरोना की जांच कराई थी। उसकी रिपोर्ट मंगलवार देर शाम आई थी। पीड़ित युवक एक कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता है। पिछले कुछ दिनों से उसे वायरल बुखार, सर्दी, खांसी जुकाम की शिकायत थी। जेएन-1 को कोरोना का नया वेरिएंट बताया जा रहा है। उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामभगत ने बताया कि जीनोम सीक्वेंसिंग के सैंपल भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मरीज की हालत में लगातार सुधार आ रहा है और जिलेवासियों को भी बिल्कुल घबराने की आवश्यकता नहीं है। अभी सब कुछ स्वास्थ्य विभाग के नियंत्रण में हैं। उन्होंने बताया कि बीके अस्पताल में दोबारा से कोरोना जांच भी शुरू होगी।



# भारतीय सांसदों के पहुंचने से पहले मॉस्को एयरपोर्ट पर ड्रोन अटैक

### डीएमके सांसद कनिमोझी का विमान हवा में लगाता रहा चक्कर

**मॉस्को , एजेंसी।** भारतीय डेलिगेशन कई देशों की यात्रा पर गया है और इस दौरान एक डेलिगेशन का नेतृत्व कर रही डीएमके सांसद कनिमोझी रूस के दौरे पर हैं। इस बीच मॉस्को एअरपोर्ट पर ड्रोन हमले की जानकारी सामने आई है।

**हवा में फंसा विमानः** बताया जा रहा है कि मॉस्को के एअरपोर्ट पर ड्रोन अटैक किया गया है, जिसके बाद डीएमके सांसद कनिमोझी का विमान हवा में ही फंसा रहा।

थांथी टीवी की रिपोर्ट के अनुसार, मॉस्को हवाई अड्डे के निकट ड्रोन हमले के कारण विमान उतर नहीं सका। घटना के बाद घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ान परिचालन कुछ घंटों के लिए अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया।

हालांकि, कई घंटों के बाद, जिस विमान में भारतीय डेलिगेशन यात्रा कर रहा था, उसे सुरक्षित रूप से उतारा गया।

**रूस के दौरे पर है भारतीय डेलिगेशनः** बता दें, सांसद कनिमोझी के नेतृत्व में एक डेलिगेशन पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद को लेकर अंतरराष्ट्रीय जागरूकता बढ़ाने के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के हिस्से के रूप में रूस का दौरा कर रहा है।

# शेल्टर होम्स से महिला ने गोद लिया कुत्ता, फिर उसको मारा पकाया और खा गई

### सोशल मीडिया पर शेयर किया वीडियो



**बीजिंग , एजेंसी।** चीन से एक दिल को झकझोर कर देने वाला मामला सामने आया है। चीन में एक महिला ने शेल्टर से आवारा कुत्तों को गोद लिया, अब इसको लेकर उसके खिलाफ जांच चल रही है। दरअसल उसने कुत्तों को लेने के बाद उन्हें मारकर, पकाकर उनके खा लिया। साथ ही महिला ने स्वंय वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट भी किया।

महिला की पहचान झिक्सुआन के रूप में हुई है, महिला ने खुद को एक पशु प्रेमी बताया और मैसेजिंग एप के जरिए लियाओनिंग प्रांत के कई आश्रयों तक पहुंच बनाई। उसने कुत्ते खरीदते समय दावा था किया कि वह आवारा कुत्तों को एक सुरक्षित घर देना चाहती थी। लेकिन उसने ऐसा नहीं किया वो सीधा कुत्तों को रसोई में ले गई।

### कुत्ते का मांस तैयार कर बनाया वीडियो

चीनी सोशल मीडिया पर वायरल स्क्रीनशॉट में झिक्सुआन को कुत्ते का मांस तैयार करते हुए खुद के वीडियो पोस्ट करते हुए दिखाया गया है। एक कैप्शन में उन्होंने लिखा, कुत्ते का मांस लगभग तैयार है। बारिश के दिनों में ड्रिंक के साथ खाने के लिए एकदम सही। दूसरे कैप्शन में उन्होंने लिखा, बच्चा मांस खाते हुए दिखाई दे रहा है, ये बच्चे के लिए सबसे अच्छा।
हालांकि चीन के ज्यादातर हिस्सों में कुत्ते का मांस खाना गैरकानूनी नहीं है और दक्षिण में यूलिन जैसी जगहों पर अभी भी इसे मनाया जाता है। लेकिन पालतू जानवरों के बढ़ते चलन और लोगों के बदलते नजरिए के बीच यह प्रथा लगातार विवादास्पद होती जा रही है।

### लोगों ने दिए ऐसे रिएक्शन

रिपोर्ट में कहा गया है कि एक यूजर ने लिखा, झिक्सुआन जैसे लोग घृणित हैं। उन बेचारे आवारा कुत्तों को लगा कि उन्हें एक प्यारा घर मिल गया है, लेकिन उन्हें सीधे नरक में ले जाया गया। एक अन्य ने मजबूत पशु संरक्षण कानूनों की मांग करते हुए पूछा, चीन कब ऐसे लोगों को दंडित करने के लिए कानून बनाएगा जो जीवन के प्रति इतनी घोर उपेक्षा दिखाते हैं? अधिकारियों ने पुष्टि की है कि झिक्सुआन ने कुत्ते का मांस पकाया और खाया था।

# चावल को लेकर जापान में हंगामा है बरपा... राइस की किल्लत

**टोक्यो , एजेंसी।** जापान में एक बार फिर चावल की आपूर्ति कम हो गयी है। देश में चावल के दाम आसमान छू रहे हैं और ये मामला अब सियासत की दहलीज तक पहुंच चुका है। चावल की बढ़ती महंगाई और कम होती आपूर्ति के मामले ने इतना तूल पकड़ लिया की जापान की कृषि मंत्री ताकू एटो को अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा।

इस खबर में समझेंगे कि चावल की आपूर्ति को लेकर हालात इतने बदतर कैसे हुए लेकिन पहले समझते हैं कि जापान में चावल क्यों इतना अहम है? चावल को जापानी संस्कृति, परंपरा और राजनीति का खाद-पानी माना जाता है। लोग इस अनाज को अपनी अस्मिता से जोड़ते हैं। जापान में जिस चावल का इस्तेमाल बहुतायत होता है वह चिपचिपे तरीके का होता है और उसे जापोनिका कहते हैं। देश में चावल का



उत्पादन जापान में खाद्य आपूर्ति के लिए काफी अहम है। चावल जापानी आहार का एक प्रमुख हिस्सा है। जापान में ज्यादातर लोग चावल को अपने दैनिक आहार में इस्तेमाल करते हैं। जापान दुनिया में चावल का नौवां सबसे बड़ा उत्पादक है। जापान में पहली बार चावल की खेती सहस्राब्दी ईसा पूर्व के दौरान कोरियाई किसान प्रवासियों द्वारा लाई गई थी। गीले खेत की चावल की खेती जापान में अंतिम जोमोन और प्रारंभिक यायोई काल के बीच शुरू की गई थी। ऐसा माना जाता है कि इसने द्वीपसमूह की कृषि क्रांति को इसके पहले गहन फसल उत्पादन के साथ शुरू किया। चावल जापानी इतिहास, समाज और राजनीतिक अर्थव्यवस्था में एक भावनात्मक स्थान रखता है। देश के ज्यादातर व्यंजन को चावल की मदद से ही बनाया जाता है।

### जापान में सुपरमार्केट में चावल की भारी कमी

समाचार एजेंसी एसोसिएट प्रेस के मुताबिक, जापान की सुपरमार्केट से चावल गायब हो रहा है। पिछले साल के मुकाबले इसकी कीमतों में भारी उछाल आया है और अब दोगुनी हो गयी है। जापान के कृषि मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, जापान कृषि सहकारी समितियों और अन्य वाणिज्यिक थोक विक्रेताओं के पास चावल का स्टॉक पिछले साल के स्तर से 400,000 टन कम है, जो जून तक रिकॉर्ड निम्नतम 1.53 मिलियन टन पर पहुंच गया है।

### क्यों हो रही चावल की किल्लत?

जापान में चावल की कीमत पिछले साल से चल रही है, जब भूकंप की आशंका से लोगों ने चावल की खरीददारी की और महीनों का स्टॉक जमा कर लिया। इसके अलावा पिछले साल नूडल्स की कीमत बढ़ने पर भी लोगों ने चावल को खरीददारी बढ़ा दी थी और चावल पर और ज्यादा आश्रित हो गए थे। इसके अलावा यूक्रेन-रूस जंग की वजह से गेहूं की कीमतों में उछाल आने पर भी सारा असर चावल पर पड़ा।

### कृषि मंत्री ने इस्तीफा क्यों दिया?

जापान के कृषि मंत्री ने बुधवार को इस्तीफा दे दिया, क्योंकि उनका एक बयान लोगों का रास नहीं आया। उन्होंने कहा था कि उन्हें कभी चावल खरीदने की दरकार नहीं हुई क्योंकि उनके समर्थक उन्हें गिफ्ट के तौर पर चावल दे देते हैं। इस बयान के बाद जापान में सियासी बवंडर खड़ा हो गया और अब एटो की जगह शिंजरो कोइजुमी ने लिया है।

12_16.12..2018 PAGE-04.qxd 23-05-2025 21:50 Page 1



# प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया जेल का निरीक्षण




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद** । राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार एवं झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के चेयरमैन वीरेंद्र कुमार तिवारी ने शुक्रवार को , मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला ,अवर न्यायायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार मयंक तुषार टोपनो, के साथ धनबाद मंडल कारा का औचक निरीक्षण किया । जेल में कुल 652 बंदी मिले जिसमे 68 दोषसिद्ध व 584 विचाराधीन बंदी मिले। जिसमें 27 महिला बंदी थे। न्यायाधीश ने कारागार के प्रत्येक बैरक में पहुंचकर बंदियों से उनके स्वास्थ्य, इलाज, पेयजल, नास्ता, भोजन व मुकदमे में पैरवी के लिए अधिवक्ता होने अथवा न होने की जानकारी ली। स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते हुए न्यायाधीश ने बंदियों के शौचालयों की साफ-सफाई का निर्देश दिया। कारागार अस्पताल में निरुद्ध बीमार बंदियों के बेहतर इलाज के लिए उन्हें उच्च स्वास्थ्य सेंटर भेजे जाने का निर्देश जेल डॉक्टर को दिया वही कल्याण परक, शिक्षापरक एवं रोजगारपरक शिविरों का आयोजन कराकर उन्हें प्रशिक्षित किए जाने का निर्देश प्रभारी जेलर को दिया गया । महिला बैरक में निरुद्ध कुल 27 महिला बंदियों से मुलाकात कर न्यायाधीश ने उनकी समस्याओं को सुना। निरीक्षण के दौरान जेलर को सेनेटरी पैड मशीन लगाने का निर्देश दिया , सभी बन्दियों का वर्तमान डेटा जेल के पैरा लीगल वालेंटियर के माध्यम से कम्प्यूटर पर फीड कराया जाए। वैसे बंदी जो कई मुकदमों में जेल में बंद है उनके साथ नए बंदियों को नहीं रखा जाए पढ़ाई करने की इच्छुक बंदियों को समुचित शिक्षा की व्यवस्था कराई जाए । जेल में स्कैनर का समुचित प्रयोग करने , वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बंदीयो को न्यायालय में पेश करने का निर्देश दिया गया इसके लिए हाईटेक आवश्यक उपकरणों को लगाने का निर्देश जेलर को दी गई । न्यायाधीश ने चिकित्सा सुविधाओं, पुस्तकालय, रसोई घर,वहां तैयार हो रहे भोजन ,व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र और ध्यान-सह-योग केंद्र में सुविधाओं का जायजा लिया। जेल मैनुअल के तहत मिलने वाली सारी सुविधाएं बंदीयों को उपलब्ध कराने का आदेश जेल प्रशासन को दिया और कहा कि इसमें किसी प्रकार की कोताही नहीं की जानी चाहिए।इस मौके पर रजिस्ट्रार सिविल कोर्ट आइ जेड खान ,जेल डॉ. राजीव कुमार सिंह भवन निर्माण विभाग के इंजीनियर,लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफ कुमार बिमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सुमन पाठक, नीरज गोयल, के. एल ठाकुर , मुस्कान, पारा लीगल वॉलंटियर विशाल कुमार सिंह ,डालसा सहायक अरुण कुमार, प्रभारी जेलर व अन्य विभागों के पदाधिकारी शामिल थे।

## किशोरी ने की आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो**। नाबालिग बालिकाओं के द्वारा आत्महत्या एक बड़ी समस्या और चिंता का विषय बनकर समाज के सामने खड़ा हो गया है। ताजा मामला चास थाना क्षेत्र के रामनगर कॉलोनी में सामने आया है। जहां 13 वर्षीय किशोरी ने घर के स्टोर रूम में दुपट्टे से झूलकर आत्महत्या कर ली।

परिवार वालों ने बताया कि घर में किसी तरह का विवाद नहीं था। कल रात को खाना खाने के बाद सभी लोग जब घर में सोए ।उसके बाद सुबह उठा तो देखा कि स्टोर रूम में गुड़िया कुमारी झूल रही है। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। चास पुलिस मौके पर पहुंचकर किशोरी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस को भी परिवार वालों ने आत्महत्या के कारण को लेकर किसी तरह की कोई बात नहीं बताई है ।किशोरी चास मिडिल स्कूल की छात्रा थी। घटना के बाद पूरे मोहल्ले में मातम का माहौल है। गुड़िया अपने मां और भाई के साथ घर में रहती थी।

# प्रशिक्षण में बताई गई बातों का आंगनबाड़ी केंद्रों में दिखे प्रतिबिंब : उपायुक्त



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो**। जिला परिषद सभागार में नव चयनित सेविका - सहायिकाओं का दो दिवसीय उन्मुखीकरण सह प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को संपन्न हो गया।उपायुक्त विजया जाधव ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सेविका - सहायिकाओं के मूल्यांकन कार्य में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली नावाडीह परियोजना की प्रीति कुमारी, दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली चंदनकियारी परियोजना की जयंती कुमारी एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली चास ग्रामीण परियोजना के आरती सिंह को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वहीं, सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र सौंपा।

मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत संबंधित परियोजनाओं की सीडीपीओ, महिला पर्यवेक्षिका आदि उपस्थित थे।

अपने संबोधन में उपायुक्त ने प्रशिक्षण सत्र में सक्रिय भागीदारी निभाने को लेकर सभी नव चयनित सेविका - सहायिकाओं को शुभकामनाएं दी। कहा कि प्रशिक्षण सत्र में जो बातें बताई - सिखाई गई हैं, उसका प्रतिबिंब संबंधित आंगनबाड़ी केंद्रों में दिखनी चाहिए, तभी इस आयोजन का उद्देश्य पूरा होगा। पूरे पोषक क्षेत्र को अपना परिवार मानते हुए अपने दायित्व का ईमानदारी से निर्वहन करना है। ससमय आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन करना है।

मौके पर उपायुक्त ने बाल विवाह मुक्त भारत का संकल्प दिलाया। उन्होंने बाल विवाह के खिलाफ उपस्थित सभी को शपथ दिलाई। कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई और अपराध है, जो बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और विकास में बाधा है, तथा उनके सपनों को साकार होने से रोकती है। इस बाबत उपायुक्त ने उन्हें शपथ भी दिलाई।

उधर, प्रशिक्षण सत्र में नव चयनित सेविका सहायिकाओं को मुख्य रूप से पोषण ट्रैकर, वीएचएसएनडी, टीएलएम, बीएलओ, पाठशाला पूर्व शिक्षा, सर्वाइकल केंसर के संबंध में जानकारी दी गई।

बसंत कुमार (पीरामल फाउंडेशन) एवं अस्मृत के द्वारा वीएचएसएनडी, टीकाकरण, पोषण ट्रैकर, अनेमिया का, डॉ. अनीता मुर्मू के दोवारा सर्वाइकल केंसर का, डीडीएम कंचन कुमारी द्वारा आभा आइडी का प्रशिक्षण दिया गया। वहीं, नीति आयोग की डेवल्पर पार्टनर श्रुति मिश्रा, बसंत कुमार व अमर कुमार द्वारा सेविका झ्र सहायिकाओं का प्री और पोस्ट मूल्यांकन करवाया गया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया।

# बीएसएल के इस्पात भवन में मॉक ड्रिल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो**। बीएसएल के इस्पात भवन में आपातकालीन स्थिति में लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने पर एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान निदेशक प्रभारी बी के तिवारी, अधिशासी निदेशक एवं सुरक्षा अभियंत्रण विभाग के वरीय अधिकारी भी उपस्थित थे। मॉक ड्रिल में सबसे पहले सायरन बजा कर सभी को बाहर सुरक्षित स्थान पर निकलने हेतु अलर्ट किया गया।

वैसे लोग जो बिल्डिंग में ऊपर के तल पर थे, उन्हें सीआईएसएफ फायर विंग की टीम ने सुरक्षित बाहर निकालने के लिए एरियल हाइड्रोलिक रेस्क्यू प्लेटफार्म का इस्तेमाल किया। ड्रिल में सभी को आपातकालीन स्थिति में क्या सावधानियाँ बरतनी है, उसके विषय में बताया गया।

निदेशक प्रभारी बी के तिवारी ने मॉक ड्रिल की अहमियत को रेखांकित करते हुए आपात स्थिति से निपटने के लिए इसे आवश्यक बताया।

मॉक ड्रिल का आयोजन मुख्य महाप्रबंधक बी के सरतपे के दिशा-निर्देश में सम्पन्न हुआ।

आयोजन में सीआई एसएफ फायर विंग, बीएसएल सुरक्षा अभियंत्रण विभाग, बीजीएच, संपर्क एवं प्रशासन विभाग इत्यादि का अहम योगदान रहा। ड्रिल का संचालन सहायक महाप्रबंधक कुमार रजनीश ने किया।

# डीवीसी के उदासीन रवैया से सरकार की योजनाएं हो रही बाधित




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद**। नगर विकास विभाग एवं पेयजल आपूर्ति योजना के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने में दामोदर वैली कॉरपोरेशन के उदासीन रवैया के कारण राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाएं बाधित हो रही है। इसको लेकर शुक्रवार को उप विकास आयुक्त सादात अनवर एवं नगर आयुक्त रवि राज शर्मा ने डीवीसी तथा झारखंड अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड (जुडको) के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर योजनाओं में हो रहे विलंब की समीक्षा की।

बैठक में जुडको के पदाधिकारियों ने बताया कि नगर विकास विभाग की निरसा - गोविंदपुर ग्रामीण जलापूर्ति सहित तीन योजना के लिए डीवीसी से अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं मिलने से योजना में प्रगति नहीं हो रही है। साथ ही पीएचईडी 1 की योजना के लिए भी डीवीसी द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत नहीं किया जा रहा है। जुडको के पदाधिकारियों ने बताया कि सड़क उपयोग, संशोधित इंटेक वेल स्थान, सॉईल टेस्टिंग तथा पाइपलाइन बिछाने के लिए डीवीसी से एनओसी नहीं मिला है। जबकि कंपनी ने वाटर चार्ज के एवज में डीवीसी को 3 महीने का अग्रिम भुगतान 8 जून 2024 को किया है। इंटेक वेल के लिए पूर्व में चयनित स्थान पर सॉइल टेस्टिंग भी किया गया। परंतु डीवीसी ने 28 दिसंबर 2024 को स्थल परिवर्तन करने का अनुरोध किया। नए स्थल के लिए एनओसी जारी करने के लिए सभी आवश्यक दस्तावेज डीवीसी को जमा कर दिए। अब नए स्थल पर सॉइल टेस्टिंग के लिए अनुमति नहीं दे रहे हैं। यदि अनुमति मिल जाए तो मानसून से पहले सॉइल टेस्टिंग पूरा कर लिया जाएगा। डीवीसी के उदासीन रवैया पर नाराजगी प्रकट करते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि राज्य सरकार की महत्वपूर्ण परियोजना के समय पर कार्यान्वयन के लिए संरचना का निर्माण महत्वपूर्ण है। इसका उद्देश्य धनबाद के निवासियों को पीने के पानी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि डीवीसी द्वारा एनओसी जारी करने में अनावश्यक बाधा उत्पन्न करने के कारण जिले की बड़ी आबादी योजना से लाभान्वित नहीं हो रही है। बैठक में डीवीसी के जीएम (सिविल) आरके सिन्हा के अलावा जुडको के पदाधिकारी मौजूद थे।

## पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो**। स्वर्गीय ऋषिकेश नारायण सिंह की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर आज शिवम शिल्प कला केंद्र द्वारा फुसरो, बेरमो में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन को ह्यूमैनिटी सेवियर्स के सहयोग से संपन्न किया गया।

हरबंश सिंह सलूजा ने बताया कि यह शिविर मुख्य रूप से थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए आयोजित किया गया, जिसमें समाज के युवा वर्ग के रक्तदाताओं , मुख्य रूप से महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिसमें कुल 35 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदान - महादान की भावना से प्रेरित यह शिविर समाज के लिए एक प्रेरणास्रोत सिद्ध हुआ।

शिवम शिल्प कला केंद्र की अध्यक्षा मधु सिंह ने कहा रक्तदान ही एक ऐसा दान है जिससे रक्त मिलने वालों को तो जीवन दान मिलता ही है, साथ ही रक्त दान करने वालों को भी कई तरह के फायदे होते हैं।

कार्यक्रम में पटना से युवा डोनर स्निग्धा साक्षी और प्रगति एवं दिल्ली से आई आशिका युवरानी ने भी रक्तदान कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# तम्बाकू दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम 26 से

### रैली, शपथ कार्यक्रम एवं हस्ताक्षर अभियान होगा शामिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो**। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर आगामी 26 मई से 26 जून तक सभी संस्थानो में तम्बाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें रैली, बैठक, शपथ कार्यक्रम एवं हस्ताक्षर अभियान आदि शामिल है। इसी क्रम में आज शहरी स्वास्थ्य केन्द्र के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में बैठक की गई।

बैठक के दौरान नोडल पदाधिकारी एनयूएचएम बोकारो डॉ सेलिना टूडू द्वारा बताया गया कि बोकारो जिला के सभी 40 शहरी स्वास्थ्य संस्थानों में तम्बाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, जिसका मुख्य उद्देश्य तम्बाकू का सेवन करने वाले लोगों को तम्बाकू छोड़ने हेतु तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र सदर अस्पतला के 13 नं0 ओपीडी से जोड़ना है।

वहीं जिला परामर्शी मो0 असलम द्वारा सभी को बताया गया कि यदि कोई व्यक्ति तम्बाकू छोड़ने के उपाय की जानकारी लेना चाहता है तो टॉल फ्री नंबर 1800-11-2356 पर सम्पर्क कर जानकारी ले सकता है। साथ ही प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी चास एवं बेरमो को आग्रह किया गया कि थाना प्रभारी चास एवं बेरमो से समन्वय स्थापित कर कोटपा-2003 की विभिन्न धाराओं के अनुपालन हेतु उल्लंघन कर्ता का चालान करना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी चास डा0 अनिल कुमार, महामारी विशेषज्ञ बोकारो पवन कुमार श्रीवास्तव, जिला डाटा प्रबंधक कंचन, विश्वरंजन जिला अर्बन प्लानिंग मैनेजर, सीसीपीएम सैफुल्लाह अंसारी एवं शब्बीर अनवर के साथ अन्य कर्मी उपिस्थत थे।

# कॉलोनी से आवारा कुत्ता को हटवाने वालों से भिड़े डॉग लवर

### मामला पहुंचा उपायुक्त के पास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो**। बोकारो के मालती सिटी में स्ट्रीट डॉग को लेकर हंगामा हो गया। गिरिडीह नगर निगम से आई कुत्ता पकड़ने की टीम को डॉग लवर परिवार ने रोक दिया। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाने बुझाने का काम किया लेकिन आखिरकार लोग डीसी के पास शिकायत लेकर पहुंच गए। डीसी के हस्तक्षेप के बाद कुत्तों को पड़कर गिरिडीह नगर निगम के द्वारा ले जाया गया।

चास मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पाश इलाके मालती लक्सरिया सिटी में आवारा कुत्तों को लेकर भारी हंगामा हुआ। गिरिडीह नगर निगम की कुत्ता पकड़ने वाली टीम जब सोसाइटी पहुंची, तो साकेत सिंह और भारती नामक महिला ने विरोध शुरू कर दिया। महिला कुत्ता पकड़ने वाली गाड़ी के सामने खड़ी हो गई और कुत्तों को स्बेगुनाहस्र बताते हुए उन्हें बाहर ले जाने से रोकने लगी। हंगामा बढ़ता देख चास मुफ्फसिल थाना समेत कई थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और हस्तक्षेप कर स्थिति को नियंत्रित किया। इसके बाद इस सोसाइटी में रहने वाले 400 से अधिक परिवार वालों ने डीसी बोकारो से मुलाकात कर इसके निदान के लिए आग्रह किया।इसके बाद नगर निगम की टीम करीब एक दर्जन कुत्तों को पकड़ने में सफल रही। यहां रहने वाली महिलाएं और बच्चे स्ट्रीट डॉग से भयभीत नजर आए इनका कहना था कि अगर सुबह कोई मॉर्निंग वॉक में निकलता है तो यह कुत्ते उन्हें मॉर्निंग रनिंग और जॉगिंग कर देते हैं। यह आवारा कुत्ते घर के बाहर रखे सामानों को भी नष्ट कर गंदा करने का काम करते हैं। लोगों का कहना है कि अगर किसी को कुत्ता रखने का शौक है तो अपने घर में रखें बाहर आवारा कुत्तों को वीआईपी ट्रीटमेंट देने की कोई जरूरत नहीं है। वही पेट लवर भारती का कहना है कि कुत्तों को भी यहां रहने का अधिकार है। अगर कोई कुत्ता पागल है तो उसे पकड़ कर ले जाए कोई परेशानी नहीं है। लेकिन सभी को पागल कहना गलत है। उनका कहना है कि कुत्ते हैं तो सोसाइटी वालों को उनका वैक्सीनेशन करना चाहिए। कुत्ते लोगों को तभी काटते हैं जब उन्हें छेड़ने का काम किया जाता है ।हमारा विरोध इसी पर है।

चास मुफस्सिल थाना प्रभारी प्रकाश मंडल का कहना है कि स्ट्रीट डॉग को रखने का विवाद यहां हुआ है लोगों को समझाने बुझाने का काम किया गया है।

## अखंड श्रीहरि कीर्तन संपन्न

**कसमार**। कसमार प्रखंड के खैराचातर मेन रोड स्थित श्रीहरि मंदिर में अखंड श्रीहरि कीर्तन आज संपन्न हुआ. इस दौरान पूरा पंचायत क्षेत्र भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पंचायत के मुखिया विजय कुमार जायसवाल ने बताया कि प्रत्येक वर्ष क्षेत्र में हरि कीर्तन का आयोजन किया जाता है। इस दौरान ग्रामीण श्रद्धालु भक्ति रस में लीन हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि कीर्तन करने वालों में पश्चिम बंगाल के मुरलीधर गोस्वामी पैदाडीह, मंटू महतो हरटांग, नित्यानंद दास रानीचिड़का, पशुपति सिंह बांसगढ़ एवं जामुदाग का कीर्तन दल शामिल रहा। पहले दिन कीर्तन दल ने स्थानीय ग्रामीणों के साथ गांव का भ्रमण किया। मुखिया ने बताया आज कीर्तन का समापन हो गया। मौके पर कुमार गौरव, अजय भारती, संजय जायसवाल, महेंद्र कुमार जायसवाल, निशांत कुमार, दीपक जायसवाल, कृष्ण जायसवाल , केशव प्रसाद जायसवाल नीतीश कुमार, विजय जायसवाल, प्रकाश रंजन, श्याम प्रकाश जायसवाल, आदि उपस्थित थे।

# 31 मई तक जून-जुलाई का खाद्यान्न डीलरों को उपलब्ध कराएं : उपायुक्त




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो**। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव ने शुक्रवार को जिला आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक की। मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खलखो, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो. शफीक आलम आदि उपस्थित थे।

उपायुक्त ने आगामी जून माह में जून, जुलाई और अगस्त माह के खाद्यान्न वितरण के लक्ष्य को लेकर अब तक की कार्रवाई की जानकारी ली। अब तक लक्ष्य अनुरूप जविप्र दुकानदारों के बीच खाद्यान्न वितरण के संबंध में डीएसओ से पूछा, जिस पर डीएसओ ने वाहनों की संख्या पर्याप्त नहीं होने पर आपूर्ति संतोषजनक नहीं है। इस पर नाराजगी जताते हुए डीएसडी ट्रांसपोर्टरों को खाद्यान्न आपूर्ति के लिए वाहनों की संख्या बढ़ाने। वहीं, मजदूरों की संख्या बढ़ाने का निर्देश एजीएम को दिया। इस बाबत बैठक में उपस्थित सीओ सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी/एमओ, सहायक गोदाम प्रबंधक को जरूरी दिशा - निर्देश दिया।

उपायुक्त ने जून माह में विभाग द्वारा 01 से 15 जून तक जून व जुलाई माह का खाद्यान्न वितरण एवं 16 जून से 30 जून तक अगस्त माह के खाद्यान्न वितरण का व्यापक प्रचार झ्र प्रसार करने को कहा। उन्होंने ग्राम सभा आयोजित कर पंचायतों के मुखिया/पंचायत प्रतिनिधि/ ग्रामीणों को इसकी जानकारी देने को कहा। साथ ही, मई माह का खाद्यान्न का उठाव जल्द लाभुक करें, ताकि खाद्यान्न भंडारण में किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हो। इस पर जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने बताया कि कल पूरे जिले में ग्राम सभा का आयोजन किया गया है। समीक्षा क्रम में राशन ई-केवाईसी की जानकारी ली। डीएसओ ने बताया कि 83 फीसदी ई-केवाईसी हुआ है, इसे पूरा करने का निर्देश दिया। वहीं, 12 माह से ज्यादा खाद्यान्न उठाव नहीं करने वाले राशन कार्ड धारियों को चिन्हित करते हुए ग्राम सभा कर नाम विलोपित करने को कहा, ताकि जरूरतमंद लोगों को राशन कार्ड जारी किया जा सकें। वहीं, गोदाम में बारिश को देखते हुए खाद्यान्न को सुरक्षित रखने की बात कहीं।

उपायुक्त ने जिले में संचालित मुख्यमंत्री दाल भात केंद्र का औचक निरीक्षक करने का निर्देश दिया। भोजन की गुणवत्ता एवं खाने वाले लोगों की संख्या का सत्यापन करने को कहा। इसके अलावा उपायुक्त ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना, ग्रीन राशन कार्ड योजना, चना दाल वितरण योजना आदि की समीक्षा कर जरूरी दिशा झ्र निर्देश दिया।

मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सह एमओ, एजीएम, डीएसडी ट्रांसपोर्टर आदि उपस्थित थे।

# सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से बदल रहा है किसानों का जीवन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो**। जन कल्याणकारी सरकार अपनी जनता के सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध होती है। समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति को समाज के मुख्य धारा से जोड़ना प्राथमिकता होती है। उन्हे सामाजिक आर्थिक रूप से सशक्त बनाना सरकार की प्राथमिकताओं में सर्वोच्च होती है। अमीर-गरीब की खाई को कम करके ही सरकार एक सशक्त समाज का निर्माण कर सकती है। इसी मनोभाव से सरकार विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का संचालन करती है।

कृषि विभाग के लिए भी अनेकों जन कल्याणकारी योजनाएं सरकार की ओर से संचालित की जाती हैं। इनमें कृषि सिंचाई योजना, झारखंड कृषि ऋण माफी योजना, सोयॉल हेल्थ कार्ड योजना, किसान समृद्धि योजना, कृषि क्लिनिक योजना, आत्मा योजना, आदि संचालित की जाती हैं। इन योजनाओं से लाभूकों के जीवन में आमूल चूल परिवर्तन होते हैं जिससे उनका जीवन बड़े ही सकारात्मकता से बदलती है। वे न केवल आर्थिक रूप से बल्कि सामाजिक रूप से भी सशक्त होते हैं। जन कल्याणकारी योजनाओं के सफलता के अनेकों कहानियां हैं। उन्ही में से एक सफलता की कहानी कृषक बासुदेव महतो, ग्राम-धधकीडीह, पंचायत-पिछड़ी, प्रखंड- पेटरवार, जिला-बोकारो की है।

बासुदेव महतो एक प्रगतिशील किसान है, जिन्होने अपना जीवन पुरी तरह से सब्जी एवं अनाज की खेती खेती को समर्पित कर दिया है। बचपन से ही उन्हें अपने पालन पोषण के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ा। जीविकोपार्जन हेतु उन्होने खेती छोड़कर बाहर नौकरी की तलाश की किन्तु संतोषजनक आय न होने के कारण उन्हें नौकरी बीच में ही छोड़नी पड़ी।

वर्ष 2020 से उन्होने सब्जियों की खरीद बिक्री का कार्य शुरू किया। परिवार के भरण-पोषण हेतु पर्याप्त न होने के कारण उन्हे केवल खरीदारी तक स्वयं को सिमित नही रखा बल्कि प्रखंड पेटरवार के पिछड़ी गांव में दो एकड़ भूमि लीज पर लेकर सब्जि की खेती प्रारंभ की क्योकि उनके पास स्वयं की भूमि नहीं थी। कठिन परिश्रम के साथ उन्होंने सब्जी उत्पादन किया और उससे प्रारंभिक आय प्राप्त की। आय में वृद्धि की आवश्यकता को देखते हुए उन्होंने आस-पास के गांवों में लगभग 05 एकड़ भूमि पर सब्जी एवं अनाज की खेती का विस्तार किया। समर्पण और परिश्रम के बल पर उन्होने खेती से अच्छी आय अर्जित की और अपने जीवन स्तर में सूधार किया।

वर्ष 2024 में वे जिला कृषि कार्यालय एवं आत्मा बोकारो के सम्पर्क में आए। कृषि विभाग के अधिकारियों के द्वारा उन्हे किसान समृद्धि योजना के अंतर्गत स्वचालित सौर उर्जा आधारित सिंचाई इकाई का लाभ दिलाया गया तथा टमाटर, भिंडी, फूल गोभी, बैगन, आलू, प्याज, मिर्चा, लौकी, करेला, सिमला मिर्च जैसे विभिन्न संब्जियों एवं धान, गेहुँ जैसी अनाज फसलों के वैज्ञानिक उत्पादन का मार्ग दर्शन प्रदान किया गया। पूर्व में वर्षा पर अधारित खेती के कारण उन्हें हमेशा नुकसान उठाना पड़ता था और कई बार जीविकोपार्जन हेतु कर्ज भी लेना पड़ता था। परन्तु सोलर सिंचाई ईकाइ मिलने के पश्चात अब पुरे वर्ष भर खेती कर पाने में सक्षम है और खेती कर स्थायी आमदनी अर्जित कर रहे हैं। इसी बीच कृषि विभाग एवं आत्मा योजना से प्रेरित होकर उन्होंने नवीनतम तकनीकों से संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त किया। उन्होने आधुनिक सब्जी उत्पादन के नवाचारों को अपनाया और न्यूनतम तकनीकी मागदर्शन से अपनी पांच एकड़ भूमि पर सब्जी एवं अनाज की भरपूर खेती शुरू की। आज वे प्रतिवर्ष लगभग 05 से 07 लाख रुपए की आय अर्जित कर रहे हैं।

वर्तमान में वासुदेव महतो एक सफल सब्जी उत्पादक ही नही, बल्कि एक प्रेरणादायक कृषि उद्यमी के रूप में उभरकर सामने आएं हैं।

# भाजपाइयों ने फूंका हेमंत सरकार का पुतला



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो**। बोकारो एयरपोर्ट बनकर तैयार होने के बाद भी राज्य सरकार के द्वारा इसे शुरू नहीं किए जाने के खिलाफ भाजपा बोकारो जिला के द्वारा आज नया मोड़ में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। इस दौरान भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हेमंत सोरेन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

विदित हो कि बीते कल झारखंड मुक्ति मोर्चा के द्वारा धनबाद के भाजपा सांसद को बोकारो विरोधी बताकर पुतला दहन गया था। इसका कारण धनबाद के सांसद के द्वारा धनबाद में हवाई अड्डा निर्माण को लेकर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री को मांग पत्र देना था।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि झारखंड सरकार बोकारो हवाई अड्डे को शुरू नहीं कर रही है। केंद्र सरकार द्वारा इसके निर्माण में राशि दे दी गई है। राज्य सरकार के द्वारा फायर ब्रिगेड की गाड़ी एंबुलेंस, सातनपुर पहाड़ में लाइट और बुचड़ खानों को हटाना है। लेकिन सरकार के द्वारा यह कार्य नहीं किया जा रहा है। इसको लेकर आज पुतला दहन किया गया है। पुतला दहन कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह, संजय त्यागी, मुकेश राय सहित दर्जनों भाजपाई शामिल थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी.कॉर्प.लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार),
स्थानीय संपादक: मनोज विशाल
फोन नंबर: 9431145865, 8210783623,
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या: JHAHIN/2017/72655,
Email : bokaronbt@gmail.com